जबलपुर
सोमवार, 5 मई 2025
■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-9
■ वर्ष : 20, अंक : 5
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 38
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

साक्षी बने श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट



25 लाख श्रद्धालुओं ने कराया चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के प्रमुख चारधामों में से एक बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार को विधिवत रूप से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। जैसे ही कपाट खुले तो मंदिर परिसर 'जय बद्री विशाल' के जयकारों से गूंज उठा और सेना के बैंड की मधुर धुनों ने इस पावन अवसर को और भी भव्य बना दिया। कपाट खोलने से पहले सुबह 4 बजे मंदिर समिति के अधिकारियों, कर्मचारियों ने मंदिर परिक्रमा में हिस्सा लिया और 4 बजकर 30 मिनट पर श्री कुबेर जी ने दक्षिण द्वार से मंदिर परिक्रमा में प्रवेश किया।

### पुष्कर सिंह धामी ने की पूजा-अर्चना

इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा धाम भक्तिमय हो गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान बद्रीनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं से बातचीत की। यहां भारतीय सेना की गढ़वाल राइफल्स के एक बैंड द्वारा भक्ति धुनें बजाई।

पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोपीय देशों को सुनाई खरी-खरी

# हिंदुस्तान को नहीं चाहिए ज्ञान देने वाले, हमें सहयोगियों की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव का माहौल है। दोनों देश युद्ध की कगार पर आ खड़े हुए हैं। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोप समेत पूरी दुनिया को एक सीधा और साफ संदेश दिया है। विदेश मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत सहयोगियों की तलाश में है। हमें सहयोगी चाहिए केवल उपदेश देने वाले लोग नहीं चाहिए। उन्होंने कहा ऐसे लोगों की कोई आवश्यकता नहीं है जिनके कहने और करने में फर्क हो।

*भारत भागीदारों की तलाश कर रहा है, न कि ऐसे उपदेशकों की जो अपने देश में उन्हीं सिद्धांतों का पालन नहीं करते।*



### भारत और रूस के संबंधों पर क्या बोले विदेश मंत्री?

*उधर, भारत और रूस के संबंधों के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संसाधन प्रदाता और संसाधन उपभोक्ता के रूप में महत्वपूर्ण तालमेल और पूरकता है। जहां तक रूस का सवाल है, हमने हमेशा यह दृष्टिकोण अपनाया है कि एक रूसी यथार्थवाद है जिसकी हमने वकालत की है।*

### ग्लोबल राजनीति में भारत की भूमिका?

जयशंकर ने वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका का भी जिक्र किया और कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में होने वाली कोई भी महत्वपूर्ण घटना देश के लिए मायने रखती है। इससे यूरोप पर बदलाव का दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मल्टीपोलरिटी की वास्तविकताएं सामने आ रही हैं। मुझे लगता है कि यह अभी भी पूरी तरह से समायोजित और आत्मसात नहीं हुआ है। अमेरिका ने नाटकीय रूप से अपने रुख में बदलाव किया है। चीन वही कर रहा है जो वह कर रहा था। कॉन्फ्रेंस में भारत की भूमिका विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की भागीदारी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि देश चार दशकों से अधिक समय से अंटार्कटिका में सक्रिय है और हाल ही में एक समर्पित नीति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से आर्कटिक में अपनी भागीदारी को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि अंटार्कटिका के साथ हमारी भागीदारी पहले से भी अधिक थी, जो अब 40 वर्षों से अधिक हो गई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
हैदराबाद दिल्ली
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### पत्नी की हत्या के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार



**डिंडोरी।** डिंडोरी में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष और उप सरपंच दशरथ राठौर की पत्नी संगीता का शव फंदे पर लटका मिला। संगीता के परिजनों ने कि दामाद 5 लाख रुपए की डिमांड कर रहा था और बेटी से मारपीट करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### भूकंपः अलीराजपुर में 3.5 तीव्रता का झटका



**भोपाल।** मौसम केंद्र के अनुसार रविवार शाम 5:10 बजे अलीराजपुर में रेक्टर स्केल पर 3.5 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र उत्तर, पूर्व दिशा में 10 किमी की गहराई पर रहा है। सोंडवा, अलीराजपुर, डही, पाटी और पांढुर्ना में भी कंपन महसूस हुआ।

### छात्रों का जनेऊ उतारा ब्राह्मणों का प्रदर्शन



**कलबुर्गी।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में नीट के एक परीक्षा केंद्र के समक्ष ब्राह्मण समुदाय के सदस्यों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया और समुदाय के कुछ छात्रों को 'जनेऊ' उतारने के लिए कहने वालों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत उठा रहा है ताबड़तोड़ कदम

# पाक पर शिकंजा, चिनाब का पानी रोका हर 6 मिनट में चलेगी एक मिलिट्री ट्रेन

*एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने पीएम मोदी से की मुलाकात*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ चौतरफा शिकंजा कस रहा है। पहले सिंधु जल समझौते को सस्पेंड किया, इसके बाद रविवार को बड़ा एक्शन लेते हुए भारत ने बगलिहार बांध के जरिए चिनाब नदी का पानी रोक दिया।

इसी तरह झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की तैयारी चल रही है। एक सूत्र ने बताया कि जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है। चिनाब का पानी रोकने से पाकिस्तान और अधिक मुसीबतें बढ़ जाएंगी।

*पाकिस्तान का समर्थन करने वाले 39 लोगों को असम से गिरफ्तार किया*



### 50 किमी की ऊंचाई से निगरानी करने वाले सिस्टम का परीक्षण सफल

डीआरडीओ ने मध्य प्रदेश के श्योपुर ट्रायल साइट से स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म की पहली उड़ान की सफल टेस्टिंग की। इसे 17 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया। स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पृथ्वी की सतह से लगभग 20 से 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित वायुमंडलीय परत स्ट्रैटोस्फियर में काम करती है।

### इमरान और बिलावल का एक्स अकाउंट बैन

भारत में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो का एक्स अकाउंट बैन कर दिया गया है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत विरोधी गतिविधियों और बयानों को देखते हुए की गई है।

राजनाथ की पाक को चेतावनी

### देश जैसा चाहता है, पीएम मोदी उसी भाषा में देंगे जवाब



पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्से का माहौल बना हुआ है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दिल्ली में संस्कृति जागरण महोत्सव में पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी।

### भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ उठाए 5 बड़े कदम

- भारत ने चिनाब नदी का पानी रोका
- इमरान,बिलावल,फवाद सहित 13 हस्तियों के एकाउंट बंद किए
- डीआरडीओ ने स्टैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेट फार्म का परीक्षण किया
- प्रधानमंत्री मोदी और एयरचीफ मार्शल की 40 मिनट हुई गुफ्तगू
- यात्री ट्रेनों की टाइमिंग को री-शेड्यूल या रद्द करने का ब्लू प्रिंट तैयार

जम्मू-कश्मीर के रामबन में दर्दनाक हादसा

# सेना का वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिरा, तीन जवान शहीद



एजेंसी ▶▶ रामबन/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक फिसलकर करीब 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11:30 बजे हुआ। सेना का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के तुरंत बाद, एसडीआरएफ, पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया।

■ हादसे में शहीद हुए सैनिकों की पहचान हुई

### बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुईः सिंह



एसएसपी रामबन कुलबीर सिंह ने कहा कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। सेना के एक वाहन का चालक, जो काफिले का हिस्सा था, वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन खाई में लुढ़क गया। वाहन में तीन लोग सवार थे। दुर्भाग्य से, तीनों की मौत हो गई। पुलिस दल, क्यूआरटी, सेना, सीआरपीएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और ऑपरेशन को अंजाम दे रही हैं। हम शवों को निकालने और उन्हें ऊपर लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### आर्मी कैंप में आग, जवानों ने संभाला मोर्चा

उधर, दूसरी घटना लद्दाख के लेह में हुई। जहां रविवार को एक आर्मी कैंप में आग लग गई, जिसके तत्काल बाद भारतीय सेना के जवानों ने आग पर काबू पा लिया। यह मामला लेह के डिग्री कॉलेज के पास मौजूद आर्मी कैंप का बताया जा रहा है। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आर्मी कैंप में धधक रही आग पर सेना के जवानों ने काबू पाया। हालांकि, दमकल विभाग की एक गाड़ी भी मौके पर पहुंची। एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें जवान सेना के एक टैंकर में चढ़कर पानी निकाल रहे हैं और आग पर पानी छिड़क रहे हैं।

14 जून को जारी होगा रिजल्ट

## सुरक्षा के बीच देश के 552 शहरों में हुई नीट परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

रविवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। देशभर के 552 शहरों के करीब पांच हजार केंद्रों एवं 14 विदेशी सेंटर्स पर करवाया गया है। परीक्षा संपन्न होने के बाद अब एनटीए की ओर से कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा और इसके बाद 23 लाख से अधिक स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी किया जाएगा। ब्रोशर में दी गई डिटेल के मुताबिक रिजल्ट 14 जून 2025 को घोषित किया जाएगा। भोपाल में दोपहर 2 बजे से शुरू हुई परीक्षा शाम 5 बजे तक चली। हालांकि सुबह 11 बजे से ही छात्रों का सेंटरों पर पहुंचना शुरू हो गया था।



■ भोपाल के 35 सेंटर में 14 हजार छात्रों ने दी परीक्षा

मंदसौर में एंबुलेंस चालक की क्रूरता

## चलती एंबुलेंस से फेंक दिया, बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

108 एंबुलेंस जीवन रक्षक मानी जाती है। लेकिन मंदसौर जिले के शामगढ़ में इसके ठीक उलट एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार रात करीब 8:30 बजे एक घायल युवक को तेज रफ्तार एंबुलेंस से सड़क पर फेंक दिया गया, जिससे उसकी इलाज के अभाव में मौत हो गई। यह पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, नारायणसिंह (50 वर्ष), निवासी आकली दीवान, जो गांव के सरपंच के भांजे बताए जा रहे हैं, किसी कार्य से जा रहे थे।



■ सीसीटीवी में कैद हुई सनसनीखेज घटना

भैंस से बचने कार दूसरे लेन में घुसी

## दो कारों की भिड़ंत में मासूम सहित 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

यहां सड़क हादसे में पिता और दो साल के बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। 3 गंभीर रूप से घायल हैं। दो घायलों को ग्वालियर मेडिकल कॉलेज जबकि एक को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बड़ामलहरा थाना इलाके में राजा ढाबा के पास शनिवार रात करीब 10 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 10 बजे सड़क पर मरी पड़ी भैंस से बचने के लिए एक कार दूसरे लेन में घुस गई। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी कार उससे टकरा गई। सभी घायलों की स्थिति गंभीर है।



■ मृतकों में 2 साल का बेटा और पिता शामिल




## प्रदेश में आंधी- बारिश के साथ अभी तीन दिन ऐसा रहेगा मौसम

महाकोशल में भी जारी रहेगा मौसम में बदलाव

# छह जिलों में गिरे ओले, एक घंटे में 4 डिग्री गिरा पारा

आज भी आधा दर्जन से अधिक जिलों में आंधी, बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट

**हरिभूमि न्यूज:भोपाल।** छह जिलों में रविवार को आंधी के साथ बारिश और ओले गिरे। दोपहर बाद बदले मौसम के मिजाज से शहर में गर्मी से काफी राहत रही, जबकि प्रदेश में कुछ जगह गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की सूचना है। छिंदवाड़ा हरदा में आंधी- बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, दो दर्जन से अधिक जिलों में गरज चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं का असर रहा। सिवनी, हरदा में ओले के साथ 50 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। नर्मदापुरम, सागर, दमोह, पांढुर्ना, मंडला, डिंडोरी और सिंगरौली में भी बिजली के साथ तेज हवाओं और बौछारों का दौर चला। मौसम केंद्र के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा। अभी 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन के अलावा दो ट्रफ लाइन भी बनी हुई हैं। इससे मौसम बदला हुआ है। अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम में बदलाव जारी रहेगा।



### अभी यह सिस्टम सक्रिय

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य पाकिस्तान से पंजाब से सटे उत्तर पश्चिमी राजस्थान में है, जो एक सर्कुलेशन के रूप में सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन दक्षिणी उत्तर प्रदेश और आसपास और एक सर्कुलेशन उत्तरी मराठवाड़ा और आसपास सक्रिय है। यहां से एक ट्रफ दक्षिणी उत्तर प्रदेश के मध्य से होती हुई मध्य प्रदेश, मराठवाड़ा, कर्नाटक होते हुए दक्षिणी तमिलनाडु तक बनी हुई है। इन प्रमुख कारणों से अभी प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा।

### आज यहां ओले बारिश का अलर्ट



*सोमवार तक शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा जिलों में कहीं कहीं आंधी के साथ बारिश होगी और ओले गिरेंगे। इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, अशोकनगर जिलों में भी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों में आंधी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।*

चुनाव आयोग ने उठाया बड़ा कदम

# अब ईसीआई एप पर होंगी चुनाव से जुड़ी सभी सुविधाएं

## मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए किया अहम बदलाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ऑफ इंडिया अब देशभर के करोड़ों मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा डिजिटल बदलाव कर रहा है। आयोग जल्द ही ईसीआईनेट नाम से एक सिंगल-प्लेटफॉर्म एप लॉन्च करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह एप चुनाव आयोग की 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एकीकृत कर देगा। एप को खासतौर पर बेहतर यूज़र इंटरफेस और सरल यूजर एक्सपीरियंस (के साथ तैयार किया जा रहा है, जिससे मतदाता और अधिकारी बिना किसी झंझट के चुनाव से जुड़ी हर जानकारी तक पहुंच सकें। अब अलग-अलग एप्स डाउनलोड करने और पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी।



**40 से ज्यादा मौजूदा एप्स को खत्म**



- इसकी कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने थी
- यह भी स्पष्ट किया स्टैच्युटरी फॉर्म्स में भरी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी

### मोबाइल या डेस्कटॉप पर मिलेगी पूरी जानकारी

इस आधुनिक प्लेटफॉर्म की कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मार्च में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में की थी, जिसमें चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद थे। नेट के जरिए उपयोगकर्ता अब अपने मोबाइल या डेस्कटॉप से ही जरूरी चुनावी जानकारी तक पहुंच पाएंगे। खास बात यह है कि इस एप पर अपलोड की जाने वाली सभी जानकारियां केवल अधिकृत चुनाव अधिकारी ही दर्ज करेंगे, जिससे डेटा की सटीकता बनी रहेगी। हालांकि,विवाद की स्थिति में स्टैच्युटरी फॉर्म्स में भरी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी।

**ये एप्स होंगे शामिल**

इस नई पहल के तहत चुनाव आयोग वोटर हेल्पलाइन एप ,वोटरटर्नआउट एप, सी विजिल, सुविधा 2.0,ईएसएमएस, सैकशाम और केवाईसी एप जैसे पॉपुलर एप्स को भी ईसीआई नेट में मर्ज कर देगा। इन एप्स को अब तक 5.5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है।

### 100 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को होगा इससे फायदा

इस नेट से न केवल 100 करोड़ से अधिक मतदाताओं को सुविधा होगी, बल्कि देशभर के 10.5 लाख बूथ लेवल अफसर, 15 लाख राजनीतिक एजेंट्स, 45 लाख से ज्यादा पोलिंग अधिकारी, 15,597 असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 4,123 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अफसर और 767 जिला चुनाव अधिकारी भी इससे जुड़ेंगे। इसका डेवलपमेंट अब एडवांस स्टेज में पहुंच चुका है और इसकी कार्यक्षमता, उपयोग में सरलता और साइबर सुरक्षा को लेकर कड़े ट्रायल्स किए जा रहे हैं। इसे 36 राज्यों के सीईओ, 767 डीईओ और 4,123 ईआरओ की सलाह-मशविरे के बाद विकसित किया जा रहा है। आयोग ने इसके लिए 9,000 पेजों वाले 76 से ज्यादा दस्तावेजों, नियमों और गाइडलाइंस की समीक्षा की है।

### यह पूरी तरह से कानूनी दायरे में होगा

ईसीआई नेट एप के जरिए दी जाने वाली सभी सेवाएं और डेटा चुनाव आयोग द्वारा तय जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, निर्वाचन नियम 1960, और चुनाव प्रक्रिया नियम 1961 के अंतर्गत ही संचालित होंगे।

---

## खबर संक्षेप

### विधायक पटेल 40 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बांसवाड़ा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। बांसवाड़ा के बागीदौरा से भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को एसीबी ने रिश्वत मामले में ट्रैप किया है। यह कार्रवाई 1ब विधायक के गनमैन के जरिए 20 लाख की पहली किस्त के रूप में कथित रिश्वत ली जा रही थी।



### कार पेड़ से टकराई 4 की असमय मौत

**प्रयागराज।** यहां के पिपरी कोतवाली के कस्बा चायल के आगे शनिवार रात करीब 12 बजे लौट रहे बरातियों की कार गुंगवा की बाग स्थित शिवरानी गेस्ट हॉउस के समीप जामुन के पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 4लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप घायल हो गया है। डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।



### हिमाचल में टैक्सी में रखना होगा कूड़ादान

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में सभी व्यावसायिक वाहनों में कूड़ादान रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर 10,000 रतक का जुर्माना लगाया जाएगा। नियम के सख्ती से पालन करने को कहा है।




### 13-14 मई को दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने अहम फैसला लिया गया। इसके तहत 13 और 14 मई को दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया जाएगा।



---

ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में बोले राहुल

# कांग्रेस की सारी गलतियों की जिम्मेदारी स्वीकार की, सिख दंगों को भी बताया गलत

## कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में कई गलतियां की गईं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान अपनी पार्टी द्वारा की गई ऐतिहासिक गलतियों को स्वीकार लिया है। उन्होंने उस भीषण दंगे को लेकर यह तक कहा कि वो अपनी पार्टी की हर एक जिम्मेदारी लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस नेता राहुल ने ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान लोगों के सवाल के जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने सिख दंगों को लेकर कहा कि वे उन घटनाओं के दौरान मौजूद नहीं थे, लेकिन वे कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में की गई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। छात्र ने आनंदपुर साहिब प्रस्ताव पर दावा किया कि कांग्रेस ने इसे अलगाववादी घोषणापत्र के रूप में गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने सिख समुदाय के साथ सामंजस्य स्थापित करने में पार्टी की विफलता की आलोचना की और सजा पाए पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दंड से मुक्ति का सबूत बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई और सज्जन कुमार बैठे हैं।



प्रश्नोत्तर सत्र में सवालों के जवाब दिए

### हम कांग्रेस की हर जिम्मेदारी लेने को तैयार

छात्र के सवाल का जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 80 के दशक में जो हुआ वह गलत था। मैं कई बार स्वर्ण मंदिर गया हूं। भारत में सिख समुदाय के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने आगे कहा कि जहां तक कांग्रेस पार्टी की गलतियों का सवाल है, उनमें से बहुत सी गलतियां तब हुईं जब मैं वहां नहीं था, लेकिन मैं कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में की गई हर गलत चीज की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूं।

### दंगों में 3,000 सिखों की हत्या की गई थी

इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम के दौरान एक सिख छात्र ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़की हिंसा में कांग्रेस की भूमिका को लेकर गांधी से सवाल किया था, जिसके कारण 3,000 से अधिक सिखों की हत्या कर दी गई थी। इनमें से अधिकतर की हत्या दिल्ली में हुई थी, तथा कई कांग्रेस नेताओं पर इसमें मिलीभगत के आरोप भी लगे थे। छात्र ने भाजपा सरकार में धार्मिक स्वतंत्रता पर गांधी की पिछली टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप सिखों के बीच यह डर पैदा कर रहे हैं कि भाजपा कैसी दिखेगी? हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहते हैं, जिसकी कांग्रेस पार्टी के शासन में अतीत में अनुमति नहीं दी गई।

**राहुल पर भड़के शंकराचार्य**

### कांग्रेस नेता को हिंदू धर्म से बहिष्कृत करेंगे

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राहुल गांधी को लेकर कहा है कि राहुल अब हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने उन्हें हिंदू धर्म से सार्वजनिक रूप से बहिष्कृत करने की घोषणा की है। बद्रीनाथ स्थित शंकराचार्य आश्रम में स्वामी ने कहा कि राहुल ने संसद में मनुस्मृति के संदर्भ में जो बयान दिया, उससे संपूर्ण सनातन धर्मावलंबी आहत हैं। शंकराचार्य ने कहा कि राहुल संसद में कहते हैं बलात्कारी को बचाने का फॉर्मूला संविधान में नहीं आपकी किताब यानी कि मनुस्मृति में लिखा है।



**जाति गणना पर बोले तिवारी**

### राहुल गांधी को अपनी जाति बतानी पड़ेगी

जाति गणना को लेकर देश में चारों तरफ हो रहे शोर के बीच भाजपा के सांसद मनोज तिवारी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है। तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी सनातन धर्म से, हिंदू धर्म से बहुत जलन है। जाति गणना अभी शुरू होगी तो राहुल को बताना पड़ेगा कि वे किस जाति से हैं? तब यह सारा मामला खुल जाएगा। मोदी सरकार ने जाति गणना कराने का ऐलान किया था। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल लगातार जाति गणना कराए जाने की मांग को उठाते रहे हैं।



### कांग्रेस राष्ट्र द्रोही और रामद्रोही पार्टी: पूनावाला

राहुल गांधी के एक वीडियो को लेकर भाजपा का कहना है कि राहुल ने भगवान राम को पौराणिक बताया। उनके एक वीडियो को ट्वीट कर भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा है कि कांग्रेस राष्ट्र द्रोही है और अब रामद्रोही भी हो चुकी है। पूनावाला ने कहा है कि राहुल ऐसा मानते हैं कि भगवान राम काल्पनिक थे। पूनावाला ने कहा कि यह उसी एफिडेविट की भाषा है जो सोनिया गांधी ने यूपीए सरकार के वक्त रामसेतु को तोड़ने के लिए दर्ज करवाई थी। पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने भगवा आतंक की परिभाषा गढ़ी थी। पूनावाला ने कहा कि राहुल और सोनिया राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर नहीं गए। कांग्रेस राम विरोधी और हिंदू विरोधी है।



---

सभी सीटों पर लड़ेगा इंडी एलायंस: झा

# महागठबंधन में दरार नहीं राहुल-तेजस्वी साथ लड़ेंगे



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन की हुई बैठक ने साफ कर दिया कि पार्टी में कोई खटपट नहीं है। रविवार को महागठबंधन के प्रमुख नेताओं की अहम बैठक हुई। अब साफ हो गया कि महागठबंधन एक साथ मिलकर बिहार चुनाव में लड़ेगी। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य बेहतर समन्वय के साथ महागठबंधन के एजेंडे को आगे बढ़ाना था। पूरा का पूरा महागठबंधन 243 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। झा ने कहा कि 20 मई को मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल में पुरे महागठबंधन का पूरा समर्थन मिलेगा, तेजस्वी प्रसाद यादव के चेहरे पर कोई विवाद नहीं है, शिद्दत से घोषणा के लिए इंतजार करना होगा समय पर घोषणा भी हो जाएगी। जातीय जनगणना को लेकर उन्होंने कहा कि जातीय गणना मुद्दा पहले भी था और अभी भी है, जाति जगणना जब तक होगी नहीं तब तक इस विषय पर पूरी नजर है।

### 58 साल सत्ता में रहकर कांग्रेस ने क्या किया? जेडीयू



एनडीए के प्रमुख सहयोगी दल जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि जाति गणना का मुद्दा अब हमारे पक्ष में है। विपक्ष इसकी मांग कर रहा है लेकिन लोग उस व्यक्ति को याद रखेंगे जिसने इसे किया। जब आप 58 साल तक सत्ता में थे, तब आप क्या कर रहे थे? इसे करने के लिए नरेंद्र मोदी की जरूरत थी। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि 15 साल तक आरजेडी सत्ता में रही। उसने जाति जनगणना नहीं की। नीतीश कुमार ने यह काम किया। जब आरजेडी केंद्र में कांग्रेस के साथ थी, तब उसने 2011 की जाति जनगणना (एसईसीसी) के आंकड़े जारी करने के लिए सरकार पर दबाव नहीं बनाया।

### तेजस्वी को जातीय गणना पर आस

बिहार में इस वर्ष के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पिछले लंबे वक्त से आरजेडी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भाजपा एनडीए पर हमला बोल रहे थे। तेजस्वी अपने अन्य नेताओं के साथ 65 प्रतिशत तक आरक्षण बढ़ाने की मांग को लेकर पार्टी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए थे। विपक्षी दल लगातार जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे।

---

1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में बोले गृहमंत्री शाह

# देश में किसी भाषा का विरोध नहीं पर संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी सबल होंगी

## संस्कृत भारती ने किया था कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान के लिए संघ और संस्कृत भारती ने एक मजबूत अभियान शुरू किया है।सरकार किसी भी भाषा का विरोध नहीं करती, बल्कि सभी भाषाओं को सशक्त बनाना चाहती है। ये बातें शाह ने संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में कही।शाह ने कहा कि संस्कृत अधिकांश भारतीय भाषाओं की जननी है। यदि संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी मजबूत होंगी। पीए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।




### संस्कृत के अमृत ज्ञान को दुनिया में पहुंचाएं

शाह ने कहा कि संस्कृत के अमृत ज्ञान को सरल भाषा में दुनिया तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने सभी से अपील की कि संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि सरकार ने पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटाइजेशन के लिए 500 करोड़ का बजट तय किया गया है।इस मौके पर दिल्ली की सीएम रेका गुप्ता ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में हजारों लोगों ने भाग लिया, जो मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

### शिवानंद बाबा नहीं रहे, पीएम दुखी

**नई दिल्ली।** योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा का शनिवार रात निधन हो गया। 129 वर्ष के योग गुरु पद्मश्री शिवानंद ने बीएचयू में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, योग और साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। समाज सेवा के लिए उन्हें पद्मश्री दिया गया था।



- योग से समाज की सेवा की

### विहिप की धर्म संसद में 7 प्रस्ताव पास



**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में धर्म संसद में अयोध्या, काशी और मथुरा समेत पूरे देश के साधु-संत धर्म संसद में शामिल हुए। इसमें 7 प्रस्ताव पारित हुए। सनातनी हेल्पलाइन नंबर जारी हुआ, हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रस्ताव पास हुआ। मुस्लिम इलाकों में मंदिरों और हिंदुओं की सुरक्षा के लिए अपना कार्यालय खोलेगा। सांप्रदायिक हिंसा को लेकर जून में सनातन यात्रा निकाली जाएगी। सनातन धर्म की रक्षा करने वालों को सनातन गौरव सम्मान दिया जाएगा। मुस्लिम हिंदू लड़कियों से शादी न कर सकें, एक अभियान चलाया जाएगा।लैंड जिहाद की घटनाओं को रोकने के लिए सनातनी सेना बनाई जाएगी।

---


राज्यपाल ने गृह मंत्रालय को सौंपी मुर्शिदाबाद की रिपोर्ट

# पश्चिम बंगाल के लिए चुनौती बन रहा 'कट्टरपंथ'

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पर केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपी है। यह रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई है, जिसमें राज्य में बढ़ते कट्टरपंथ और उग्रवाद को गंभीर चुनौती बताया गया है। राज्यपाल ने कहा है कि बांग्लादेश से सटे जिलों मुर्शिदाबाद और मालदा में स्थिति चिंताजनक है। इन जिलों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक हैं, जिससे सामाजिक संतुलन प्रभावित हुआ है। बोस ने यह भी लिखा कि हिंसा 'पूर्व-नियोजित' थी और राज्य सरकार को पहले से इसके खतरे का अनुमान था, बावजूद इसके सुरक्षा इंतजाम नाकाफी रहे।

- खतरे का अनुमान फिर भी सुरक्षा इंतजाम नाकाफी



### राज्यपाल ने कई सुझाव भी दिए

बोस ने कई सख्त सुझाव दिए हैं, जिनमें केंद्रीय बलों की तैनाती, जांच आयोग की स्थापना और जरूरत पड़ने पर संविधान के अनुच्छेद 356 के विकल्प पर विचार करना शामिल है। अनुच्छेद 356 का मतलब राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना होता है। हालांकि, राज्यपाल ने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने अनुच्छेद 356 लागू करने की सिफारिश नहीं की है, बल्कि केवल इसके विकल्प खुले रखने की बात कही है।

### संवैधानिक विकल्पों पर दिया जोर

बोस ने यह भी कहा कि राज्य में राजनीतिक हिंसा के इतिहास को देखते हुए और मुर्शिदाबाद हिंसा के राज्य के अन्य जिलों पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए मैं सुझाव देना चाहूंगा कि भारत सरकार न केवल मौजूदा स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए बल्कि कानून के शासन में लोगों का विश्वास जगाने के लिए संवैधानिक विकल्पों पर विचार करे।

### राज्य में कानून-व्यवस्था की बहाली सुनिश्चित हो

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से बार-बार अल्पसंख्यक हितों की सुरक्षा का वादा भी हालात को नियंत्रित नहीं कर सका। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रशासनिक समन्वय की भारी कमी रही और पुलिस की प्रतिक्रिया कमजोर रही। राज्यपाल ने केंद्र से आग्रह किया है कि वह संवैधानिक उपायों पर विचार करे ताकि राज्य में कानून-व्यवस्था बहाल हो और जनता को शासन में भरोसा हो। बोस ने लिखा, विभाजन इतना गहरा है कि हिंसा के बढ़ने के बावजूद, मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार यह 'वचन' दिया जाना कि वे अल्पसंख्यक हितों की रक्षा करेंगी।

---

अलवर के बहरोड़ में एक संवाद कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री

# मुझे बेइज्जती पसंद नहीं,महिला की बात पर भड़ककर भूपेंद्र मंच ही छोड़कर चले गए

## महिला सुना रही थी अपनी समस्याए

एजेंसी ⏭ अलवर

राजस्थान के अलवर के बहरोड़ में एक संवाद कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव अचानक नाराज हो गए। उन्हें जनता के बीच महिला का टोकना पसंद नहीं आया और वे मंच छोड़कर ही चले गए। ग्रामीण महिला अपने पानी की समस्या केंद्रीय मंत्री को सुना रही थी, लेकिन यादव को यह नागवर गुजरा। यादव सांसद संपर्क संवाद कार्यक्रम के दौरान मंच से लोगों को संबोधित कर रहे थे। तभी ग्रामीण महिला ने पानी की समस्या को लेकर मंत्री को टोका। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा में धैर्य रखने वाला आदमी हूं,मुझे बेइज्जती पसंद नही है। इस बीच सैकड़ों ग्रामीण अचंभे में पड़ गए और संवाद कार्यक्रम में कोई जन सुनवाई ही नही हो पाई।



### तो कांग्रेस ने क्यों नहीं कराई थी जाति गणना?

इससे पहले जाति जनगणना के बहाने कांग्रेस पर बरसते हुए यादव ने कहा कि जातीय गणना मोदी जी के द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है। इसका तात्पर्य है समाज में जो एक अलग अलग तरह की सामाजिक संरचना है। इसमें जेंडर भी है एजुकेशन भी है बाकी सामाजिक मानक भी है और ये सामाजिक मानक सामाजिक इस्तिति के आधार पर सरकार पॉलिसी बनाने में माहिर है। मैं ये कहना चाहता हूं जो काम कांग्रेस ने किया ही नहीं उसका श्रेय वह क्यों मांग रही है। मुझे इसी बात का आश्चर्य है।


## खबर संक्षेप

### ब्रिटेन में आतंकी हमले की साजिश में 8 गिरफ्तार



**लंदन।** ब्रिटेन के आतंकवाद-रोधी अधिकारियों ने लंदन में हमले की कथित साजिश रचने के आरोप में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से सात ईरानी नागरिक हैं। महानगर पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार को इंग्लैंड के विभिन्न हिस्सों से 29 से 46 वर्ष की आयु के पांच लोगों को 'आतंकवादी कृत्य' की तैयारी के संदेह में हिरासत में लिया गया। उसने बताया कि पांच गिरफ्तार संदिग्धों में चार ईरानी नागरिक हैं जबकि पांचवें की राष्ट्रीयता की पुष्टि अभी की जा रही है।

### ह्यूस्टन में गोलाबारी में एक की मौत, कई घायल



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में शनिवार देर रात एक समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 14 लोग घायल हो गए। सहायक पुलिस प्रमुख पैट्रिशिया कांटू ने बताया कि स्थानीय समय अनुसार रात करीब 12 बजकर 50 मिनट पर साउथईस्ट ह्यूस्टन के चेरी हिल इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस का कहना है कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम था, जिसमें एक अनजान व्यक्ति बिना बुलाए पहुंच गया था। जब उसे वहां से जाने को कहा गया, तो उसने गोली चलाना शुरू कर दिया। इसके बाद कुछ अन्य लोगों ने भी जवाब में गोली चलाई।

### 375 ग्राम मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार



**पालनपुर।** गुजरात पुलिस ने राजस्थान सीमा पर एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 37.50 लाख रुपए मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) जब्त की है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) एसएम वरोतरिया ने बताया कि शनिवार को बनासकांठा जिले के थराद कस्बे के पास गुजरात-राजस्थान सीमा पर एक चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच के दौरान राकेश बिश्नोई को गिरफ्तार कर उसके पास से 375 ग्राम मेफेड्रोन बरामद किया गया।

---

मिसाइल अटैक के बाद लिया फैसला

## तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट अबू धाबी की ओर डायवर्ट



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली से इजराइल की राजधानी तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को अबू धाबी डायवर्ट किया गया है। यह फैसला तेलअवीव बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक के बाद लिया गया। यमन के हूती विद्रोहियों ने बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक किया।

मिसाइल अटैक के कारण धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया और यात्रियों में दहशत फैल गई। इसके बाद कई फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। इनमें एयर इंडिया की फ्लाइट एआई39 भी शामिल है। एयर इंडिया की ओर से इस संबंध में जारी एक बयान में कहा गया कि 3 मई 2025 को दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई139 को रविवार सुबह बेन गुरियन एयरपोर्ट पर हुई घटना के बाद अबू धाबी की ओर डायवर्ट कर दिया गया।

**6 मई तक फ्लाइट्स सस्पेंड**

बयान में तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट्स को सस्पेंड करने का फैसला लिया गया। बयान में कहा गया-हम अपने यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानें 6 मई 2025 तक तत्काल प्रभाव से निलंबित रहेंगी। ग्राउंड पर हमारा स्टाफ ग्राहकों की सहायता कर रहा है और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करने में मदद कर रहा है। एयरलाइन ने कहा कि 4 से 6 मई 2025 के बीच वैध टिकट के साथ हमारी फ्लाइट बुक करने वाले कस्टमरों को यात्रा पुनर्निर्धारण पर एक बार की छूट या कैंसिलेशन पर फुल रिफंड की पेशकश की जाएगी। हम दोहराना चाहेंगे कि एयर इंडिया में हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**यमन से दागी मिसाइल से 4 घायल**

बेन गुरियन एयरपोर्ट के मुख्य टर्मिनल के पास यमन से दागी गई मिसाइल के गिरने से चार लोग घायल हो गए। मिसाइल हमले ने एयरपोर्ट पर परिचालन को कुछ समय के लिए रोक दिया। अधिकारियों ने बाद में कहा कि परिचालन फिर से शुरू हो गया है। हूती सैन्य प्रवक याह्या सारी ने कहा कि बेन गुरियन एयरपोर्ट एयर ट्रैवल के लिए अब अब सुरक्षित नहीं है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने जोरदार जवाब देने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि कोई भी हमें मारेगा, हम उन्हें सात गुना अधिक ताकत से मारेंगे।

---

एक मीडिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा: पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के पास नहीं बचा गोला-बारूद

# युद्ध हुआ तो सिर्फ 4 दिन में घुटनों पर होगा पाक, ज्यादा देर तक नहीं टिक पाएगी सेना

इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के चौरतफा दबाव से घिरे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, उनके मंत्री और सैन्य अधिकारी भले ही युद्ध की धमकी दे रहे हों लेकिन हकीकत कुछ ओर ही बयां करती है। दरअसल, पाकिस्तान की सेना इन दिनों एक गंभीर गोला-बारूद संकट से जूझ रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सेना के पास सिर्फ 96 घंटे तक युद्ध लड़ने के लिए जरूरी गोला-बारूद बचा है।

इसका मतलब है कि अगर कोई भी उच्च तीव्रता वाला युद्ध शुरू हो जाए, तो पाकिस्तान की सेना ज्यादा देर तक टिक नहीं पाएगी। इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं। ये गोले पाकिस्तान की आर्टिलरी-आधारित युद्ध नीति के लिए बेहद जरूरी हैं, जो अब सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। पाकिस्तान की हथियार निर्माण कंपनी पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री (पीओएफ), जो सेना को गोला-बारूद उपलब्ध कराती है वो अब पुराने उपकरणों और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण घरेलू मांग पूरी नहीं कर पा रही है। पीओएफ का दावा है कि उसकी प्राथमिकता घरेलू जरूरतें हैं, लेकिन वर्तमान हालात में वो असफल रही है।

**155एमएम आर्टिलरी शेल्स की आपूर्ति से भंडार खत्म**



**पीओएफ द्वारा गोला-बारूद निर्माण की सीमित क्षमता**



**डिपो में गोला-बारूद नहीं**

बढ़ते खतरे को देखते हुए पाकिस्तान ने भारत सीमा के पास नए गोला-बारूद डिपो बनाना शुरू किया है। लेकिन जानकारों का कहना है कि जब भरने के लिए गोला-बारूद ही नहीं है, तो इन डिपो का कोई रणनीतिक फायदा नहीं होगा। एक रक्षा विशेषज्ञ ने बताया कि पाकिस्तान ने अपने गोले दूसरे देशों के युद्ध में भेज दिए और खुद खाली हाथ रह गया। यह एक आर्थिक लाभ के लिए उठाया गया कदम था, जिसने दीर्घकालिक रणनीतिक नुकसान पहुंचाया है।

### सैटेलाइट इमेज से हुई ना'पाक' करतूत बेनकाब

*पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षण शिविर की तस्वीर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को पीओके में मौजूद लश्कर के इस शिविर की सैटेलाइट इमेज मिली है।इस शिविर का नाम 'जंगल मंगल शिविर' है और यह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मनसेहरा जिले के अतर सीसा कस्बे में स्थित है।*



**पीओके में दिखा लश्कर-ए-तैयबा का प्रशिक्षण**

लश्कर के प्रशिक्षण शिविर के पास मिलिट्री एस्टेब्लिशमेंट बिल्डिंग और एक मस्जिद भी मौजूद है। प्रशिक्षण शिविर में एक लिविंग एरिया, गेस्ट मीटिंग हॉल है। हथियारों की प्रैक्टिस के लिए एक बड़ा ग्राउंड एरिया भी मौजूद है। शिविर में विदेशी आतंकियों को प्रशिक्षित करने की अलग से व्यवस्था है। पीओके में मौजूद इस जंगल मंगल आतंकी प्रशिक्षण शिविर के फगला बीआर लोकेशन पर आतंकियों और आईएसआई के बड़े कमांडरों की बैठकें होती हैं।

**सेना के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में उठा मुद्दा**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2 मई को हुई कोर कमांडर्स की विशेष बैठक में इस गंभीर स्थिति पर चर्चा हुई। सेना के वरिष्ठ अधिकारी इस हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं और कई हद तक असहज महसूस कर रहे हैं। पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पहले ही पाकिस्तान की सीमित युद्ध क्षमता को लेकर चेतावनी दे चुके थे। उन्होंने आर्थिक और लॉजिस्टिक समस्याओं को प्रमुख वजह बताया था। पाकिस्तान की वर्तमान आर्थिक स्थिति, जिसमें महंगाई चरम पर है, कर्ज लगातार बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार गिर रहा है।

---

पीयूष गोयल ने सस्टेनेबिलिटी पहल को सराहा

## भारत-यूके के बीच व्यापार समझौते पर तेजी से आगे बढ़ रही है बातचीत

एजेंस ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल लंदन दौरे पर भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से मुलाकातें कर रहे हैं। उन्होंने इंटरनेशनल संेटर फॉर सस्टेनेबिलिटी का दौरा किया और भारत के पर्यावरण और सतत विकास के प्रयासों की सराहना की। गोयल ने सेंटर के संस्थापक ट्रस्टी सचिन नंदा से मुलाकात की और सेंटर द्वारा भारत-यूके सहयोग और भारत के सस्टेनेबिलिटी पहल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के प्रयासों को सराहा।

**भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात**



गोयल ने यूके में मौजूद भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उनके सांस्कृतिक और आर्थिक योगदान की सराहना की। उन्होंने लिखा कि ये संगठन भारत और यूके के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रिश्तों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। गोयल ने लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम से भी बातचीत की।

**यूके के साथ निवेश, व्यापार को बढ़ावा देने पर**

गोयल ने यूके के बिजनेस एंड ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनॉल्ड्स से मुलाकात की और भारत-यूके एफटीए को जल्द पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने इस व्यापार समझौते के जरिए निवेश, व्यापार और इनोवेशन को बढ़ावा देने पर सहमति जताई।

---

## पश्चिमी कानून हमारे ऊपर मत थोपो, ये इस्लामिक आस्था के खिलाफ

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को एक कट्टरपंथी इस्लामी ग्रुप हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े 20 हजार लोगों ने रैली निकाली। इसमें सरकार से महिला सुधार आयोग को खत्म करने की मांग की गई। रैली में आए लोगों ने महिला सुधार आयोग को इस्लामी आस्था के खिलाफ बताया।



**आयोग के सदस्यों के लिए सजा की मांग की**

हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े एक नेता मामुनुल हक ने महिला सुधार आयोग के सदस्यों के लिए सजा की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इस आयोग ने देश के बहुसंख्यक लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। महिला मदरसा के शिक्षक मोहम्मद शिहाब उद्दीन ने रैली में कहा कि पुरुष और महिला कभी समान नहीं हो सकते। कुरान में महिलाओं और पुरुषों के लिए जीवन जीने के खास नियम बताए गए हैं।

---

मैक्सिको में अमेरिकी सेना तैनाती मामला

## ट्रंप के प्रस्ताव को राष्ट्रपति शिनबाम ने सिरे से नकारा



एजेंसी ▸▸ मैक्सिको सिटी

मैक्सिको से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सेना को तैनात करने का प्रस्ताव दिया। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने इसे सिरे से नकार दिया है। शिनबाम ने कहा कि कॉल पर ट्रंप ने कहा था कि नशीले पदार्थों की तस्करी से लड़ने में सेना आकर आपकी मदद करेगी।

**संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है**


*उन्होंने ट्रंप से कहा कि संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है। संप्रभुता को प्यार किया जाता है और उसकी रक्षा की जाती है। शनिवार को शिनबाम के सख्त रुख ने संकेत दिया कि एकतरफा सैन्य हस्तक्षेप के लिए अमेरिकी दबाव आव्रजन और व्यापार पर सहयोग के बाद उन्हें और ट्रंप को टकराव के रास्ते पर ले जाएगा। शिनबाम ने कहा कि हम साथ मिलकर काम कर सकते हैं, लेकिन आप अपने क्षेत्र में और हम अपने क्षेत्र में। हम अपने क्षेत्र में अमेरिका की सेना की उपस्थिति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।*

---

रूसी राष्ट्रपति पुतिन का बड़ा बयान, कहा-

## यूक्रेन से युद्ध जीतने के लिए नहीं पड़ेगी परमाणु हथियारों की जरूरत

एजेंसी ▸▸ मॉस्को



अक्सर यूक्रेन पर परमाणु हमले की धमकी देने वाले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बड़ा बयान दिया है। पुतिन का कहना है कि यूक्रेन से युद्ध जीतने के लिए रूस को परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पुतिन के इस बयान से सिर्फ यूक्रेन ही नहीं, बल्कि अमेरिका समेत यूरोपीय देश भी राहत की सांस ले सकते हैं। जबकि इससे पहले पुतिन कई बार यूक्रेन पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दे चुके हैं। पुतिन ने रविवार को प्रसारित एक संदेश में कहा कि यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं पड़ी है और उम्मीद करता हूं कि आगे भी ऐसी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पुतिन ने कहा कि हमारे पास पर्याप्त शक्ति और साधन हैं, जिससे 2022 में जो शुरू किया गया था, उसे रूस की अपेक्षाओं के अनुरूप तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जा सके।

---

पाक की गीदड़भभकी के बीच 'दोस्त' रूस का मिला साथ

## भारतीय सेना की बढ़ी ताकत, केमलिन से भारत को मिला 'आसमान का रक्षक', भेजी इग्ला-एस मिसाइल, पल भर में होगा दुश्मन का काम तमाम

दुश्मन के एयरक्राफ्ट के इंजन की गर्मी को ट्रैक करके निशाना बनाती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरण पर है। इस बीच रूस ने भारतीय सेना को इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति प्रदान की है। बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस-वीशोरेड्स) भारतीय सेना की वायु रक्षा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति केंद्र द्वारा बलों को दी गई आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत किए गए अनुबंध के हिस्से के रूप में प्राप्त हुई है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इग्ला-एस वायु रक्षा मिसाइलों की नई आपूर्ति कुछ हफ्ते



पहले भारतीय सेना को मिली हैं। इससे सीमाओं पर दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों और ड्रोन से खतरे का ख्याल रखने के लिए अग्रिम संरचनाओं को प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 260 करोड़ रुपए के इस अनुबंध से अग्रिम क्षेत्रों, खासकर पश्चिमी क्षेत्र में वायु रक्षा सैनिकों की ताकत बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना ने वायु रक्षा मिसाइलों के लिए इसी तरह के अनुबंध का विकल्प चुना है, जो इंफ्रा रेड सेंसर आधारित वीशोरेड्स हैं।

**इग्ला-एस मिसाइल की खासियत**



इग्ला-एस मिसाइलें इंफ्रारेड टेक्नोलॉजी पर आधारित हैं। सेना पहले से ही इस प्रणाली के पुराने वर्जन का इस्तेमाल कर रही थी। अब नए संस्करण से हवाई खतरों से निपटने की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। इग्ला-एस इन्फ्रारेड (आईआर) सीकर पर आधारित है, यानी यह दुश्मन के एयरक्राफ्ट के इंजन की गर्मी को ट्रैक करके निशाना बनाती है, जिससे इसे रडार से पकड़ना कठिन होता है। इसकी रेंज करीब 6 किलोमीटर तक है, यानी यह कम ऊंचाई पर 6 किमी दूर तक किसी भी लक्ष्य को गिरा सकती है। यह मिसाइल लगभग 3.5 किलोमीटर तक की ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को निशाना बना सकती है।

**चलाने में आसान और हल्का**

*यह कंधे पर ले जाने योग्य सिस्टम है, जिसे कठिन इलाकों में आसानी से ले जाया जा सकता है और कुछ सेकंड में ऑपरेशन के लिए तैयार किया जा सकता है। इग्ला-एस में प्रॉक्सीमिटी फ्यूज भी होता है, जो टारगेट से सीधे न टकराने पर भी उसे निष्क्रिय करने में सक्षम होता है।*



# दुधाखेड़ी माता मंदिर परिसर को देवी लोक के भव्य रूप में विकसित किया जाएगा

## पूरे मालवा क्षेत्र को मिलेगा पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ों परियोजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि क्षेत्र की आस्था के केंद्र दुधाखेड़ी माता मंदिर परिसर को देवी लोक के रूप में भव्य रूप से विकसित किया जाएगा। इसके विकास कार्यों और सौन्दर्यीकरण के लिए प्रत्येक कार्य होगा। मुख्यमंत्री ने दुधाखेड़ी माता मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना तथा दर्शन किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर हाथ को काम और हर खेत को पानी उपलब्ध कराना हमारी सरकार का संकल्प है। इसके लिए प्रदेश में विशाल पैमाने पर औद्योगिकरण तथा सिंचाई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मंदसौर जिले के ग्राम दुधाखेड़ी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां 400 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि गरोठ भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास हो रहा है। यह क्षेत्र अब देश में चहुंओर से जुड़ रहा है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे तथा अन्य मार्गों के निर्माण से गरोठ भानपुरा क्षेत्र देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ रहा है। उज्जैन-गरोठ मार्ग निर्माण से हमारी सरकार ने उज्जैन से इस क्षेत्र के हजारों साल पुराने संबंध को और पक्का करने का कार्य किया है। इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रहे हैं क्षेत्र में अब चीते दौड़ते हुए दिखेंगे।

*मंदसौर जिले के पवित्र तीर्थ दुधाखेड़ी माता मंदिर परिसर में हुआ कार्यक्रम*

*मुख्यमंत्री ने दुधाखेड़ा में 400 करोड़ रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन*



### भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरोठ भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है। यहां पर भानपुरा शंकराचार्य की पीठ स्थापित है। मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य सत्यमित्रानंद महाराज के कार्यों का जिक्र करते हुए धर्म तथा राष्ट्र के लिए विभिन्न शंकराचार्य के कार्यों तथा भूमिका पर प्रकाश डाला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में जिन-जिन स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई है, उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। गीता भवन बनाए जा रहे हैं। गरोठ भानपुरा में भी गीता भवन बनाया जाएंगे। कामधेनु योजना से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा रही है। कार्यक्रम को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद सुधीर गुप्ता ने भी संबोधित किया।

### सीएम डॉ.यादव ने किया इन परियोजनाओं का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुधाखेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में 223 करोड़ 26 लाख रुपए लागत से निर्मित शामगढ़-सुवासरा वृहद सूक्ष्म सिंचाई परियोजना विस्तारीकरण, 60 करोड़ 3 लाख रुपए लागत की ताखाजी सूक्ष्म मध्यम सिंचाई परियोजना, 2 करोड़ 48 लाख रुपए लागत से शामगढ़ बोलिया मार्ग कंधारी नदी पर पुल निर्माण तथा 7 करोड़ 71 लाख रुपए लागत से निर्मित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन गरोठ तथा तहसील कार्यालय भवन निर्माण का लोकार्पण किया गया। उन्होंने 102 करोड़ 64 लाख रुपए लागत के गरोठ बोलिया मार्ग टू-लेन निर्माण और 4 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाला गरोठ शामगढ़ मार्ग से दादावाड़ी से हिंगोरिया मार्ग का भूमिपूजन किया गया।


## खबर संक्षेप

### आज वरिष्ठ नेता लुनावत का होगा पुण्य स्मरण

**भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विजेश लुनावत के चतुर्थ पुण्य स्मरण में विजेश लुनावत स्मृति फाउंडेशन 5 मई को शाम 5 बजे पॉलीटेक्निक चौराहा स्थित एनआईटीटीआर ऑडोटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश मुख्य वक्ता एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद आलोक शर्मा एवं महापौर मालती राय उपस्थित रहेंगे।

### 'पत्रकारों से मारपीट पर क्या कार्रवाई करेंगे सीएम'

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भिंड जिले में एसपी असित यादव द्वारा पत्रकारों के साथ



मारपीट करने के मामले में सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सवाल उठ रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस इस घटना पर कार्रवाई करेंगे या चुप्पी साधकर यह संदेश देंगे कि माफिया के संरक्षण में पुलिस की गुंडागर्दी फल-फूल रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर पीसीसी चीफ ने कहा है कि जिस खाकी वर्दी को जनता की सुरक्षा के लिए पहनाया गया, वह अब आतंक और दमन का प्रतीक बनती जा रही है।

### सीतामऊ में 'कृषि उद्योग समागम-2025' में 'खाद्य प्र-संस्करण उद्यमियों से संवाद' कार्यक्रम

# 3812 करोड़ की लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और भूमिपूजन

*6 हजार 850 लोगों को मिलेगा रोजगार, निवेशकों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं: सीएम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदसौर जिले के सीतामऊ में आयोजित 'कृषि उद्योग समागम-2025' में 'खाद्य प्र-संस्करण उद्यमियों से संवाद' कार्यक्रम में कहा कि खुशहाल कृषक और उन्नत कृषि मप्र की पहचान है। खाद्य प्र-संस्करण से जहां उद्योगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, वहीं किसान भी आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे, राज्य सरकार का संकल्प भी यही है। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों के लिए हमारी सरकार सरल व अनुकूल नीतियों का निर्माण कर उद्यमियों को बढ़ावा दे रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 3812 करोड़ रुपए की लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण, भूमिपूजन हुआ है। इससे स्थानीय स्तर पर 6850 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कृषि संबंधी उद्योगों की संभावनाओं पर निवेशकों से चर्चा की। साथ ही नीमच-मंदसौर जिले में नवीन उद्योग स्थापित करने वाले निवेशकों को आशय प्रमाण-पत्र (लेटर ऑफ इन्टरेस्ट) भी प्रदान किए गए हैं।

**खास बातें**

- ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता
- संभाग और जिला स्तर पर भी होंगे कृषि उद्योग समागम, मुख्यमंत्री ने खाद्य प्र-संस्करण उद्यमियों से किया संवाद



### सभी बाधाएं हटाने का काम कर रहे: डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के दरवाजे निवेशकों के लिए हमेशा खुले हैं। सरकार निवेशकों के मार्ग की सभी बाधाएं हटाने का काम कर रही है। हम सब प्रदेश की उन्नति के लिए संकल्पबद्ध हैं। सरकार हरसंभव सहयोग के लिए निवेशकों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भोपाल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्यानिकी क्षेत्र में 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मप्र में बिजली पानी एवं बेहतर सड़क की सुविधा के साथ ही औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीतियां उपलब्ध हैं। औद्योगिक निवेश के लिए प्रदेश में बेहतर वातावरण है। उन्होंने कहा कि प्रति बीघा गेहूं के उत्पादन में मप्र ने अमेरिका को भी पीछे छोड़ दिया है।*

### उद्योगों को प्रोत्साहित करना आवश्यक: मुख्य सचिव जैन

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मप्र को रोजगारोन्मुखी बनाना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता है। उनका मानना है कि इसके लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। मप्र की ग्रोथ रेट देश के बड़े राज्यों में सर्वाधिक है। जीडीपी में भी कृषि का योगदान 44 प्रतिशत है। प्रदेश में सिंचाई के रकबे में हुई वृद्धि से कृषि क्षेत्र में उत्पादन उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। मंदसौर, नीमच क्षेत्र मसालों के लिए विख्यात रहा है। यहां खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों में पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और विस्तार में सरलता के लिए राज्य सरकार ईज ऑफ डूईंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

### समागम संभाग और जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे: अपर मुख्य सचिव राजन

अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अनुपम राजन ने कहा कि कृषि उद्योग समागम की पहली कड़ी सीतामऊ मंदसौर में आयोजित हुई है। इसमें विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों का प्रदर्शन किया गया है। सरकार की मंशा के अनुरूप इस प्रकार के समागम संभाग और जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण की पर्याप्त संभावना विद्यमान है। इस संबंध में राज्य शासन की नीतियां भी निवेशकों, उद्योगपतियों के लिए अनुकूल हैं और राज्य सरकार भी खाद्य प्र-संस्करण को प्रदेश में नई ऊंचाई देने के लिए प्रतिबद्ध है। एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला ने निवेश प्रोत्साहन के तहत विभिन्न नीतियों के संबंध में जानकारी दी। उद्योगपति अजय भटनागर ने भी अपने अनुभव साझा किए। निवेशकों से चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, मंदसौर जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में उद्योगपति एवं निवेशक उपस्थित रहे।

**ग्रामीण विकास, पीएचई, महिला बाल विकास के फंड में इजाफा**

# मप्र सरकार को इस वित्तीय वर्ष में केंद्र से मिलेंगे 44,255 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट में मप्र सरकार को 37,652 करोड़ रुपए देने का प्रावधान किया था। हालांकि उस वक्त मप्र को 16,155 करोड़ रुपए कम मिले थे। मप्र को महज 21,497 करोड़ रुपए ही मिल पाए थे। इसकी तुलना में केंद्र सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में पिछले बजट से अधिक राशि देने की घोषणा की है। इससे संभावना जताई जा रही है कि मप्र में विकास कार्यों में तेजी आएगी।

केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त योजनाओं में कुल 68,519 करोड़ रुपए खर्च कर करेगी। इसमें 44,255 करोड़ रुपए केंद्र सरकार देगी, जबकि 24,263 करोड़ रुपए राज्य सरकार अपने अंश के रूप में शामिल करेगी। इसके अलावा केंद्र सरकार कई अन्य योजनाओं में राशि अलग से भी जारी कर सकती है। इसके लिए अभी बजट में प्रावधान नहीं किया गया है।



### केंद्र ने एक माह में दिए 283 करोड़ रुपए

*केंद्र और राज्य की योजनाओं में खर्च के लिए मौजूदा वित्तीय वर्ष के अप्रैल महीने में कुल 283 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसमें लोक निर्माण विभाग को केंद्रीय सड़क निधि के तहत 27.24 करोड़ रुपए दिए गए हैं। वहीं किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग को नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के लिए 39.14 करोड़ रुपए दिए गए हैं। केंद्र ने वित्त विभाग को 217.07 करोड़ रुपए एडिशनल सेंट्रल असिस्टेंस फॉर एक्सटर्नली एडेड खर्च के लिए दिए हैं।*

### चार विभागों को केंद्र सरकार से शून्य राशि

मप्र में चार विभाग ऐसे हैं, जिनके लिए शून्य बजट का प्रावधान किया गया है। ऐसे विभागों में पर्यटन, संस्कृति, वित्त और भोपाल गैस त्रासदी, राहत तथा पुनर्वास विभाग शामिल हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को इस साल कोई बजट नहीं मिलेगा। पिछले वित्त वर्ष में मोहन सरकार ने लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को मर्ज करने का फैसला लिया था, लेकिन इसकी प्रक्रिया वित्त वर्ष 2024-25 शुरू होने के बाद पूरी हो पाई थी। इस कारण चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत मेडिकल कॉलेज के लिए केंद्र से राशि चिकित्सा शिक्षा विभाग के मद में दी जा रही थी।

### माधव विधि महाविद्यालय में डॉ. शर्मा ने कहा




# एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रशासनिक लागत को कम करेगा, लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माधव विधि महाविद्यालय में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. नितेश शर्मा ने छात्र, छात्राओं एवं प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो इससे भारत की राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।

वित्त वर्ष 2023- 24 के अनुसार यह वृद्धि लगभग साढ़े चार लाख करोड़ रुपए के बराबर होगी, जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य खर्च के आधे और शिक्षा बजट के एक तिहाई के बराबर है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम सिर्फ चुनाव सुधार ही नहीं, बल्कि विकसित भारत की परिकल्पना को आसान करने की राह है। एक राष्ट्र एक चुनाव यह कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है, बल्कि एक विकसित भारत समर्थ और सशक्त भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम है जो न केवल प्रशासनिक लागत को कम करेगा, बल्कि लोकतंत्र को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाएगा। देश में पांच साल चुनाव होते हैं, जिसके कारण आचार संहिता के चलते विकास कार्य प्रभावित होते रहते हैं यदि एक राष्ट्र एक चुनाव होते हैं तो सरकारों को पूरे 5 साल का समय मिलेगा।

### वन नेशन, वन इलेक्शन आवश्यक: डॉ. शिवकुमार

माधव विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीति पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावो में सुधार की आज बहुत जरूरत है, मजबूत लोकतंत्र के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव अतिआवश्यक विषय है। इससे चुनाव में खर्च होने वाले काले धन पर भी रोक लग सकेगी। माधव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन आज के परिदृश्य अत्यंत आवश्यक है, हमें भी आज अभियान में अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।इस अवसर पर डॉ. रीना रानी जाट, डॉ. जगमोहन द्विवेदी, डॉ. सपना दुबौलिया, डॉ. राहुल शर्मा सहित प्राध्यापक छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

*रेलवे की बड़ी चूक, प्रशासन में मचा हड़कंप, यात्रियों से भरी थी ट्रेन*

# गंतव्य के स्थान पर कोयला लोडिंग प्वाइंट पहुंची मेमू ट्रेन, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शनिवार दोपहर रेलवे की एक बड़ी चूक सामने आई। गेवरा रोड के लिए रवाना हुई मेमू लोकल ट्रेन, गंतव्य स्टेशन के बजाय कोयला लोडिंग प्वाइंट पर पहुंच गई। यात्रियों से भरी यह ट्रेन रेलवे के कमका साइडिंग (न्यू कुसमुंडा कोल लोडिंग प्वाइंट) में घुस गई, जिससे रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें ट्रेन को कोयला साइडिंग में खड़ी देखा जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, लाइन क्लीयरेंस में हुई किसी तकनीकी खामी के कारण यह घटना घटी। कोरबा और गेवरा स्टेशन के बीच स्थित न्यू कुसमुंडा साइडिंग में 11 रेल लाइनें हैं, जहां से कोयला लदान की प्रक्रिया चलती है। ट्रेन के अचानक इस साइडिंग में प्रवेश करने की घटना को रेलवे अधिकारियों ने गंभीरता से लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह 10 बजे बिलासपुर से रवाना हुई मेमू लोकल ट्रेन करीब 11:30 बजे कोरबा पहुंची और गेवरा रोड के लिए रवाना हुई। गेवरा से



छूटकर यह ट्रेन 1:10 बजे कोरबा पहुंचती है और 2:30 बजे बिलासपुर के लिए प्रस्थान करती है। शनिवार को हुई घटना में ट्रेन गेवरा रोड स्टेशन की बजाय कोयला लोडिंग प्वाइंट पर पहुँच गई। इस गंभीर लापरवाही के लिए रेलवे प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक स्टेशन मास्टर को निलंबित कर दिया है। हालांकि, अभी तक निलंबित स्टेशन मास्टर के पद और स्थान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

### आरोपियों के कब्जे से 16 बकरियां, मॉडिफाइड इनोवा गाड़ी जब्त

# संगठित बकरी चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

पुलिस ने रविवार को बकरी चोरी के मामले में बड़ा खुलासा किया। पुलिस ने बिलासपुर के एक संगठित बकरी चोर गिरोह के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 16 बकरियां और चोरी में इस्तेमाल की गई विशेष रूप से मॉडिफाइड इनोवा गाड़ी जब्त की गई।

एएसपी पुष्पेंद्र बघेल ने बताया कि कबीरधाम जिले के कुकदूर, पंडरिया और कवर्धा थाना क्षेत्रों में रात के समय बकरी चोरी की घटनाएं बढ़ रही थी। तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से पता चला कि बिलासपुर के मोपका, मंगला और मगरपारा क्षेत्रों से संचालित यह



गिरोह कबीरधाम के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों को निशाना बना रहा था। गिरोह अब तक 80 से अधिक बकरियों की चोरी कर चुका है। चुराई गई अधिकांश बकरियां बिलासपुर की मटन दुकानों में बेच दी गईं, जबकि 16 बकरियां बरामद की गईं। आरोपी चोरी के लिए विशेष रूप से मॉडिफाइड इनोवा गाड़ी का इस्तेमाल करते थे, जिसमें बकरियों को आसानी से छिपाकर ले जाया जा सकता था। पुलिस ने आरोपियों का बकरियों के साथ शहर में जुलूस भी निकाला। एएसपी ने कहा कि बकरी चोरी ग्रामीण गरीब परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला है और इसे छोटी घटना नहीं माना जा सकता। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे बकरियों को चुराने के बाद रात में ही बिलासपुर ले जाकर मटन दुकानों में बेच देते थे। गिरोह का तरीका सुनियोजित था।

### आम जनता से बात कर उनकी समस्याओं को सुलझाएंगे मुख्यमंत्री

# सुशासन तिहार के तहत आज सूबे के दौरे पर निकलेंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 5 मई से सुशासन तिहार का आगाज होने जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में सीएम विष्णुदेव साय सूबे के दौरे पर निकलेंगे। ऐसे में उनका हेलीकाप्टर किसी भी दो जिलों में उतरेगा। जहां सीएम आम जनता से बात करेंगे और उनकी समस्याओं को सुलझाएंगे।

इस दौरान वे विभिन्न योजनाओं का फीडबैक ग्रामीणों से लेंगे। सीएम श्री साय किन योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों से लेंगे और इसकी जानकारी कलेक्टरों को भी नहीं होगी। सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर सरकार द्वारा लगातार काम किया जा रहा है। शासन प्रशासन के प्रत्येक स्तर



पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता आए, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुरक्षित हो, इसका लाभ समाज के उन सभी वर्गों को तब मिलता है जिनके लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। इसको लेकर शासन प्रशासन स्तर पर प्रभावी पहल किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्य में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। इसी के तहत तीसरा एवं अंतिम चरण पांच मई से 31 मई के बीच होगा। तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय खुद समाधान शिविरों में शामिल होने के लिए अपने हेलीकाप्टर से निकलेंगे।

### किसी भी दो जिलों में पहुंचेंगे मुख्यमंत्री

*जहां मुख्यमंत्री खुद ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्याओं के निराकरण के संबंध में जानकारी लेंगे और समस्या सुलझाने हेतु दिशा निर्देश देंगे। शासन की योजनाओं की समीक्षा भी मुख्यमंत्री करेंगे। हालांकि मुख्यमंत्री जनहितैषी किस योजना के संबंध में जनता से फीडबैक लेंगे और समीक्षा करेंगे। यह किसी भी कलेक्टर को पहले से पता नहीं होगा। जिसके चलते कलेक्टरों की धड़कने भी बढ़ी हुई है। जमीनी हकीकत का पता लगाने मुख्यमंत्री किसी भी एक जिले में रात्रि विश्राम भी करेंगे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकात भी करेंगे।*

बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारकाधीश के होंगे दर्शन

## चार धाम यात्रा के लिये चलेगी डीलक्स ट्रेन



**जबलपुर।** बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारकाधीश की चार दिशाओं में स्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है। देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है। इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा रही है।

भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोडने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा चुकी है। इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरुआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोड़ी तथा द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में त्रयंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जाएगा। 17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गए हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नानघर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाए गए हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी में टिकट बुक कराई जा सकती है। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। इस ट्रेन का संचालन भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के माध्यम से किया जाएगा। टिकटों की बिक्री भी आईआरसीटीसी के वेबसाइट से ही की जाएगी। इसके लिए एक पैकेज रेट का निर्धारण किया गया है जिसमें जर्नी टिकट के साथ-साथ तीन सितारा होटल में रहने, तीनों टाइम का भोजन, साइटसींइग की पूरी व्यवस्था, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवा शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए 150 सीटें उपलब्ध है जिसे पहले आओ,पहले पाओ आधार पर बुक किया जाएगा। ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के वेबसाइट पर तथा उनके वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। भारतीय रेल के कार्यकारी निदेशक सूचना एवं प्रचार दिलीप कुमार ने बताया कि देश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोडने के उद्देश्य से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन किया जाता है। इन ट्रेनों के संचालन से विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान का भ्रमण कर पाना आसान हुआ है।

## सदर हाऊबाग से 4 माह प्रभावित रहेगा ग्वारीघाट पहुंच मार्ग

**जबलपुर।** ग्वारीघाट नर्मदा जल पाइप लाइन सुधार कार्य के चलते आगामी चार माह तक यातायात प्रभावित प्रभावित रहेगा। जिसे दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस द्वारा यातायात एडवाइजरी जारी की गई हैं। एडवाइजरी में असुविधा से बचने हेतु वैकल्पिक मार्गों के उपयोग की सलाह दी गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा ग्वारीघाट नर्मदा जल पाइप लाइन सुधार कार्य के अंतर्गत रेत नाका ग्वारीघाट से हाऊबाग सदर रोड, तक निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कारण आगामी चार माह तक उक्त मार्ग पर यातायात प्रभावित रहेगा। इसके अतिरिक्त, रिज रोड - पेंटी नाका - यूनिवर्सिटी - राँझी मार्ग पर भी सुधार कार्य किया जाना हैं। बारिश से पूर्व गड्ढों का भराव एवं रोड मरम्मत की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिससे सड़क की गुणवत्ता में सुधार होगा। एडवाइजरी में संस्कारधानी वासियों विशेषतः चार पहिया वाहन चालकों से अनुरोध किया गया है कि उक्त मार्गों के बजाय अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। वाहन चालको नागरिकों से अपील की गई है कि असुविधा से बचने हेतु वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। जनसमान्य की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई हैं।

## वृद्ध ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** गोसलपुर थानांतर्गत ग्राम धनगवां में एक वृद्ध ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के बेटे धनगवां निवासी 29 वर्षीय परम लाल कोल ने घटना की जानकारी दी। पेशे से श्रमिक परमलाल ने पुलिस को बताया कि उसके पिता 62 वर्षीय पईया कोल बीती रता करीब साढ़े 10 बजे घर से डिब्बा लेकर शौच के लिए गए थे। परम लाल घर में सो गया था उसे लगा कि उसके पिता वापस लौटकर सो गए होंगे। शुक्रवार सुबह साढ़े 5 बजे सोकर उठा तो देखा कि उसके पिता घर पर नहीं थे। आस-पास देखने के बाद उसने पाया कि देसहाई माता मंदिर के पास आलोक गोलछा के खेत में बेल के पेड़ पर उसके पिता ने अपने गमछे से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया हैं।



## झंझावात के साथ चलेगी, झोंकेदार हवाएं

**जबलपुर।**

मौसम के मिजाज अभी ठीक नहीं चल रहे है। पारे में गिरावट के बाद भी मौसम शुष्क है। धूप तेज लग रही है मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अनेक स्थानों पर व्रजपात, झंझावात के साथ झोंकेदार हवाएं चलने और गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है। ऐसे में तापमान स्थिर रहेगा। ये हवाएं मौसम के मिजाज पर आंशिक असर डालेगी। लिहाजा आने वालें दिनों में जिलों में कही-कही तेज हवाओ के साथ गरज चमक के बीच पानी गिर सकता है और बादल छा सकते है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने ईएमएस को बताया कि उड़ीसा से आये चक्रवाती हवाओं के घेरे की वजह से हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना और आसमान पर बादलों ने घेरा डाला और तापमान की रफ्तार पर लगाम लगाई। पिछले २४ घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान २1.5 डिग्री सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 57 प्रतिशत और सायंकाल 21.5 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.34 पर और सूर्यास्त शाम 6.40 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 43.8 डिग्री तापमान नरसिंहपुर जिले में दर्ज किया गया। उत्तरी पश्चिमी हवायें 6 - 7 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले २४ घंटों के दौरान संभाग के जिलों में तेज हवाएं चलने और झंझावत के बीच हलकी वर्षा की की संभावना है।

**संभाग के जिलों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना**

एनएस यूआई ने नर्सिंग परीक्षा की पार्दशिता पर उठाए सवाल

## नर्सिंग घाटाले के आरोपियों को बनाया गया पर्यवेक्षक

**जबलपुर।**



मध्यप्रदेश की नर्सिंग शिक्षा व्यवस्था में एक बार फिर गंभीर अनियमितताओं के संकेत मिल रहे हैं। हाल ही में मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा सत्र 2022–23 की ए.एन.एम. और जी.एन.एम. प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए घोषित परीक्षकों की सूची में ऐसे कई नाम शामिल हैं जो नर्सिंग कॉलेज घोटाले में पहले ही संदेह के घेरे में आ चुके हैं, और जिन पर जाँच अभी भी लंबित है। इस निर्णय के विरोध में एनएसयूआई मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने इन नियुक्तियों को तत्काल निरस्त करने की माँग की है। साथ ही उन्होंने इन नियुक्तियों को छात्रहित के साथ धोखा और पूरे परीक्षा तंत्र की पारदर्शिता पर कुठाराघात बताया।रवि परमार ने पत्र में उल्लेख किया कि नियुक्त किए गए परीक्षकों में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज , जबलपुर से प्राचार्य स्टेला पीटर , प्रतिभा सिंह ठाकुर, ईस्टर शीबा के नाम शामिल हैं इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने ऐसे नर्सिंग कॉलेजों को पात्र (सूटेबल) बताकर मान्यता दिलवाई, जो वास्तव में अपात्र (अनसूटेबल)थे। वहीं सुप्रिया पीटर, जया गुप्ता, श्वेता ठाकुर और गायत्री श्रीवास वर्मा का कापी चैकिंग में परफार्मेंस जीरों रहा नर्सिंग काउंसिल ने पहले ही हिदायत दी थी जिनका पर्फार्मेंस बेहतर नहीं होगा उनको पर्यवेक्षक नहीं बनाया जायेगा लेकिन नर्सिंग काउंसिल में अटैच परीक्षा प्रभारी मीनू नायर द्वारा पैसे लेकर नर्सिंग घोटाले के आरोपियों को पर्यवेक्षक बनाया जा रहा जबकि मीनू नायर खुद नर्सिंग घोटाले की आरोपी हैं। रवि परमार ने कहा, “इस तरह की नियुक्तियाँ न केवल छात्रों के भविष्य के साथ धोखा हैं, बल्कि यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की गुणवत्ता और सेवा की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। नर्सिंग जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भ्रष्टाचार और अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।” परमार ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि नर्सिंग काउंसिल इस विषय को गंभीरता से नहीं लेती और त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती, तो एनएसयूआई पूरे प्रदेश में चरणबद्ध जन आंदोलन और कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होगी।

## बारात में डांस के दौरान चाकू चले एक युवक घायल

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत चंडाल भाटा गौशाला के पास एक विवाह समारोह में नाचते समय शराब पीने के लिये रुपये की मांग करने वाले ने मना करने पर गाली गलौच करते हुये युवक पर चाकू से हमला कर दिया. घटना के संबंध में गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा टोला हनुमानताल निवासी 20 वर्षीय अनुज चौधरी अपने चचेरे भाई रोहन चौधरी की बारात में चंडाल भाटा गया था. यहां प्रकाश चौधरी और सुमित चौधरी ने शराब पीने के लिये 200 रूपये मांगे तो उसने पैसे देने से मना किया इसी बात पर सुमित गाली गलौज करने लगा और उसका हाथ पकड़कर दोनों जांघ में चाकू से कई वार कर दिये और भाग गये. घायल को इलाज के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## हृदय चिकित्सा के क्षेत्र को मिलेंगे नए आयाम

### कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस का समापन

**जबलपुर।**

देश के कोने कोने से पहुंचे विशेषज्ञों ने जो महत्वपूर्ण जानकारी इस कॉन्फ्रेंस में साझा की है, वो निश्चित ही हृदय चिकित्सा के क्षेत्र को नए आयाम देगी। यह बात म.प्र. - कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस के समापन अवसर पर अतिथियों ने कही। उल्लेखनीय है कि आयोजन में देश विदेश से पहुंचे विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किए। दूसरे दिन भी लाइव सेशंस के जरिए आधुनिक चिकित्सा पद्धति की जानकारी दी गई। आयोजक एसीएस जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. सुहेल सिद्दीकी और सचिव डॉ. दिलीप तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे अनुसन्धान और नई तकनीकों पर विचार विमर्श और शैक्षणिक विकास करना रहा। अमेरिका के प्रतिष्ठित माउंट सिनाई हार्ट सेंटर न्यूयॉर्क से डॉ समीन शर्मा, मुंबई से डॉ. आनंद राव और डॉ ब्रजेश कुमार कुंवर, दिल्ली से डॉ. प्रवीण चंद्रा, डॉ अतुल माथुर, डॉ. एस राधाकृष्णन, डॉ. आर आर मंत्री, डॉ. निशीथ चंद्रा और डॉ. रजनीश कपूर , हैदराबाद से डॉ. शरथ रेड्डी, चेन्नई से डॉ. सिवा कुमार, बंगलुरु से डॉ. डीएस चड्ढा, लखनऊ से डॉ. ऋषि सेठी, नागपुर से डॉ. जसपाल अरनेजा, डॉ प्रशांत जगताप, इंदौर से डॉ सरिता राव, एवं भोपाल, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर जैसे अन्य कई शहरों से वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। पहले दिन हृदय रोगों की प्राथमिक रोकथाम पर चर्चा की गई जिसमें विशेषज्ञों ने कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण एवं उपचार के तरीकों पर अपने सुझाव दिए। हार्ट फेलियर के रोगियों के उपचार के नए तरीकों एवं डिवाइस थेरेपी पर चर्चा की गई। सम्मेलन में विभिन्न कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण केन्द्रों का भी आयोजन किया गया (इको कार्यशाला, हीमोडायनेमिक कार्यशाला, ओसीटी कार्यशाला) जिसमें आई.वी.यू.एस. कार्यशाला विशेष रूप से सराहनीय रही। दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में एक्सपर्ट ने इलाज की आधुनिक पद्धतियों पर चर्चा की। इनमें स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज पर सत्र हुआ। इसमें कंप्लीट कोरोनरी इंटरवेंशन में 3 डी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर विशेष जानकारी दी गई। अन्य सत्र में डीईबी, बीआरएस, पीसीआई के भविष्य पर चर्चा की गई। आगे के सत्रों में पीडियाट्रिक कार्डियक इंटरवेंशन एवं एलेक्ट्रोफीसिओलॉजी पर एक्सपर्ट ने सुझाव दिये । दूसरे दिन लाइव सेशन भी हुए जिसमे हृदय के जटिल ऑपरेशनों को दिखाया गया। वैलेडिक्टरी फंक्शन व अवॉर्ड सेरेमनी के साथ दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ। दो दिवसीय आयोजन में शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश अग्रवाल, डॉ अंकित अग्रवाल , डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ अखिलेश दुबे, डॉ एच पी ऐस चंदेल, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. के एल उमा महेश्वर, डॉ. अनिमेष गुप्ता, डॉ. विकास मिश्रा, डॉ अमित किनारे, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. रघुवीर पटेल,डॉ. शिशिर सोनी, डॉ. अभिषेक गायकवाड़, डॉ. एहतेशाम अंसारी, डॉ. भाविक धीरावाणी और डॉ. हर्षा रेड्डी उपस्थित रहे।

## आठों विधानसभाओं में बसपा ने की प्रभारियों की घोषणा

**जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) जिले की आठों विधानसभा कमेटी के प्रभारियों की शनिवार को घोषणा की। भोपाल बसपा द्वारा भेजी सूची में वरिष्ठ नेताओं को भी स्थान दिया गया। बसपा की जिला इकाई की बैठक भानतलैया रविदास आश्रम में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसपा के केंद्रीय स्टेट संयोजक बालकिशन चौधरी ने बताया कि जबलपुर जिले की आठों विधानसभा कमेटियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए, प्रभारियों की नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश कार्यालय भोपाल से आठों विधानसभा में दो-दो प्रभारियों की नियुक्ति की सूची प्राप्त हुई हैं। जिसमें बरगी से रामप्रसाद चढ़ार, विनोद महतो, सिहोरा से ओम समद, डेलन मरावी, पनागर से डबल प्रसाद चौधरी, आशा गोंटिया, पाटन से प्रेमलाल राज, हरिराम अहिरवार, पश्चिम से दिनेश कुशवाहा, राजेश पटेल, पूर्व से राजकुमार सम्राट, लक्ष्मण चौधरी, केन्ट से राजमनी साकेत, किशन लाल, उत्तर से जानकी प्रसाद, रामदास ठेकेदार के नाम शामिल है। जो की सेक्टर, बूथ लेवल तक पार्टी के संगठन को तैयार करने विधानसभा कमेटियों के साथ मिलकर काम करेंगे। वहीं जिले की पूर्व विधानसभा में सुरजीत मयंक को विधानसभा अध्यक्ष से दयाराम को पाटन विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। बसपा जिला अध्यक्ष एड. लखन अहिरवार ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारीगणों का स्वागत करते हुए जिले में बेहतर संगठन खड़ा करने की अपील की। इसके साथ ही जिले में 1 अप्रैल से 9 जून तक चल रहे बहुजन जागृति अभियान में और अधिक प्रगति लाकर, शोषित, वंचित समाज को जागरूक कर बसपा को मजबूत करने के लिए सभी प्रभारियों की नियुक्ति को पार्टी का महत्पूर्ण निर्णय बताया। इस दौरान बसपा के बालकिशन चौधरी, एड. लखन अहिरवार, सुरेश बंसकार, राधेलाल रैदास, लक्ष्मन समुद्रे, शिव प्रकाश, दिनेश कुशवाहा, रामप्रसाद चडार, ईश्वर बौद्ध, भोलेशंकर, दिलीप चंद्र, लक्ष्मन चौधरी, मुन्ना सतनामी, मुकेश सूर्यवंशी, नरेंद्र चौधरी, सुरजीत चौधरी, दयाराम, जितेंद्र दीवान, दिलीप चौधरी, अरविंद मरावी, द्वारका प्रसाद,गेंदालाल अहिरवार, बाबु लाल, सहित बडी संख्या बसपा पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बेमौसम बारिश से सब्जियों की फसल पर खतरा मंडराया

### मूंग उड़द मक्का बोने वाले किसान भी चिंतित

**जबलपुर।**

बैसाख में अषाढ जैसे हालात बनने पर किसानों की चिंता बढ़ गई है. गेहूं की फसल कटाई हो जाने के कारण अधिकांश किसान राहत में हैं, लेकिन उनका गेहूं खलिहानों और गोदामों के बाहर खुले में पड़ा है. वहीं पिछले दिनों हुई बारिश और ओलावृष्टि से मूंग उड़द मसूर चना भिंडी टमाटर मक्का गन्ना भिंडी प्याज भटा लौकी और करेला जैसी सब्जी के उत्पादन पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं. दरअसल सब्जियों के उत्पादन में बेमौसम बारिश दिन में गर्मी और रात में नमीं होने के कारण फसलों के जलने और रोग लगने की संभावना रहती है. लिहाजा सब्जियों की फसल बचाने के लिये किसान अत्याधिक कीटनाशकों का इस्तेमाल करने लगते है, जो खतरनाकर साबित होते है. बेमौसम बारिश औरा ओलावृष्टि से फसलों को आंशिक क्षति पहुंची है. इधर मौसम विभाग द्वारा चेतावनी जारी की गई है की अगले 24 घंटे के दौरान भी संभाग के जिलों में कहीं कहीं वर्षा के साथ तूफानी हवाएं चल सकती हैं. जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है. किसान कहने लगे हैं मूंग उड़द भिंडी टमाटर करेला तुरई हरी धनिया मक्का की फसलों को निकसान होने लगा है. अभी आंशिक क्षति हुई थी, अब यदि ओला गिरे तो फसलें पूरी तरह चौपट हो जाएंगी. खासकर खेतों में लगी सब्जियों की फसल मौसम बारिश क्षेलने की स्थिति दी हैं. वहीं कृषि विभाग ने भी एडवायजरी जारी की है.

प्रदेश अध्यक्ष के चयन के बाद आएगी हलचल

## भाजपा नगर कार्यकारिणी अटकी

**जबलपुर। संगठित प्रदेश भाजपा के पिछले कार्यकाल में जबलपुर शायद ऐसा एकमात्र जिला रहा होगा, जहां पूरा कार्यकाल गुजर गया और नगर कार्यकारिणी नहीं बन पाई. वन मैन शो में दो साल गुजर गये. नगर भाजपा में पद पाने के अभिलाषी मुहं देखते रह गये. किसी तरह जनवरी 2025 में दूसरा कार्यकाल शुरु हुआ और रत्नेश सोनकर को जबलपुर नगर अध्यक्ष बनाया गया. फिर भाजपा नेताओं में उम्मीद जागी की अब नगर कार्यकारिणी में स्थान मिलेगा. लेकिन करीब 4 महीने गुजरने के बाद भी नगर कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका है. इसके अलग अलग कारण बताए जा रहे हैं. प्राथमिक कारण यही बताए जा रहे हैं की प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में के फेर में जिला कार्यकारिणी उलझ गई है.**

गौरतलब है कि प्रदेश में भाजपा के बूथ और मंडल स्तर की कार्यकारिणी के गठन के गठन हो चुके हैं। लेकिन बताया जा रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया में देरी के चलते अब जिला कार्यकारिणी का गठन भी होल्ड कर दिया गया है। इसके पीछे जो कारण बताया जा रहा है उस हिसाब से जिला कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद ही किया जाएगा। बताया जा रहा है कि जिला कार्यकारिणी को होल्ड करने का कारण नये प्रदेश अध्यक्ष नहीं होना बताया जा रहा है. जब एक तर्क यह भी है की नगर कार्यकारिणी स्थानीय जन प्रतिनिधियों के बीच समन्वय के बाद ही तय हो पाएगी. फिलहाल बड़े नेताओं के अंतरार्ष्ट्रीय मुद्दों में उलझे होने की वजह से संगठन में नियुक्तियों को होल्ड पर रख दिया गया है.

### जारी हुये दिशा निर्देश...

हालांकी ऐसा भी नहीं है की कोई प्रयास नहीं चल रहे हैं. नगर कार्यकारिणी के लिये प्रदेश संगठन ने कार्यकारिणी बनाने के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। गाइड लाइन में स्पष्ट लिखा है कि नए लोगों के साथ ही पुराने पदाधिकारियों को मौका देना है। जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर केन्द्र से जो दिशा निर्देश दिए गए हैं। उसमें 60-40 के फॉर्मूले का पालन किया जाएगा। उस हिसाब से नई कार्यकारिणी में पुरानी कार्यकारिणी के 60 फीसदी पदाधिकारियों को फिर अवसर दिया जाएगा सिर्फ 40 फीसदी नए लोगों को पदाधिकारी बनाया जाएगा।

गौरतलब है कि जिलाध्यक्षों का चुनाव जनवरी माह में कर लिया था। इसके बाद से ही जिला कार्यकारिणी को लेकर जिलों में दावेदार सक्रिय हैं। पार्टी में पिछले कुछ दिनों से मंडल कार्यकारिणी के गठन का दौर चल रहा है। मंडलों में अब कार्यकारिणी बन चुकी है।

### इस तरह रहेगी जिले की कार्यकारिणी

पार्टी द्वारा तय गाइडलाइन के अनुसार जिला समिति में अध्यक्ष के साथ 8 उपाध्यक्ष होंगे तो हमेशा की तरह 3 महामंत्री होंगे। 8 मंत्रियों के साथ 1 कोषाध्यक्ष का पद भी रहेगा। वहीं 20 लोगों की कार्यकारिणी में 7 महिलाएं और 2 अजा तथा अजजा वर्ग के लोगों को शामिल करना अनिवार्य रहेगा। जिले में 30 कार्यसमिति सदस्य बनाए जा सकेंगे।

### यह पद बरकरार रहे सकते हैं...

संगठन ने इस बार नए दिशा-निर्देश में यह भी कहा है कि कार्यालय मंत्री, कोषाध्यक्ष, आईटी सेल और सोशल मीडिया तथा मीडिया प्रभारी का पद निरंतर रखा जा सकता है, अगर वे सक्रिय हों। बहुत आवश्यक हो, तभी इस पद पर परिवर्तन किया जाए।

- नए अध्यक्ष व सचिव ने पदभार सम्भाला
- आब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटी का स्थापना दिवस

# प्रभावी परिवार नियोजन उपायों की आवश्यकता पर दिया जोर




हरिभूमि जबलपुर।

चाहता है हर नारी हो स्वस्थ और सफल बनाए अपना लॉजिकल सोसायटी सुरक्षित एवं उज्जवल कल हर पल इस थीम के साथ में महिला डॉक्टरों के संगठन ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी ने अपने नए कार्यकाल 2025-26 के लिए स्थापना दिवस डॉ. भास्कर पाल फॉग्सी अध्यक्ष (निर्वाचित) एवं डॉ. माधुरी पटेल पूर्व सचिव फॉग्सी की मुख्य अतिथि में स्थानीय तिलवाराघाट स्थित होटल शान एलिजा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. ईशा दुगर ने बांझपन में एंटीऑक्सीडेंट की अवश्यकता बताया।

डॉ. माधुरी पटेल ने बार बार होने वाला गर्भपात पर एक व्यापक व्याख्यान दिया, जिसमें रोकथाम, निदान और उपचार विकल्पों पर विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि साझा की गई। डॉ. भास्कर पाल ने आज की दुनिया में गर्भनिरोधक के महत्व पर जोर दिया, जिसमें प्रभावी परिवार नियोजन उपायों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियो ने मुख्य अतिथियों सहित डॉ. कविता एन. सिंह, मेडिकल कॉलेज भोपाल की डीन डॉ. कविता एन. सिंह, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. गीता गुइन, मेडिकल की प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष गीता गुईन से आर्शीवाद व प्रोत्साहन प्राप्त किया। कार्यक्रम शुभारंभ में डॉ. रूपा सरकार द्वारा स्वागत गीत गाया गया। डॉ. रानू जैन व डॉ. नंदिता द्वारा 2025-26 के लिए प्रथम संपादकीय का पत्रिका का विमोचन व पठन किया गया।

डॉ. रिचा धीरवानी द्वारा तैयार किए गए थीम सॉन्ग का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रदन्या हर्षे ने नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. राखी बाजपेई को व निवर्तमान सचिव डॉ. जिज्ञासा डेंगरा ने डॉ.कोमल जैन को पदभार हस्तांतरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ डॉ. कुसुम जैन, राजेन्द्र जैन, निशांत जैन सहित बड़ी संख्या में डॉक्टरगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार डॉ. छवि श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## जनसमुदाय के सहयोग से की गई तालाब एवं बावड़ी की सफाई

**जबलपुर।** जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों, प्रस्फुटन समितियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जन समुदाय की सहभागिता से जल संरक्षण के लिए नदी घाट, तालाबों, प्राचीन बावड़ी एवं अन्य जल संरचनाओं में निरन्तर स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को भी जिले के विभिन्न स्थानों पर जल संरक्षण की गतिविधियां आयोजित की गईं। जन अभियान परिषद द्वारा गत दिवस गढ़ा स्थित प्राचीन बावड़ी जल मंदिर में नवांकुर संस्था रचना बाल कल्याण समिति के संयोजन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में परिषद के जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी, विकास खण्ड समन्वयक विनायक राव वडनेरकर, नवांकुर संस्था प्रमुख आशीष व्यास, संदीप रजक, श्याम पटेल एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। इसी प्रकार परिषद की नवांकुर संस्था एवं अहिंसा अक्षर फाउंडेशन द्वारा कटंगी स्थित तालाब की श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई। स्थानीय जनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा तालाब से जल कुंभी, प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं कचरा निकाला गया। जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे, परामर्शदाता कमल झारिया, अध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान सहित सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे। विकासखंड पनागर में जन समुदाय को जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति जागरूक करने एवं अभियान के प्रचार प्रसार हेतु नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फूटाताल द्वारा जल चौपाल एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# सब जेल में लगा स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर

हरिभूमि सिहोरा।

माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के सौजन्य से मध्यप्रदेश की अन्य जेलों के साथ ही सब जेल सिहोरा में बंदियों के उपचार हेतु विशेष वृहद स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता हेतु विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान सुधांशु सिन्हा एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान श्याम सुंदर झा ने किया तथा बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता से सम्बंधित विस्तार से जानकारी दी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर से आये डॉ. सिद्धांत जैन(मेडिसिन विभाग), डॉ.राज कुलारिया (अस्थि रोग), डॉ.देवांश अवस्थी (चर्म रोग), डॉ.शुभांशु (मनोरोग), डॉ.धीरेंद्र कुमार पवांर (कैंसर), डॉ.निमिष जिंदल (ईएनटी), डॉ.विवेक कुशराम(सर्जरी रोग) एवं सिविल अस्पताल सिहोरा से आये डॉ.सुनील लटियार(दन्त रोग), डॉ.आर.पी. त्रिपाठी (मेडिसिन) एवं डॉ ईश्वर सिंह ठाकुर (अस्थि रोग) सहित 10 चिकित्सक विशषज्ञों की टीम एवं टेक्नीशियन द्वारा समस्त 68 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित उपचार देकर दवा वितरित की गईं। शिविर में लीगल पैनल से एड.दिलावर सिद्दकी, एड.कमलेश सोनी एवं जेलर दिलीप नायक सहित जेल स्टॉफ उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने के लिये समस्त केंद्रीय एवं जिला जेलों के साथ केवल सब जेल सिहोरा एवं सब जेल हटा को जुड़ने के निर्देश प्राप्त हुए थे।सभी बंदियों द्वारा शिविर का लाभ लिया गया एवं शिविर का संचालन श्रीमती भारती सिंह जेल प्रहरी द्वारा किया गया।




## गूगल मीट पर आयोजित किया कवि सम्मेलन

**सिहोरा।** बच्चों की त्रैमासिक बाल पत्रिका`बाल प्रहरी 'तथा बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा ( उत्तराखंड) के तत्वाधान में गूगल मीट पर आयोजित 1165 वां ऑनलाइन कार्यक्रम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन नगर के वरिष्ठ बाल साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से सहभागिता कर रहे 20 कवियों-कवयित्रियों ने कविता पाठ किया। कवि सम्मेलन के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में ऐसे कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आयोजक उदय किरौला के अनवरत प्रयास की सराहना करते हुए इन्हें बच्चों के व्यक्तित्व विकास में उपयोगी निरूपित किया।

# गहरी जुताई से बढ़ेगा उत्पादन और लागत होगी कम

**जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने जिले के किसानों को ग्रीष्मकाल में खेतों की गहरी जुताई करने की सलाह दी है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक गर्मियों में खेत की गहराई जुताई करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ कृषि की लागत में कमी आती है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक गर्मी में खेत की गहरी जुताई को ऑफ सीजन जुताई भी कहा जाता है। यह गर्मियों के महीनों में खेत की गहरी जुताई करने की कृषि पद्धति है तथा आमतौर पर रबी की फसल की कटाई के बाद और खरीफ की फसल की बुवाई से पहले की जाती है। यह खेत की मिट्टी को पलटने और ढीला करने का काम करती है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने गत दिवस पाटन विकासखण्ड के ग्राम ककरहटा में किसानों से गहरी जुताई पर चर्चा की तथा इससे होने वाले फायदे बताये। इन अधिकारियों में जिले के उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम, सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी शामिल थे। उप संचालक कृषि डॉ निगम ने किसानों को बताया कि गहरी जुताई से खरपतवार के बीज और राइजोम मिट्टी की सतह पर आ जाते हैं और तेज धूप में सूखकर नष्ट हो जाते हैं। इससे आने वाली खरीफ की फसल में खरपतवारों की समस्या कम हो जाती है और खरपतवारनाशी के उपयोग की आवश्यकता भी कम हो जाती है। उप संचालक कृषि के मुताबिक ग्रीष्मकालीन जुताई मिट्टी में छिपे कीटों के अंडे, लार्वा और प्यूपा को धूप और गर्मी के संपर्क में लाकर नष्ट कर देती है। यह मिट्टी जनित रोगों के रोगजनकों को भी कम करने में मदद करता है, जिससे अगली फसल में कीटों और बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। गहरी जुताई से मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है। खुली और ढीली मिट्टी बारिश के पानी को बेहतर ढंग से सोखती है और उसे गहराई तक जाने देती है, जिससे मिट्टी में नमी लंबे समय तक बनी रहती है। यह शुष्क क्षेत्रों और वर्षा आधारित खेती के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। डॉ निगम ने बताया कि गहरी जुताई से मिट्टी की कठोर परत टूट जाती है, जिससे मिट्टी भुरभुरी और हवादार हो जाती है। इससे जड़ों को गहराई तक फैलने में आसानी होती है और पौधों का विकास बेहतर होता है। मिट्टी में हवा का संचार बढ़ने से लाभकारी सूक्ष्मजीवों की गतिविधि भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि गहरी जुताई से कार्बनिक पदार्थ और फसल अवशेष मिट्टी में अच्छी तरह मिल जाते हैं। इससे उनका अपघटन तेज होता है और पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्व अधिक मात्रा में उपलब्ध होते हैं। गहरी जुताई से बनी खुरदरी सतह बारिश के पानी के बहाव को कम करती है और मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करती है। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई लवणीय और क्षारीय मिट्टी के सुधार में भी सहायक हो सकती है। यह हानिकारक लवणों को नीचे की परतों में ले जाने में मदद करती है। सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी ने किसानों को गहरी जुताई फायदे के साथ ही इससे होने वाले संभावित नुकसान की भी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक गहरी जुताई से मिट्टी में रहने वाले लाभकारी सूक्ष्मजीवों और अन्य जीवों को नुकसान पहुंच सकता है। आम्रवंशी के अनुसार बार-बार गहरी जुताई करने से मिट्टी में मौजूद कार्बनिक पदार्थ का ऑक्सीकरण हो सकता है, जिससे उसकी मात्रा कम हो सकती है। गहरी जुताई के लिए अधिक शक्ति वाले ट्रैक्टर और उपकरणों की आवश्यकता होती है, जिससे लागत बढ़ सकती है। यदि जुताई के बाद लंबे समय तक बारिश न हो, तो मिट्टी अधिक सूख सकती है। अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने किसानों से हर तीन साल में खेत की गहरी जुताई करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि सामान्य जुताई करने से 15 से 20 सेंटीमीटर तक की मिट्टी पलटती है और उसके नीचे एक कड़ी परत बन जाती है जिससे हवा, पानी और जड़ें नीचे नहीं जा पाती।

## फैज आलम विधानसभा कॉर्डिनेटर नियुक्त



**सिहोरा।** अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी के.राजु एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगड़ी की सहमति से एंव विधायक लखन घनगोरिया,पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खमपरिया,दलबीर सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी पटेल अनुशंसा पर फैज आलम शाह को कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग मे सिहोरा विधानसभा का एल.डी.एम कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर समस्त कांग्रेस ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सूर्या जायसवाल ने जीता गोल्ड



**जबलपुर ।** मध्य प्रदेश वुशु संघ के द्वारा दो दिवसीय राज्य स्पर्धा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रानीताल, जबलपुर में महापौर कप 24 वीं सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है, इस स्पर्धा में जबलपुर के सूर्या जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड 02 सिल्वर मेडल जीत कर जबलपुर का नाम रोशन किया। सूर्या के कोच दिव्यांश मनोज गुप्ता ने कहा सूर्या बहुत ही प्रतिभाशाली है कुछ दिनों के संघर्ष में ही 3 मेडल जीतना जबलपुर के लिए गर्व की बात है।आगामी होने वाली नैशनल स्पर्धा में सूर्या जायसवाल प्रदेश और अपने शहर का नाम रोशन करेगा गोल्ड मेडल विजेता सूर्या जायसवाल को मध्य प्रदेश केडर के आई, पी, एस डी,जी जयदीप प्रसाद डॉ जामदार वूशु संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने मेडल पहनाकर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

**कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित**

# भर गर्मी फूटी राईजिंग लाईन

**जबलपुर।** भीषण गर्मी के दौरान एक बार फिर जल संकट ने दस्तक दे दी है, आधे शहर को जलापूर्ति करने वाले रमनगरा वाटर प्लांट की मेन राईसिंग लाईन बाजनामठ के पास फूट गई. जिससे शहर की देवताल त्रिपुरी चौक, कोतवाली व बेदी नगर की पानी की टंकियां नहीं भरी जाएंगी. लिहाजा शाम को जलापूर्ति बाधित रही. वहीं सुबह भी जलापूर्ति प्रभावित रहेगी. जहां उल्लेखनीय है की इसके पूर्व भी कई बार ऐन त्योहारों के समय इसी जगह पाईप लाईनों में लीकेज की समस्या पहले भी सामने आ चुकी है. यद्यपी पाईप लाईन फूटने की जानकारी मिलते ही जल विभाग के अमले को मौके पर भेज दिया गया. जो सुधार कार्य में लग गया है, इसे सुधरने में कितना समय लगेगा यह स्पष्ट नहीं हैं. यहां उल्लेखनीय है की बार बार लीकेज की समस्या होने से यहां समानांतर पाईप लाईन बिछाई गई थी. इस स्थिति में लीकेज होन पर समानांतर लाईन से टंकियां भरी जाती हैं. लेकिन अभी भी कोतवाली बेदी नगर त्रिपुरी चौक और देवताल की टंकियां इस समानांतर टंकी से नहीं जुड़ पाई हैं.नगर निगम जल विभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश अग्रवाल ने बताया की रविवार की सुबह विद्युत आपूर्ति में बार बार बाधा आने से पानी प्रेशर में उतार चढ़ाव हुआ और एकदम से प्रेशर बढ़ने से लाईन फूट गई. घटना की जानकारी मिलते ही पाईपलाईन में सुधारकार्य के लिये अमले को मौके पर भेजा गया है. खुदाई का कार्य पूरा हो गया, सुधार में समय लगेगा, लीकेज का भराव सूखने के बाद टंकियां भरने पर जलापूर्ति समान्य हो सकेगी. सुधार कार्य युध्द स्तर पर जारी है।

## होटल के कमरे में बैठकर खिला रहे थे आईपीएम का सट्टा

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच एवं गोहलपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने आनलाईन क्रिकटे का सट्टा खलाते हुये तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है. यह आरोपी चंडाल भाटा साईं मंदिर के पास एक होटल के कमरे में बैठकर हर गेंद पर दांव लगवा रहे थे. पुलिस ने आरोपियों के पास से चार मोबाईल चार्जर पावर बैंक डॉटा केबल रिमोट आदि जप्त किया है. गोहलपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने श्री राधा होटल के रूम नम्बर 109 में छापा मारा यहां सुनील उर्फ सोनू कहार, आकाश गुप्ता, सागर जैन रायल चैलेंजर और बेंगलुरू के बीच चल रहे मैच पर आनलाईन सट्टा लगा रहे थे. आरोपियों के पास से मोबाईल में खुली हुई आईडी भी मिली और मौके पर 19 हजार रुपये भी मिले. आरोपियों ने पूछताछ में बताया की उन्होंने यह आईडी करेली निवासी दीपक पटवा से 1 माह पहले 30 हजार रुपये में ली थी. जबकी मास्टर आईडी 50 हजार रुपये में प्रिंस जैन से ली थी. आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा 112(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई।

## सांदीपनि विद्यालय में समर कैंप 13 तक



**सिहोरा।** सांदीपनि पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय सिहोरा में शासन के निर्देशानुसार 13 मई तक समर कैंप आयोजित किया गया है जिसमें आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि, खेल गतिविधियां, योगा, ध्यान गतिविधि, संगीत गतिविधि की विधाएं बच्चों को सिखाई जा रही हैं।कक्षा 3 से 12 तक कुल 100 बच्चों ने समर कैंप में भाग लेने हेतु पंजीयन कराया है। बच्चों को प्रतिदिन रिफ्रेशमेंट दिया जाता है। अनेक गतिविधियों में शामिल होकर अपने विभिन्न कौशलों को विकसित कर रहे हैं। श्रीमती सुधा उपाध्याय योगा और ध्यान,अशोक कुमार राय खेल गतिविधियां,श्रीमती वर्षा साहू आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि सिखा रही हैं।प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने बच्चों को समर कैंप के महत्व के बारे में बताया तथा उप प्राचार्य शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने बच्चों को नियमित रूप से समर कैंप में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन

**जबलपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण आयोजन हुआ। जन अभियान परिषद द्वारा नर्मदा की निर्मलता एवं स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। इस अभियान में सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वैच्छिक संगठनों, नवांकुर संस्थाओं के मेंटर्स और सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। श्रमदान स्वच्छता अभियान नर्मदा के तिलवारा घाट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के सलाहकार श्री करण सिंह कौशिक ने लगभग एक घंटे तक सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। उनके साथ ज़िला समन्वयक प्रदीप तिवारी, विकास खण्ड समन्वयक विनायक राव वडनेरकर, गायत्री परिवार के सदस्य, पतंजलि योग समिति के सदस्य और नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठनों की सहभागिता रही। यह सामूहिक प्रयास नर्मदा जी की स्वच्छता और निर्मलता के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नर्मदा स्वच्छता पर श्रमदान कार्यक्रम ने न केवल नर्मदा जी की स्वच्छता में योगदान दिया, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। इस तरह के आयोजनों से हम नर्मदा जी की निर्मलता और स्वच्छता के लिए निरंतर प्रयासरत रह सकते हैं।

# मुस्लिम विकास परिषद ने आतंकवाद का पुतला जलाकर विरोध जताया



**जबलपुर।** गत 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा निहत्थे टूरिस्टों के साथ नरसंहार कर हत्या किये जाने से आक्रोशित मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी व पठान समाज के सरदार वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान के नेतृत्व में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में दारुल उलूम के सामने विरोध स्वरूप आतंकवाद का पुतला जलाया गया। परिषद ने वीभत्स घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए, केन्द्र सरकार से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान मुस्लिम विकास परिषद के पत्रकार अशफाक आरिफ, इरफान कुरैशी, फैजान क़ुरैशी, गुलाम साबरी, जावेद मिर्जा, इस्तयाक अंसारी, मुज्जफर क़ुरैशी, अहमद रज़ा, शाहिद परवेज, शाहिद खान, मेहताब अली, तारिक क़ुरैशी, लियाकत क़ुरैशी, इस्लाम अली, डॉ. निसार अंसारी, एड. अय्यूब अंसारी, एड. निसार अंसारी, साजिद काजी, एड. सलमान खान, सलीम खान, नोशाद खलीफा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




**श्री श्याम लाल कुशवाहा-** हनुमना रीवा निवासी श्री श्याम लाल कुशवाहा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला जायसवाल-** छोटी ओमती निवासी श्री हरिश्याम जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला जायसवाल (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम गोपाल पटेल-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री राम गोपाल पटेल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इन्द्रपाल सिंह ठाकुर-** वल्दी कोरी की दफाई शीतलामाई निवासी श्री इन्द्रपाल सिंह ठाकुर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छोटे लाल रान-** क्षेत्रीय बस स्टैंड के पास दमोहनाका निवासी श्री छोटे लाल रान (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कल्लो बाई प्रजापति-** द्वारका नगर कछियाना लालमाटी निवासी श्री टेकचंद प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती कल्लो बाई प्रजापति (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मालती सिंह-** जसूजा सिटी धनवंतरी नगर निवासी श्री एसएन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मालती सिंह (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कु. हर्षता खटीक- सिंधी कैंप पुलिस चौकी के पास निवासी श्री कमलेश खटीक की पुत्री कु. हर्षता खटीक (09) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय तिवारी-** प्रोफेसर कॉलोनी सुहागी अधारताल निवासी श्री शिव शरण तिवारी के पुत्र श्री अजय तिवारी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नन्दू चौधरी-** ठक्कर ग्राम सिंधी कैंप निवासी श्री नन्दू चौधरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुशील बाथरे-** नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री सुशील बाथरे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता चौधरी-** छुई खदान मडैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री विजय चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता चौधरी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।


**श्रीमती नीरा कुमार-** नयागांव रामपुर निवासी श्री प्रवीण कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती नीरा कुमार (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहणी पुरी गोस्वामी-** सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री रोहणी पुरी गोस्वामी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### अंगोला ने किया भारतीय कंपनियों को आमंत्रित



**नई दिल्ली।** अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको ने रविवार को भारतीय उद्योगों को उनके देश में ऐसे अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया, जो अफ्रीकी राष्ट्र को उनकी निर्यात रणनीतियों के केंद्र में रख सकें। उन्होंने कृषि, फार्मास्युटिकल और नवीकरणीय ऊर्जा सहित आपसी सहयोग के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला।

### पूंजीकरण में रिलायंस व एसबीआई लाभ में रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में सामूहिक रूप से 2.31 लाख करोड़ रुपये (2,31,177.3 करोड़ रुपये) की बढ़ोतरी हुई। स्थानीय शेयर बाजार में सुधार के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रही।

### बीते सप्ताह सरसों और सोयाबीन तेल में गिरावट



**नई दिल्ली।** देश में मूंगफली, सोयाबीन की बिजाई का समय निकट आने के साथ सहकारी संस्था नेफेड द्वारा इन दोनों फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम हाजिर दाम पर की जा रही बिकवाली के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल और सोयाबीन तिलहन को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

### अदाणी ग्रीन, यूपीपीसीएल को ऊर्जा की करेगी आपूर्ति




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) की इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी सिक्सटी नाइन ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को राजस्थान में अपनी परियोजना से 400 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सूचना के अनुसार, इस बारे में बिजली खरीद समझौता (पीपीए) शनिवार को किया गया।

### आज़ाद इंजीनियरिंग और जीई वर्नोवा में समझौता



**मुंबई।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपनी आजाद इंजीनियरिंग ने रविवार को कहा कि उसने परमाणु और ताप विद्युत उद्योगों में एयरफॉयल्स की आपूर्ति के लिए जीई वर्नोवा की स्टीम पावर सर्विसेज बिजनेस यूनिट के साथ 5.35 करोड़ डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जटिल घूर्णन और स्थिर एयरफॉइल्स का विनिर्माण और आपूर्ति शामिल है।

### गर्मियों की शुरुआत के साथ पेट्रोल, डीजल की मांग बढ़ी




**नई दिल्ली।** देश में डीजल की मांग में अप्रैल में करीब चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कई माह की नकारात्मक या कम वृद्धि के बाद अप्रैल में गर्मियों की शुरुआत के साथ डीजल की खपत बढ़ी है। डीजल देश में सबसे ज्यादा उपभोग किया जाने वाला ईंधन है। यह देश के परिवहन क्षेत्र और ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था की 'जीवनरेखा' है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में डीजल की मांग में सिर्फ दो प्रतिशत की वृद्धि देखी गई थी और इससे पिछले वित्त वर्ष में डीजल की खपत में कोई वृद्धि नहीं हुई थी।

# उपज बढ़ाने पहली जीनोम-संवर्धित चावल की किस्मों का अनावरण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा विकसित पहली जीनोम संवर्धित चावल किस्मों- 'डीआरआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी चावल 1' का अनावरण किया। इन किस्मों से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ चावल की पैदावार को 30 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकेगा। चौहान ने कहा, "यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है... जल्द ही, चावल की ये किस्में किसानों को उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि नई किस्मों से चावल की पैदावार 20-30 प्रतिशत बढ़ जाएगी, जल संरक्षण होगा और चावल की खेती से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी।

- चावल उत्पादन राज्य छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश आदि को मिलेगा फायदा

## कृषि मंत्री चौहान ने कहा, उपज 30 फीसदी तक बढ़ेगी



### धान उत्पादन राज्यों के लिए अनुशंसित

इन किस्मों को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित प्रमुख चावल उत्पादक राज्यों के लिए अनुशंसित किया गया है। वैज्ञानिकों ने इन दोनों किस्मों को दो व्यापक रूप से उगाए जाने वाले चावल प्रकार - सांबा महसूरी (बीपीटी5204) और एमटीयू1010 (कॉटनडोरा सन्नालू) को बेहतर जलवायु अनुकूलनशीलता के साथ विकसित किया।

### किस्म 20 दिन पहले पक जाती है



दोनों किस्में बेहतरीन सूखे की सहनीयता और उच्च नाइट्रोजन-उपयोग दक्षता प्रदर्शित करती हैं। मंत्री ने कहा कि डीआरआर धान 100 (कमला) अपनी मूल किस्म की तुलना में लगभग 20 दिन पहले (130 दिन) पक जाती है, जिससे जल्दी कटाई संभव हो जाती है और फसल चक्र या कई फसल चक्रों की संभावना होती है। डीआरआर धान 100 (कमला) की कम अवधि किसानों को तीन सिंचाई बचाने की सुविधा देती है।

### 45 लाख टन अतिरिक्त धान का होगा उत्पादन

चौहान ने कहा कि 50 लाख हेक्टेयर में दोनों किस्मों की खेती से 45 लाख टन अतिरिक्त धान का उत्पादन हो सकता है। मंत्री ने कहा, "भारत उन्नत प्रौद्योगिकियों की खोज करके कृषि क्षेत्र को विकसित किए बिना विकसित राष्ट्र का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने आईसीएआर के वैज्ञानिकों से देश की आयात निर्भरता को कम करने के लिए दलहन और तिलहन की बेहतर किस्में विकसित करने का आह्वान किया।

## भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ फियो ने किया आग्रह

# रुपए में व्यापार की सुविधा देने वाले बैंकों की सूची सार्वजनिक करे रिजर्व बैंक : फियो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से रुपये में व्यापार निपटान प्रणाली (एसआरवीए) की पेशकश करने वाले बैंकों के बारे में जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा करने का आग्रह किया है।

निर्यातकों के संगठन का कहना है कि जागरूकता की कमी की वजह से इसका अभी सीमित उपयोग हो रहा है। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने बताया कि यह प्रणाली व्यापार को सरल बनाती है और विदेशी मुद्रा बचाती है, लेकिन कई निर्यातकों को यह नहीं पता है कि इसका उपयोग कहां से किया जाए।

### आरबीआई ने 2023 में एसआरवीए की अनुमति दी थी

भारतीय रिजर्व बैंक ने 2023 में देश में काम करने वाले बैंकों को स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत निर्दिष्ट देशों के साझेदार बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) खोलने की अनुमति दी थी। इससे निर्यातकों और आयातकों को अपनी-अपनी घरेलू मुद्रा में चालान और भुगतान करने में मदद मिलती है, जिससे द्विपक्षीय विदेशी विनिमय बाजार का विकास संभव हो पाता है।

### कुछ देशों के साथ रुपए में व्यापार करना आसान

रल्हन ने कहा कि इस प्रणाली से कुछ देशों के साथ डॉलर या यूरो के बजाय रुपये में व्यापार करना आसान हो जाता है, लेकिन कई निर्यातकों को यह भी नहीं पता कि कौन से बैंक यह सेवा प्रदान करते हैं, क्योंकि यह जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं है।



- जागरूकता की कमी से अभी इसका सीमित उपयोग हो रहा
- रुपए में व्यापार निपटान की प्रणाली व्यापार को सरल बनाती है
- एसआरवीए प्रणाली से विदेशी मुद्रा की बचत भी होती है

### कर्ज लेने के लिए बहुत सारी बाधाएं

कर्ज लेना ऐसा है जैसे आपको बताया जा रहा हो कि आप ऋण ले सकते हैं, लेकिन फिर आपको इतनी सारी बाधाओं से गुजरना पड़ता है कि आप हार मान लेते हैं। हमें इसे ठीक करने की आवश्यकता है ताकि निर्यातक वास्तव में उस धन का उपयोग कर सकें जो उनके लिए स्वीकृत किया गया है।

### बैठक में उठाया गया मुद्दा

फियो के अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय बैंक को इसे सार्वजनिक करना चाहिए। बेहतर जागरूकता का मतलब है इस अच्छी पहल का बेहतर उपयोग। पिछले सप्ताह मुंबई में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के साथ अपनी बैठक के दौरान उन्होंने अन्य लोगों के साथ इस मुद्दे को उठाया।

### निर्यातकों के लिए ऋण लेना बहुत महंगा

ऊंची ब्याज दरों पर उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यातकों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम निर्यातकों को अन्य देशों के व्यवसायों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, लेकिन अभी वे नुकसान में हैं क्योंकि उनके लिए उधार लेना (ऋण) बहुत महंगा है।

### कई देश सब्सिडी या कर्ज देकर मदद करते हैं

ऋण लागत अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि खरीदारों ने नकदी की चुनौतियों का सामना करते हुए भुगतान अवधि बढ़ा दी है। रल्हन ने कहा कि कई देश अपने निर्यातकों को सस्ता कर्ज या सब्सिडी देकर मदद करते हैं।

# केंद्रीकृत केवाईसी प्रणाली पर काम चल रहा : सेबी चेयरमैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) वित्त मंत्रालय और अन्य वित्तीय नियामकों के साथ मिलकर एक केंद्रीकृत केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रणाली स्थापित करने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने यह जानकारी दी है। केंद्रीय केवाईसी एक ऑनलाइन डेटाबेस है जो ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड को केंद्रीकृत तरीके से बनाए रखता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय संस्थानों में अनुपालन को सुव्यवस्थित करना है। इस बारे में पूछे जाने पर पांडेय ने कहा, ''हां, मुझे लगता है कि हम इसपर भी आगे बढ़ेंगे। हम वास्तव में एक ऐसी प्रणाली बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो बहुत, बहुत प्रभावी होगी। चेयरमैन ने कहा कि वित्त सचिव इस पहल के लिए जिम्मेदार समिति की अध्यक्षता कर रहे हैं, और इस प्रक्रिया को तेज करने के प्रयास चल रहे हैं।

- उद्देश्य वित्तीय संस्थानों में अनुपालन को सुव्यवस्थित करना
- केंद्रीय केवाईसी एक ऑनलाइन डेटाबेस है, जो रिकॉर्ड बनाए रखती है

### केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री शुरू होगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में घोषणा की थी कि 2025 में एक नयी, संशोधित केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री शुरू की जाएगी। इसके बाद अप्रैल में, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री के पुनर्गठन पर चर्चा और वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच की सुविधा के लिए केवाईसी अनुपालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों को हल करने को एक बैठक की अध्यक्षता की थी।

# उपग्रहों की तुलना में लचीला कवरेज दे सकते हैं अधिक ऊंचाई वाले मंच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार उद्योग निकाय सीओएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सौर ऊर्जा ड्रोन, गुब्बारे, हवाई जहाज आदि जैसे अधिक ऊंचाई वाले मंच उपग्रहों (एचएपीएस) की तुलना में कम लागत पर सुरक्षित और लचीला कवरेज प्रदान कर सकते हैं।

सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एस पी कोचर ने कहा कि अमेरिका, जापान, ब्रिटेन जैसे देश तथा एयरबस (जेफिर) और सॉफ्टबैंक जैसी कंपनियां एचएपीएस प्रौद्योगिकियों में भारी निवेश कर रही हैं और भारत को एचएपीएस परिचालन, स्पेक्ट्रम आवंटन और हवाई क्षेत्र प्रबंधन के लिए नियामक ढांचे पर काम करना शुरू कर देना चाहिए। कोचर की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सीओएआई के प्रमुख सदस्य भारती एयरटेल और रिलायंस जियो ने



- सीओएआई के वरिष्ठ अधिक अधिकारी ने कहा
- उपग्रह की तुलना में कम लागत व सुरक्षित भी

उपग्रह सेवाओं के लिए एलन मस्क की स्टारलिंक के साथ हाथ मिलाया है, जबकि शुरुआत में उन्होंने भारतीय बाजार में प्रवेश के लिए स्टारलिंक के प्रयास का विरोध किया था और उसमें बाधा डाली थी।

स्टारलिंक को भारत में सेवाएं शुरू करने के लिए सरकार की मंजूरी मिलनी बाकी है, लेकिन सुरक्षा मंजूरी मिलने तक इंतजार करना होगा।

### अंतरिक्ष आधारित खतरे कम होंगे

कोचर ने कहा, "एचएपीएस कुछ अंतरिक्ष-आधारित खतरों जैसे कि उपग्रह-रोधी (एएसएटी) हथियारों, कक्षीय मलबे या उच्च-कक्षा के बुनियादी ढांचे पर लक्षित जैमिंग हमलों के प्रति कम संवेदनशील हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से, एचएपीएस अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष संधियों का उल्लंघन किए बिना या महंगे उपग्रह समूहों पर निर्भर हुए बिना संवेदनशील सीमा क्षेत्रों या समुद्री क्षेत्रों की लगातार निगरानी की अनुमति देता है।"

# वेदांता कोष जुटाने होगा जाम्बिया में सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** वेदांता रिसोर्सेज अपनी खनन परिसंपत्तियों के विकास के लिए पूंजी जुटाने को अपने जाम्बिया के तांबा कारोबार कोंकोला कॉपर माइंस (केसीएम) को अमेरिकी बाजार में सूचीबद्ध करने सहित कई विकल्पों पर विचार कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की कोंकोला तांबा खान में 1.6 करोड़ टन का तांबा भंडार और संसाधन हैं। वेदांता के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) अजय गोयल ने कहा, ''जाम्बिया परिसंपत्ति, कोंकोला तांबा खान में... तांबा उच्चतम ग्रेड में से एक है... और उस मामले में, पूंजी जुटाने के कई विकल्प हैं। और मूल्य सृजन के लिए, समय पर सूचीबद्धता विकल्पों में से एक है।'' उन्होंने कहा कि तांबे की मौजूदा कीमतों को देखते हुए यह खदान वास्तव में 'सोने की खान' होगी।

# महिंद्रा होलिडेज की 850 कमरे जोड़ने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में 850 कमरे जोड़ने की योजना बनाई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनोज भट ने यह जानकारी दी।

कंपनी ने 2030 तक अपने कमरों की संख्या 10,000 करने की योजना बनाई है। इसी रणनीति के तहत कंपनी चालू वित्त वर्ष में 850 कमरे जोड़ने की तैयारी कर रही है। भट ने बताया कि कंपनी ने बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 520 कमरे जोड़े हैं। कंपनी अपनी नियोजित विस्तार योजना के तहत परमिट और नियामकीय मंजूरियों के आधार पर चालू वित्त वर्ष में अपने निवेश को दोगुना करेगी। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 300 करोड़ रुपये का निवेश किया था। कंपनी के 2025-26 के परिदृश्य के बारे में पूछे जाने पर भट ने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 में हमने सबसे ज्यादा कमरे जोड़े हैं। चालू वित्त वर्ष में यह आंकड़ा और ऊपर जाएगा। मुझे लगता है कि हम लगभग 850 कमरे जोड़ेंगे...। पहली से चौथी तिमाही के दौरान कंपनी ये कमरे जोड़ेगी। महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड (एमएचआरआईएल) के पास फिलहाल अपने प्रमुख ब्रांड क्लब महिंद्रा के तहत कुल 5,800 कमरे हैं।

- कंपनी चालू वित्त वर्ष में ही इन कमरों को जोड़ेगी
- महिंद्रा होलिडेज 2030 तक अपने कमरों की संख्या 10 हजार करेगी

## एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा...



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल में 15 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान कंपनी की खनिज बिक्री में तीन प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एनएमडीसी ने रविवार को बयान में कहा कि अप्रैल में उसका लौह अयस्क उत्पादन 40 लाख टन रहा है, जो पिछले साल के समान महीने में 34.8 लाख टन रहा था। एनएमडीसी ने पिछले महीने 36.3 लाख टन लौह अयस्क बेचा, जो अप्रैल, 2024 के 35.3 लाख टन से अधिक है। एनएमडीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमिताव मुखर्जी ने कहा, ''अप्रैल में हमारे रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन में हमारी प्रमुख लौह अयस्क खदानों - किरंदुल, बचेली और डोनिमलाई के अबतक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की प्रमुख भूमिका है। इन खानों से पिछले साल की समान अवधि की तुलना में आपूर्ति में क्रमशः 12 प्रतिशत, चार प्रतिशत और 88 प्रतिशत की वृद्धि हुई।''

# कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रभावित कर सकते हैं शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, विदेशी संस्थागत निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषको ने कहा कि इसके अलावा पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते की उम्मीदों और एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) के निरंतर प्रवाह की वजह से पिछले सप्ताह स्थानीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव और शुल्क युद्ध के बीच कमजोर वैश्विक परिदृश्य के कारण निवेशक शेयरों पर बड़ा दांव नहीं लगा रहे हैं। इस सप्ताह घोषित होने वाले वृहद आर्थिक आंकड़ों में एचएसबीसी सेवा पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) पर निवेशकों की नजर रहेगी।

- फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय की होगी अहम भूमिका

### निवेशकों के सतर्कता बरतने की उम्मीद

लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि अमेरिका में संभावित मंदी और भारत तथा पाकिस्तान के बीच सीमा पर चल रहे तनाव की चिंताओं ने भी बाजार के 'मूड' को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच निकट भविष्य में घरेलू बाजार में सतर्कता रहने की उम्मीद है।

## उद्देश्य एक विनिर्माण स्थल से अधिक मॉडल का उत्पादन करना

# इलेक्ट्रिक उत्पादन लाइन को 'लचीला' बना रही मारुति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) अपनी उत्पादन क्षमताओं को लचीला बना रही है। इसके पीछे उद्देश्य एक ही विनिर्माण स्थल से इलेक्ट्रिक वाहन सहित अधिक मॉडल का उत्पादन करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति ने 2030-31 तक बाजार में लगभग 28 विभिन्न मॉडल के साथ 20 लाख इकाई की उत्पादन क्षमता और जोड़ने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल हरियाणा और गुजरात के अपने विनिर्माण संयंत्रों के साथ कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता सालाना 26 लाख इकाई की है।

- कंपनी 2030-31 तक बाजार में 28 मॉडल उतारना चाह रही

### गुजरात में सालाना 7.5 लाख इकाई उत्पादन की सुविधा

कंपनी की एक इकाई सुजुकी मोटर गुजरात ने भी गुजरात में एक सुविधा स्थापित की है, जिसकी स्थापित उत्पादन क्षमता प्रति सालाना 7.5 लाख इकाई की है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, उत्पादन योजना के संदर्भ में, हम अपने संयंत्रों को अधिक लचीला बना रहे हैं, ताकि अधिक लाइन अधिक मॉडल का उत्पादन कर सकें।




### ईवी की लाभप्रदता काफी कम होगी

ईवी की लाभप्रदता के बारे में एक सवाल पर, उन्होंने कहा कि कंपनी इस बात से अवगत है कि डिजाइन के अनुसार ईवी की लाभप्रदता बहुत कम होगी और यह पूरे उद्योग के लिए सच है। भारती ने कहा, हम ईवी से आईसी (परंपरागत) इंजन के समान लाभप्रदता की उम्मीद नहीं कर सकते। और अगर ऐसा होता, तो सरकार को शायद पांच प्रतिशत जीएसटी वाली नीतियां बनाने की जरूरत नहीं होती।

### *खरखौदा के नए संयंत्र में उत्पादन शुरू*

*हरियाणा में गुरुग्राम और मानेसर में दो संयंत्र सालाना लगभग 16 लाख इकाई का उत्पादन करते हैं। खरखौदा में नए संयंत्र ने भी उत्पादन शुरू कर दिया है। शुरुआत में, नई सुविधा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई की होगी और यह कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का विनिर्माण करेगी।*

### *सितंबर में पहला मॉडल उतारने की योजना*

*मारुति इस साल सितंबर में अपना पहला इलेक्ट्रिक मॉडल ई-विटारा उतारने की योजना बना रही है और पहले साल में अधिकांश उत्पादन विदेशी बाजारों में जाने की उम्मीद है। भारती ने कहा कि बैटरी के वजन की वजह से ईवी पारंपरिक मॉडल की तुलना में कहीं अधिक भारी वाहन हैं।*

# एफपीआई तीन माह बाद फिर लिवाल बने

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल में देश के शेयर बाजारों में 4,223 करोड़ रुपये डाले हैं। अनुकूल वैश्विक संकेतकों तथा मजबूत घरेलू बुनियाद के बीच एफपीआई तीन माह बाद पहली बार शुद्ध लिवाल बने हैं। इससे पहले मार्च में एफपीआई ने शेयरों से 3,973 करोड़ रुपये निकाले थे। फरवरी में उन्होंने 34,574 करोड़ रुपये के और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई प्रवाह स्थिर रह सकता है। बीते वित्त वर्ष में कंपनियों की आय में मामूली पांच प्रतिशत की वृद्धि एफपीआई के निवेश में बाधा है।

## चिंतन

# आतंकवाद के प्रायोजकों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पहलगाम की आतंकी घटना के बाद से आतंकवाद के प्रायोजकों के खिलाफ भारत की ओर से कड़े एक्शन जारी हैं। इस कड़ी में सरकार ने बगलिहार बांध के जरिये चिनाब नदी का पानी रोक दिया है, इससे चिनाब में पाकिस्तान की ओर बहाव कम हो गया है। इससे पाकिस्तान में कृषि और पर्यावरण दोनों पर असर पड़ेगा। सरकार झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है। जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है। पाकिस्तान की जल-आधारित अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार सिंधु नदी सिस्टम है। इसकी मदद से पाकिस्तान 93 फीसदी पश्चिमी नदियों के पानी का इस्तेमाल करता है। 80 फीसदी कृषि भूमि इसी जल पर निर्भर है। लाखों लोगों की रोजी-रोटी, शहरों का जल आपूर्ति नेटवर्क और हाइड्रो पावर उत्पादन इसी प्रणाली पर टिका है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ (द रेजिसटेंस फ्रंट) ने ली थी, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है, जो जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशनल है। पहलगाम हमले में जिन आतंकियों के स्कैच जारी हुए, उनमें से दो पाकिस्तानी बताए गए। बेशक पाकिस्तान ने पहलगाम हमले में अपना हाथ नहीं होने की बात कही है, लेकिन हर सबूत पाकिस्तान की तरफ ही इशारा कर रहे हैं। पाक फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की करतूतों के बारे में पाकिस्तान की सरकार को भी पता है। पाक एस्टाब्लिशमेंट पाकिस्तान की सरकार से जुदा 'सुपर सरकार' है। भारत आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ आतंक के साजिशकर्ताओं के खिलाफ भी एक्शन ले रहा है। अब तक सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित किया है, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया है, पाकिस्तानियों के वीजा को रद किया है, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की है, घाटी में आतंकवादियों के घर ध्वस्त किए गए हैं, सार्क वीजा सुविधा समाप्त कर पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए समय सीमा तय कर दी। पाक से आयात पर रोक लगा दी गई। 14 पाक यूट्यूब चैनल बंद कर डिजिटल स्ट्राइक कर दी गई, पाक पीएम, कई क्रिकेटर, सिनेमा कलाकारों के यूट्यूब चैनल व इंस्टा अकाउंट व एक्स हैंडल बंद कर दिए गए। भारत ने अपना बंदरगाह पाक जहाजों के लिए बंद कर दिया। हवाई क्षेत्र का प्रयोग बंद कर दिया गया। आईएमएफ से पाकिस्तान को कर्ज देने की समीक्षा करने के लिए कहा गया। पाकिस्तान को एफएटीएफ एक बार फिर ब्लैक सूची में डाल सकता है। ये सभी एक्शन छोटे जरूर लग रहे हैं, लेकिन इसकी मारक क्षमता काफी अधिक है। इससे खस्ताहाल पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचेगी। यह पाकिस्तान सरकार को पता है। इसलिए भारत के अब तक एक्शन से बौखलाए पाकिस्तान ने बार बार परमाणु धमकी की चेतावनी दे रहा है, तो एलओसी पर लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। भारत लगातार करारा जवाब भी दे रहा है। विश्व जनमत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षमंत्री राजनाथ सिंह ने बार बार देश को आश्वस्त किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। विपक्ष सरकार के साथ है। सरकार आतंकवाद को खाद-पानी देने वालों पर वार दर वार कर रही है, लेकिन आतंकवाद के सफाए के लिए उसके स्पॉन्सरों (प्रायोजकों) पर वज्र प्रहार जरूरी है।



पहलगाम हमला
राज कुमार सिंह


# पाक को कश्मीरी जनाक्रोश से दें जवाब

**पहलगाम हमले के विरुद्ध कश्मीर की मुखर प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दे दिया है। कश्मीर की आजादी के नाम पर दशकों से अलगाववाद और आतंकवाद का खेल खेल रहे पाकिस्तान को पहली बार अपना यह दांव उलट पड़ता दिख रहा है। पंजाब के उस अनुभव से सीखते हुए जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के विरुद्ध मुखर जन आक्रोश को पुलिस-प्रशासन के साथ समर्थन और सहयोग में तब्दील करने की रणनीति बनायी जानी चाहिए। दशकों से आतंकवाद से रक्त रंजित कश्मीर अब शांति और सौहार्द के साथ राष्ट्रीय मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छाशक्ति का संकेत दे रहा है, जिसे समझ कर सकारात्मक प्रत्युत्तर देने में अब विलंब नहीं होना चाहिए।**

भले ही पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में किसी भी जवाबी कार्रवाई के लिए नरेंद्र मोदी सरकार को विपक्ष के समर्थन के बीच अब परस्पर आरोप-प्रत्यारोप की दलगत राजनीति शुरू हो गयी हो, लेकिन कश्मीर ने पाकिस्तान को दो टूक जवाब दे दिया है कि उसे आतंकवाद नहीं चाहिए। इस जवाब की गूंज सीमा पार के षड्यंत्रकारियों समेत पूरी दुनिया ने सुनी होगी। पहलगाम आतंकी हमले पर सीमावर्ती संवेदनशील जम्मू-कश्मीर में मुखर हुए इस समर्थन को हमें पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण हथियार बनाना चाहिए। पहलगाम में 26 पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछ कर बर्बर हत्या पर जवाबी कार्रवाई तय है। बस उसके समय, स्थान और तरीके पर फैसला होना है।

प्रधानमंत्री सेना को उसकी रणनीति के मुताबिक कार्रवाई की खुली छूट दे चुके हैं। बेशक धूर्त चीन की पाकपरस्त चालें चिंता बढ़ा रही हैं, पर उच्च स्तरीय बैठकों का सिलसिला बताता है कि जवाबी कार्रवाई अब दूर नहीं है, लेकिन उससे पहले ही पहलगाम हमले के विरुद्ध कश्मीर की मुखर प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दे दिया है। कश्मीर की आजादी के नाम पर दशकों से अलगाववाद और आतंकवाद का खेल खेल रहे पाकिस्तान को पहली बार अपना यह दांव उलट पड़ता दिख रहा है। बैसरन घाटी में पर्यटकों को धार्मिक पहचान पूछ कर मारने के पीछे पाकपरस्त आतंकियों की साजिश भारत में सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने की भी थी, लेकिन न सिर्फ वहां कश्मीरी मुस्लिम ही हिंदू पर्यटकों के बचाव के लिए आगे आये, बल्कि कश्मीरी छात्रों से दुर्व्यवहार की छिटपुट दुखद घटनाओं के अलावा शेष देश ने भी बेहद संयमित और परिपक्व व्यवहार का परिचय दिया। शायद ही किसी ने यह अपेक्षा की होगी कि आतंकी हमले की निंदा करते हुए कश्मीर की मस्जिदों से मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ। अकसर अलगाववादियों और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति जताने वाले ऑल पार्टी हुर्रियत कान्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने भी पहलगाम हमले की निंदा की और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जतायी तो पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी कहा कि इस हमले पर कश्मीरी शर्मिंदा हैं।

जाहिर है, यह कश्मीर के जन मानस में आ रहे बदलाव का ही परिणाम रहा। यह अलग बात है कि आतंकियों को स्थानीय मदद के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की टिप्पणी पर अब सत्तारूढ़ नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी में आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू हो गया है। दरअसल दशकों से सीमा पार प्रायोजित आतंक का दंश झेल रहे कश्मीर में पहली बार आतंक का ऐसा मुखर विरोध दिखा कि कश्मीरियों ने बाकायदा कैंडल मार्च निकाले। पहली बार ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर पहलगाम हमले की निंदा करते हुए दो टूक शब्दों में संदेश दिया गया कि कश्मीर और भारत एक ही हैं। कश्मीर के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर पहलगाम हमले की निंदा करते हुए उसे भारत की आत्मा पर हमला करार दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का भावुक भाषण भी देश और दुनिया में चर्चा में है। हालांकि जम्मू-कश्मीर के नये शासकीय ढांचे में सुरक्षा व्यवस्था में निर्वाचित




राज्य सरकार की ज्यादा भूमिका नहीं है। दरअसल सुरक्षा संबंधी बैठकों में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को बुलाया तक नहीं जाता। फिर भी उन्होंने विधानसभा में कहा कि मेजबान के नाते पर्यटकों की सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी थी, मृतकों के परिजनों से क्या कहूं, माफी के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। राजनेता अकसर आपदा में अवसर तलाशने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन ऐसे मौके पर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करने से इनकार करते हुए उमर ने कहा कि मेरी सियासत इतनी सस्ती नहीं है। बेशक अतीत के घटनाक्रम के मद्देनजर कश्मीर के ज्यादातर राजनेताओं की विश्वसनीयता संदेह और सवालों के घेरे में रही है, लेकिन पहलगाम के शोक और आतंकवाद के विरुद्ध आक्रोश में शेष देश के साथ शरीक हो कर उमर और कश्मीर ने नयी सुबह का संदेश दिया है। जिस कश्मीर के कुछ लोगों पर पाकिस्तान से मिलीभगत और आतंकवादियों से सहानुभूति के आरोप लगते रहे, चंद रुपये के लिए सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी के लिए युवा आगे आते रहे, उसी कश्मीर में पहलगाम हमले के बाद तीन दिन तक बंद का माहौल रहा। बंद ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए भी रहा क्योंकि उसका आह्वान किसी राजनीतिक दल या संगठन ने नहीं किया था। बंद पूरी तरह स्वतःस्फूर्त था। उमर अब्दुल्ला ने कहा भी कि आतंक के विरुद्ध कश्मीरी खुद सड़कों पर उतरे हैं, इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं। एक और महत्वपूर्ण बात उमर ने यह कही कि बंदूक से आतंकवाद को कंट्रोल तो किया जा सकता है, खत्म नहीं किया जा सकता। खत्म तब होगा, जब लोग हमारे साथ होंगे, अब लोग वहां पहुंच रहे हैं।

दरअसल आम कश्मीरी भी पाकिस्तान और उसके पालतू आतंकवादियों से तंग आ गया है। उनकी करतूतों से पर्यटन समेत अर्थव्यवस्था और जनजीवन तो बर्बाद हो ही चुके हैं, धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर और कश्मीरियों की छवि भी खराब हुई है। पंजाब का अनुभव भी बताता है कि स्थानीय जन समर्थन और सहयोग के बिना अलगाववाद और आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। वह समर्थन और सहयोग तभी मिलता है, जब स्थानीय निवासी आतंकियों की हरकतों से तंग आकर मुखर होने लगते हैं और पुलिस-प्रशासन में उनका विश्वास बहाल होने लगता है। पंजाब में आतंकवाद 1990 तक बड़ी चुनौती बना हुआ था, लेकिन एक बार जब आतंकियों की करतूतों से तंग जनता मुखर हुई और पुलिस-प्रशासन से सहयोग करने लगी तो 1995 आते-आते आतंकवाद दम तोड़ गया। विदेशों में बैठे आतंकी और उनके आका जब-तब कुछ हरकत करने की कोशिश करते हैं, लेकिन पंजाब में अब उनके लिए कोई जमीन नहीं बची। पंजाब से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने में तत्कालीन पुलिस-प्रशासन ने भी जनता का विश्वास हासिल करते हुए बड़ी भूमिका निभायी। पंजाब के उस अनुभव से सीखते हुए जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के विरुद्ध मुखर जन आक्रोश को पुलिस-प्रशासन के साथ समर्थन और सहयोग में तब्दील करने की रणनीति बनायी जानी चाहिए। अलगाववाद और आतंकवाद के विरुद्ध कश्मीर में जमीनी लड़ाई में वहां के युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जिन्हें बेहतर शिक्षा और कैरियर संभावनाएं चाहिए, पर जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित उमर अब्दुल्ला सरकार पर केंद्र सरकार के विश्वास के बिना वह संभव नहीं हो पायेगा। पंजाब में भी अलगाववाद और आतंकवाद का समूल नाश तभी हो पाया, जब केंद्र और राज्य सरकार ने बेहतर समन्वय के साथ हर मोर्चे पर कार्रवाई की। दशकों से आतंकवाद से रक्त रंजित कश्मीर अब शांति और सौहार्द के साथ राष्ट्रीय मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छाशक्ति का संकेत दे रहा है, जिसे समझ कर सकारात्मक प्रत्युत्तर देने में विलंब नहीं होना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

दो टूक
एस.एन वर्मा




# भगदड़ से हो रही मौतों का सिलसिला तो रुके

पिछले कुछ वर्षों में देश-विदेशों में भगदड़ की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। भारत में भगदड़ की घटनाएं सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों पर हुई हैं। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों कथा वाचकों व राजनेताओं के भाषण के दौरान भी मची भगदड़ के कारण होने वाली मौतों की खबरें भी सामने आती रहती हैं, जिसका दृश्य हृदय विदारक तथा दिल को झकझोर देने वाला होता है। जबकि विदेशों में म्यूजिक कंसर्ट, स्टेडियम और नाइट क्लबों में भगदड़ की घटनाएं सुनने को मिलती हैं। पर्यटक स्थलों पर भीड़ और पर्यटकों के आगमन के प्रबंधन सहित पर्यटकों की सुरक्षा और हिफाजत मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है,वहीं निजी और धार्मिक कार्यक्रमों में भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी आयोजकों और स्थानीय प्रशासन की होती है। लेकिन समुचित सुरक्षा व्यवस्था के न होने तथा भीड़ प्रबंधन तंत्र की नासमझी के कारण भगदड़ मचती रहती है। भारत में धार्मिक स्थलों पर भगदड़ किसी विशेष पूजा या उत्सव के दौरान मचती है जब भीड़ अनियंत्रित हो जाती है,श्रद्धालु सीढ़ियों पर या पूजा स्थलों पर गिर जाते हैं। पिछले वर्ष एक बाबा के प्रवचन के दौरान तो आशीर्वाद लेने की होड़ में भीड़ अनियंत्रित हो गयी और इससे मची भगदड़ में सौ से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गयी थी। ताजा उदाहरण गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ है जिसमें करीब 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। पिछले महीनों ही कुंभ मेला तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ भी इसके खासे उदाहरण हैं। भगदड़ के अनेक उदाहरण हैं, सबका वर्णन करना यहां संभव नहीं है। भगदड़ का तात्पर्य एक ऐसी स्थिति से है, जिसमें किसी अवसर पर मनुष्य अनियंत्रित तरीके से एक ही दिशा में किसी डर अथवा भय के कारण तेजी से भागते हैं। भागने वालों का लक्ष्य उस स्थान से दूर जाना होता है, रास्ते की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती है और न ही उन्हें इस बात का पता होता है कि उन्हें भागकर कहां तक पहुंचना है। इस अनियंत्रित भागदौड़ की स्थिति को ही भगदड़ कहा जाता है। किसी विशेष स्थान पर भीड़ क्षमता से ज्यादा बढ़ जाती है, तब ऐसी स्थिति पैदा होती हैं। भगदड़ के दौरान, भागते हुए लोग आपस में टकराते हैं और एक दूसरे के ऊपर गिर जाते हैं, जिसके कारण कई बार लोगों की दबने से मृत्यु तक हो जाती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश दुनिया में भगदड़ की जो भी बड़ी घटनाएं हुईं, उनमें करीब 79 फीसदी मामले धार्मिक आयोजन के दौरान हुए थे। ज्यादातर अफरा-तफरी अफवाहों की वजह से होती है। इसमें भीड़ जुटाने वाले लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत होती है। भगदड़ में सबसे अधिक असुरक्षित महिलाएं, बच्चे और वृद्ध लोग होते हैं। भगदड़ को रोका जा सकता है। अगर क्राउड मैनेजमेंट को कंट्रोल कर लें, जिनके द्वारा आयोजन कराया जा रहा है उन्हें अगर भीड़ कितनी आएगी, स्थान विशेष पर कितना लोगों का दबाव होगा, इसकी सटीक जानकारी और बेहतर इंतजाम हों तो हादसे को कंट्रोल किया जा सकता है। कई तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भीड़ काबू में की जा सकती है। भीड़ के दबाव को लाइन में लगाकर कम किया जा सकता है। भगदड़ की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग का इंतजाम होना चाहिए और वीवीआईपी मेहमानों के लिए सही तरीके से आगमन के उपाए होने चाहिए। बैरिकेड लगाकर, स्नेक लाइन एप्रोच बनाकर भीड़ को काबू में किया जा सकता है। ये वो तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भगदड़ के प्रभाव को न्यूट्रल किया जा सकता है। किसी प्रकार की अफवाह होने की दशा में तत्काल प्रभाव से सही जानकारी मुहैया कराया जाना चाहिए। राजनेताओं , कथा वाचकों तथा तथाकथित धर्म गुरुओं के बड़े कार्यक्रम बड़े मैदानों में किया जाए तो फिर भगदड़ की संभावना कम हो जाती है। भगदड़ की स्थिति से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन 1.0 के अंतर्गत विषयगत सर्किटों की पहचान की गई है और परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों से, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों ने किसी न किसी रूप में पर्यटक पुलिस की तैनाती की है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## सटाका




## आज की पाती

### प्रेस का महत्त्व समझें

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 3 मई को मनाए जाने की घोषणा की थी। हमारे देश के सबसे पहले समाचारपत्र का प्रकाशन 30 मई 1826 को हुआ था। यह पहला हिंदी समाचार पत्र था। इसका नाम है उदंत मार्तण्ड। और अब हमारे देश में विभिन्न भाषाओं के बहुत से समाचारपत्र प्रकाशित होते हैं। जितनी आजादी से हमारे देश में मीडिया अपना काम करता है, उतना शायद अन्य किसी देश में नहीं होता। लड़ाई हो तो पत्रकारों को बुलाओ, सड़क नहीं बनी तो पत्रकारों को बुलाओ, पानी नहीं आ रहा तो पत्रकारों को बुलाओ, नेतागिरी में हाईलाइट होना है तो पत्रकारों को बुलाओ, पुलिस नहीं सुन रही तो पत्रकारों को बुलाओ, प्रशासन के अधिकारी नहीं सुन रहे तो पत्रकारों को बुलाओ। कई समस्याओं के समाधान में मीडिया महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। – *पुलकित वर्मा, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# चीन, जापान पर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप



जापान और चीन ने पूर्वी चीन सागर में जापानी नियंत्रण वाले उन द्वीपों के आसपास के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का एक–दूसरे पर आरोप लगाया है, जिन पर बीजिंग भी अपना दावा करता है। जापान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि शनिवार को चीन की चार तटरक्षक नौकाओं में से एक से उड़ान भरने वाले एक चीनी हेलीकॉप्टर ने सेनकाकू द्वीप के आसपास जापानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था, तथा लगभग 15 मिनट तक क्षेत्र का उल्लंघन किया था, जिसे लेकर उसने बीजिंग के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के जवाब में उसने भी लड़ाकू विमान भेजे। चीन नियमित रूप से द्वीपों के आसपास के जलक्षेत्र और वायुक्षेत्र में क्रमशः तटरक्षक जहाजों और विमानों को भेजता है, ताकि क्षेत्र में जापानी जहाजों को परेशान किया जा सके। चीन इन द्वीपों को दियाओयू कहता है। जापानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसनेजापान में चीनी दूतावास के समक्ष 'बहुत गंभीर विरोध' दर्ज कराया है। विरोध में कहा गया है कि चीन के तटरक्षक बल की कार्रवाई जापान की संप्रभुता का उल्लंघन करती है और चीनी सरकार से निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

## ऑफ बीट

# मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक



मसूड़ों की बीमारी – जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है – एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे–धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।

## ट्रेंड

### स्वामी शिवानंद को श्रद्धांजलि



योग के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान देने वाले काशी के प्रख्यात योग गुरु 'पद्म श्री' स्वामी शिवानंद का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपकी साधना एवं योगमय जीवन संपूर्ण समाज के लिए महान प्रेरणा है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### राजनीति का विषय नहीं



पानी से संबंधित एक-एक आंकड़ा और एक-एक प्वाइंट हमारे पास है। हमें उतना ही पानी चाहिए, जितना पहले हमें दिया गया है। पंजाब के परिवारजन भी इस बात को समझते हैं, यह राजनीति का विषय नहीं है, बल्कि लोगों को पानी देने का विषय है।
-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

### हार्दिक शुभकामनाएं



दिल्ली भाजपा परिवार के सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी नियुक्ति संगठन की कार्यक्षमता को और सशक्त करेंगी तथा पार्टी के विचारों, मूल्यों और सेवा भाव को मजबूती से स्थापित करेंगी।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### बड़ी उपलब्धि का मोल




सपा के समय लखनऊ में बने वर्ल्ड क्लास पुलिस मुख्यालय की महान क्रिकेटर कपिल देव जैसे श्रेष्ठ लोगों से मिली सराहना हमारा उत्साह बढ़ाती है। बड़ी उपलब्धि का मोल और मान वही समझ सकता है, जिसने स्वयं बड़ी उपलब्धि पाई हो।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# आखिर ये वेस्टर्न डिस्टरबेंस क्या बला है? जिसकी वजह से भारत में होती है बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में बीते दिन तेज आंधी तूफान आया था। चिलचिलाती गर्मी के बीच इस आंधी ने भले ही लोगों को राहत दी हो, लेकिन इससे कई नुकसान भी झेलने पड़ते हैं। ठंड के मौसम में भी अक्सर तेज हवा चलती है। मौसम का यह मिजाज मिजाज पश्चिमी विक्षोभ यानि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण होता है। आखिर ये वेस्टर्न डिस्टर्बेंस क्या बला है?




### पश्चिमी विक्षोभ से बारिश

पश्चिमी विक्षोभ वाला तूफान कटिबंधीय तूफान से कुछ अलग होता है। इसमें नमी निचले वायुमंडल की जगह ऊपर के वायुमंडल में आती है। इन हवाओं के मध्य पूर्व से गुजरने पर वहां की गर्म और नर्म हवाओं के कारण इसकी दिशा बदल जाती है। इसी के चलते उत्तर भारत में बारिश, कोहरा और बर्फ की स्थिति बनती है। इसी से ही उत्तर भारत में बर्फ पड़ती है और दूसरे इलाकों में इसका ठंडा असर पड़ता है।

### क्या होता है पश्चिमी विक्षोभ?

बता दें कि पश्चिमी विक्षोभ कैस्पियन या भूमध्य सागर से बनने वाले तूफान होते हैं। ये भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में बारिश और ठंड लाने का काम करते हैं। असल में ये हवाएं बर्फीली होती हैं, जो अपने साथ नमी लेकर आती हैं। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागर से निकलती हैं। इसके बाद ये ईरान, इराक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से होते हुए सीधा भारत पहुंचती हैं। यहां पहुंचते ही यह मैदानी इलाकों में अपना असर दिखाने लगती हैं।



### कहां होता है असर

पश्चिमी विक्षोभ का आमतौर पर असर सर्दियों में देखने को मिलता है। खासतौर पर डनवरी के महीने में यह काफी प्रभाव डालता है। ये तूफान सर्दियों में अपने साथ ठंडी हवाएं लेकर आता है, जहां से ये पश्चिम से पूरब की ओर बढ़ती है। पूरब में हिमालच की ऊंचाई के कारण ये हवा वहां रुक जाती है, जिससे बारिश और बर्फबारी होने लगती है। इसी के चलता हवाओं का एंटीसाइक्लोनिक सर्कुलेशन बनता है। पश्चिम विक्षोभ के एक्टिव रहने तक हवपा की दिशा पूरब से पश्चिमी की तरफ हो जाती है, जिससे मैदानी इलाकों का तापमान बढ़ता है।

## रोचक खबरें

# महज 16 की उम्र में अदला-बदली का खेल कर बना करोड़पति

**शिकागो।** हर इंसान का सपना होता है कि वो बड़ा होकर एक कामयाब आदमी बने। जिससे वो अपने सारे ख्वाब को पूरे सके। इसके लिए आदमी बचपन से ही जी-तोड़ मेहनत करता है। हालांकि, कामयाबी किसी-किसी को ही मिल पाती। लेकिन, कुछ लोग होते हैं जो उस मुकाम पर बहुत छोटी उम्र में पहुंच जाते हैं। जहां बड़े लोग चाहकर भी नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे ही एक बच्चे की कहानी ने इस समय सारी दुनिया को हिला दिया है क्योंकि ये बच्चा महज 16 साल की उम्र में करोड़पति बन चुका है। इस बच्चे के केस में हैरानी की बात तो ये है कि उसने अपनी मां को ये सच्चाई नहीं बताई है कि उनका बेटा एक करोड़पति है। इस लड़के की नेटवर्थ का खुलासा अमेरिका के सबसे प्रतिष्ठित फाइनेंसियल शो में हुआ। बच्चे ने जब अपने इस राज से पर्दा उठाया तो हर कोई हैरान रह गया। हालांकि, लड़के के नाम और पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। इस बच्चे के कमाने का तरीका देखने के बाद फाइनेंस एक्सपर्ट डेव रैम्से भी हैरान रह गए। दरअसल, ये लड़का पैसा कमाने ड्रॉपशिपिंग वेबसाइट्स और ईबे व अमेजन जैसी साइट्स पर ऑनलाइन आर्बिट्रेज करके पैसा कमाता है और इस तरीके से काम करने के बाद इस बच्चे ने पिछले आठ महीनों में उसने पेपल अकाउंट में 3,00,000 डॉलर (करीब 2.5 करोड़ रुपए) से ज्यादा पैसे कमा लिए हैं, लेकिन उसने अपनी मां को ये बात नहीं बताई, क्योंकि उसे डर है कि उसकी मां उसे ये काम नहीं करने देंगी। इस बच्चे की केस स्टडी समझने के बाद बच्चे डेव ने कहा कि देखो इतना पैसा इस उम्र में कमाना कोई आसान काम नहीं है और जिस तरीके से तुमने ये पैसा कमाया वो गलत नहीं है, लेकिन पूरी तरीके से सही भी नहीं है। ऐसे में आपको अपनी कमाई के बारे में मां को बताना चाहिए और अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। अपनी पूरी बात में डेव ने शिक्षा की अहमियत पर जोर दिया। उसने कहा कि भले ही कॉलेज डिग्री ज़रूरी न हो, लेकिन कारोबार की गहरी समझ और लगातार सीखना लंबी सफलता के लिए काफी जरूरी है।




# शौक के चक्कर में महिला ने बर्बाद किया अपना परी जैसा चेहरा

**लंदन।** हर इंसान के अपने-अपने शौक होते हैं। जिनके बारे में जानकर कई लोगों को जहां मजा आता है और उन शौक को लोग कॉपी करने करने के बारे में सोचते हैं, लेकिन कुछ लोगों के शौक ऐसे होते हैं, जिन्हें देखने के बाद दूसरे को झटका लगता है। आज हम आपको एक ऐसी ही महिला के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका शौक काफी अजीबोगरीब और इसके बारे में जानने के बाद आप हैरान रह जाएंगे, क्योंकि इस महिला को इंसानों के अंग जमा करने का शौक है। इस बात की जानकारी जब लोगों को हुई तो हर कोई हैरान रह गया। हर इंसान को कुदरत ने अलग चेहरा दिया है, जिसकी अपनी एक खासियत होती है। हालांकि, कुछ लोग इस पर मेकअप चढ़ाकर उसे और अच्छा बनाने की सोचता है तो वहीं कुछ ऐसे होते हैं, जिन्हें अपना बिगड़ा हुआ चेहरा ही पसंद आता है। अब इस महिला को ही देख लीजिए, जिसने अपने चेहरे को बुरी तरीके से बर्बाद कर दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस महिला का नाम टॉक्सी है, जिसे अपना चेहरा बिगड़ाने का एक अजीब ही शौक चढ़ा हुआ है। इन्होंने अपने चेहरे को इस लेवल का बना रखा है, जिसे देखने के बाद पहली नजर में कोई डर जाए. सीधे शब्दों में कहे तो इन्होंने खुद को परफेक्ट बनाने के चक्कर में अपने पूरे चेहरे को बर्बाद कर दिया। हैरानी की बात तो ये है कि इनके चेहरे पर वो चीजें तक नहीं है, जो एक आम इंसान के चेहरे पर चेहरे पर होता है और मजे की बात तो ये है कि इनको इस चीज के ऊपर किसी तरह का कोई पछतावा तक नहीं है।



# महिला की खूबसूरती पर मर मिटते हैं मर्द, बिना कहे भेजते हैं हजारों रुपए

**नई दिल्ली।** चाहे मॉडल हों या एक्ट्रेस, उन्हें मॉडलिंग या अभिनय के साथ-साथ खूबसूरत भी दिखना होता है। तभी लोग उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि, सिर्फ खूबसूरती उन्हें फीस नहीं दिलवा पाती, उन्हें काम भी करना ही पड़ता है। पर एक महिला तो सिर्फ अपनी खूबसूरती से पैसे कमाती है। वो इतनी सुंदर है कि मर्द उसे देखकर मर मिटते हैं और बिना उसके बोले ही उसे हजारों रुपए भेजने लगते हैं। इसके अलावा कई मर्द उससे अजीबोगरीब चीजें करने की डिमांड करते हैं, जिसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं होता, वो केवल उस लड़की को रोजमर्रा की चीजें करते देखना चाहते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार सैफरन बोसवेल कुछ दिनों पहले अपने एक बयान की वजह से फेमस हुई थीं। उन्होंने बताया था कि करीब 10 सालों से उन्होंने घर पर खाना नहीं खाया, क्योंकि उन्हें खाना बनाना नहीं पसंद है, वो बाहर जाकर ही खाना खाती हैं। पर अब उन्होंने एक ऐसी बात बताई है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान हुआ जा रहा है। सैफरन ने कहा कि मर्द उन्हें अजीबोगरीब चीजें करने के लिए कहते हैं और बदले में पैसे देते हैं। कई बार तो वो बिना बोले ही पैसे दे देते हैं। वो कोई आपत्तिजनक चीजें नहीं, बल्कि काफी आम चीजें करने के लिए सैफरन को पैसे देते हैं। जैसे उन्हें सैंडविच खाते हुए वीडियो बनाकर भेजाना होता है। एक बार एक शख्स ने उनसे सोते हुए वीडियो बनाकर भेजने के लिए पैसे दिए थे।



# सितारों का जमावड़ा और उल्का बरसात... कब और कहां देखें अद्भुत घटनाएं, जिससे जगमग होगा आसमान

अनंत ब्रह्मांड रोमांचक होने के साथ-साथ खतरनाक भी है, लेकिन खगोलविद लगातार ब्रह्मांड से जुड़े रहस्यों से पर्दा उठाने की कोशिशों में जुटे रहते हैं। इस माह रात का आसमान कई अद्भुत घटनाओं की बदौलत जगमग होने वाला है जिसका दीदार आप भी कर सकेंगे, लेकिन उसके लिए आपको सही समय और जगह के बारे में पता होना चाहिए तो चलिए विस्तार से समझते हैं कि इस माह कौन-कौन सी आकाशीय घटनाएं कब और कहां होने वाली हैं, जो आप लोगों को मंत्रमुग्ध कर सकती हैं।

**वॉशिंगटन।** एटा एक्वारिड उल्का बौछार आमतौर पर हर साल 19 अप्रैल से 28 मई के बीच सक्रिय होता है, लेकिन 5-6 मई की रात को यह अपने चरम पर होगा। एटा एक्वारिड हैली धूमकेतु के मलबे से पैदा होने वाली दो उल्का बौछारों में से एक है। हैली धूमकेतु को सूर्य की एक परिक्रमा करने में लगभग 76 साल लगते हैं। अगली बार यह पृथ्वी से 2061 में दिखाई देगा। एटा एक्वारिड उल्का बौछार को दक्षिणी गोलार्ध में देखा जा सकेगा, जहां पर प्रति घंटे लगभग 10 उल्काएं नजर आएंगी।

### शनि के छल्ले हो जाएंगे अदृश्य!

एटा एक्वारिड उल्का बौछार के तुरंत बाद आसमान में शनि ग्रह से जुड़ा एक करिश्मा होने वाला है। यह हर 15 साल में एक बार होता है। दरअसल, सूर्य शनि के बीच से जब चमकता है तो उसके छल्ले एकदम पतने हो जाते हैं जिन्हें देखना काफी मुश्किल होता है। इस घटना को शनि विषुव का नाम दिया गया है, जो इस साल 6 मई को होने वाली है।



### चंद्रमा और शनि आएंगे साथ-साथ

*फ्लॉवर मून के बाद आसमान में चंद्रमा और शनि साथ-साथ नजर आएंगे। 22 मई की रात को एक ही फ्रेम में चंद्रमा और शनि ग्रह को देखा जा सकेगा।*

### गोलाकार क्लस्टर

गोलाकार क्लस्टर आमतौर पर खुले क्लस्टर से बहुत बड़े होते हैं और गुरुत्वाकर्षण की वजह से बंधे होते हैं। आसान भाषा में कहें तो क्लस्टर तारों का समूह होते हैं और गोलाकार क्लस्टर एक गोल चमकता हुआ गुच्छा होता है जिसमें लाखों तारे तक हो सकते हैं। 11 मई को मेसियर 5 का एक गोलाकार क्लस्टर दिखाई देगा जिसे टेलीस्कोप की मदद से देखा जा सकता है।

### फ्लॉवर मून

आसमान में इस माह फ्लॉवर मून नजर आएगा। दरअसल, दुनिया के कई मुल्कों में मई में फूल खिल रहे होते हैं। ऐसे में इस माह होने वाली पूर्णिमा को फ्लॉवर मून के नाम से जाना जाता है। इस साल 12 मई को फ्लॉवर मून नजर आएगा।


### नया चांद

न्यू मून चंद्रमा का वह चरण है जब सूर्य और पृथ्वी के बीच में एकसीध में चांद मौजूद होता है, लेकिन पृथ्वी को चांद का वह हिस्सा दिखाई देता है जहां सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती है और इस बार 27 मई को न्यू मून नामक आकाशीय घटना होने वाली है।

# घर में सांप पालने वाला शख्स अब दुनिया के लिए बनेगा वरदान, उसके खून से ही हो जाएगा जहर का इलाज

**लंदन।** इस शख्स का नाम टिम फ्रीडे है जिसको 1 नहीं 2 नहीं बल्कि सैकड़ों बार सांपों ने काटा है। वो जानबूझकर खुद को सांप से कटवाता था। फ्रीडे अपने घर में कई सांप, मकड़ी पालता था, उसको सांप पालने का शौक था। इसी के साथ आज भी उसके घर के फ्रिज में सांप का जहर भरा हुआ है। अब इसी शख्स के खून से विषरोधक तैयार किया जा रहा है।

इस खबर की हेडिंग पढ़ने के बाद आप भी चौंक गए होंगे। पहला सवाल तो मन में यह आया होगा कि सांप कोई कैसे पाल सकता है और खुद को कैसे कोई जानबूझकर कैसे सांप से कटवा सकता है, लेकिन इस दुनिया में सब कुछ मुमकिन है। आपको आज एक ऐसे शख्स की कहानी बताते हैं जो घर में न सिर्फ सांप पालता है, बल्कि खुद को उससे कटवाता भी था, लेकिन अब उसका खून ऐसा वरदान बन गया है। इस शख्स का नाम टिम फ्रीडे है जिसको 1 नहीं 2 नहीं, बल्कि सैकड़ों बार सांपों ने काटा है।



### घर में पालता था दर्जनों सांप


फ्रीडे को लंबे समय से जहरीले सांप, बिच्छू, मकड़ियों से आकर्षण रहा है। वो शौक के तौर पर बिच्छू और मकड़ियों का जहर दुहते थे और अपने विस्कॉन्सिन स्थित घर में दर्जनों सांप पालते थे। सांप के काटने से खुद को बचाने की उम्मीद में –और जिसे वह 'साधारण जिज्ञासा' कहते हैं – उसने खुद को सांप के जहर की छोटी डोज का इंजेक्शन लगाना शुरू कर दिया और फिर धीरे-धीरे सांप का जहर झेलने के लिए अपनी सहनशीलता बढ़ाने की कोशिश करने के लिए धीरे-धीरे उन्होंने जहर का डोज बढ़ाया। फिर वो जहर को झेलने के लिए सहनशील हो गया और वो खुद सांपों को उसे डसने देता था।

### काटनी पड़ी थी उंगली

लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के स्नैकबाइट शोधकर्ता निकोलस केसवेल ने एक ईमेल में कहा, वादे के बावजूद, अभी भी बहुत काम करना बाकी है। केसवेल नए अध्ययन में शामिल नहीं है। फ्राइडे ने अपनी इस सांपों की जहर की जर्नी में कई गलत कदम उठाए. उनमें से: उन्होंने कहा कि एक बार सांप के काटने के बाद उन्हें अपनी उंगली का हिस्सा काटना पड़ा और कुछ विशेष रूप से भयानक कोबरा के काटने से उसे अस्पताल भेज दिया गया। फ्राइडे अब सेंटिवैक्स में कार्यरत हैं, जो एक कंपनी है जो उपचार विकसित करने की कोशिश कर रही है और जिसने अध्ययन के लिए भुगतान करने में मदद की है। वह उत्साहित हैं कि उनकी 18 साल की यात्रा एक दिन स्नैकबाइट से लोगों की जान बचा सकती है, लेकिन उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रेरित लोगों के लिए उनका मैसेज साफ है- 'ऐसा मत करो।'

### कैसे बनेगा खून वरदान

लेकिन फ्रिडे भी मदद करना चाहता था। उन्होंने कई वैज्ञानिकों को ईमेल किया और उनसे कहा कि उन्होंने जो सांप के जहर को झेलने की सहनशीलता अपने अंदर पैदा की है उसका अध्ययन करें। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल लगभग 110,000 लोग सांप के काटने से मर जाते हैं। इसी की वजह से इस रिसर्च की जरूरत है। एंटीवेनम बनाना महंगा और मुश्किल है। ये एंटीवेनम आमतौर पर सिर्फ विशिष्ट सांप प्रजातियों के खिलाफ ही प्रभावी होते हैं। जब कोलंबिया यूनिवर्सिटी के पीटर क्वांग ने फ्राइडे के बारे में सुना, तो उन्होंने कहा, ओह, वाह, यह बहुत ही असामान्य है। हमारे पास अद्भुत एंटीबॉडी वाला एक बहुत ही खास व्यक्ति है, जिसे उसने 18 वर्षों में बनाया था। जर्नल सेल में शुक्रवार को प्रकाशित एक अध्ययन में, क्वांग और सहयोगियों ने बताया कि उन्होंने दो एंटीबॉडी की पहचान की जो कई अलग-अलग सांप प्रजातियों के जहर को बेअसर करते हैं। जिसका मकसद किसी दिन एक ऐसा इलाज तैयार करना है जो व्यापक सुरक्षा दे सकता है।



# लैब में बनाया ऐसा 'बम' दुनियाभर में मच गई खलबली

**लंदन।** बम शब्द सुनते ही आपको कोई विस्फोट या किसी तरह का विस्फोटक समझ में आता होगा। वहीं, वैज्ञानिकों ने भी पहली बार लैब में ब्लैक होल बम जिंदा किया है। अब आप सोच रहे होंगे किया क्या ये कोई हथियार या विस्फोटक है तो बता दें कि आपको बिल्कुल भी घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह ब्लैक होल को समझने के लिए लिया गया एक स्टेप है। दरअसल, ब्लैक होल बम कोई बम नहीं, बल्कि एक थ्योरी है। यह 1970 के दशक में सामने आई थी। फेमस साइंटिस्ट याकोव जेल्दोविच और रोजर पेनरोज ने आइडिया दिया था कि ब्लैक होल न सिर्फ निगलता है, बल्कि उसकी स्पिन के जरिए ऊर्जा को भी बढ़ाया जा सकता है। इससे इतनी एनर्जी पैदा हो सकती है कि यह खुद ही बम की तरह फट सकता है। इसलिए, इसे ब्लैक होल बम कहा गया। अब तक इस थ्योरी को लेकर केवल कागज और समीकरण ही था, लेकिन अब मैरियन क्रॉम्ब के नेतृत्व में कई वैज्ञानिकों की टीम ने इसे पहले बार लैब में साबित कर दिखाया है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने घूमने वाला एक एल्युमीनियम सिलेंडर लिया और उसे ऐसे चुंबक वाले इलाकों में रखा, जो उसके चारों तरफ फैल रहे थे। खास बात ये थी कि ऊर्जा का व्यवहार बाहरी चुंबकीय क्षेत्र के सिलेंडर से तेज या धीमा घूमने पर बदल रहा था। बता दें कि जब सिलेंडर चुंबकीय इलाके की दिशा में लेकिन उससे तेज स्पीड से घूमता है तो इससे चुंबकीय इलाके की ताकत बढ़ती है। वहीं, अगर सिलेंडर धीमा घूमने लगता है तो इससे ऊर्जा घटने लगती है। इसे ही उस ब्लैक होल की थ्योरी का रियल वर्जन माना जा रहा है, जिसे अबतक हम किताबों में पढ़ रहे थे। बता दें कि यह खोज ब्लैक होल के बारे में बहुत कुछ जानने के लिए दरवाजा खोल सकती है।

## सबसे बड़े टेलिस्कोप की खींची तस्वीरों ने चौंकाया

# धरती तक 'आग' फेंकने वाला सूरज तो अंदर से निकला ठंडा!

**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे बड़े सोलर टेलीस्कोप 'डैनियल के इनौये' ने सूर्य की सतह की शानदार तस्वीर कैद की है, जिसमें सूर्य के धब्बे व तेज़ चुंबकीय गतिविधियां दिख रही हैं। हाल ही में जारी की गई यह तस्वीर ऐसे वक्त में आई है जब सूर्य अपने 11 साल की सौर चक्र के सबसे एक्टिव फेज की तरफ बढ़ रहा है। खास बात यह है कि यह यू.एस. नेशनल साइंस फाउंडेशन के नए विजिबल ट्यूनेबल फिल्टर से ली गई पहली तस्वीर भी है। दिसंबर की शुरुआत में ली गई हाई-रिज़ॉल्यूशन तस्वीर में विशाल सनस्पॉट का एक संग्रह भी दिखाई दे रहा है, जो आकार में महज 10 किलोमीटर की दूरी पर है। हालांकि, यह हज़ारों मील तक फैला हुआ है।

तस्वीर में दिए गए सनस्पॉट से पता चलता है कि यह हर एक पृथ्वी पर एक महाद्वीप के आकार का है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय सौर चक्र पूर्वानुमान पैनल नासा और नेशनल ओसियन और एटमोसफेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के वैज्ञानिकों ने अक्टूबर में बताया था की कि सूर्य अपनी अधिकतम सौर या गतिविधि के शिखर पर पहुंच गया है। यही कारण है कि शिखर के दौरान सूर्य के चुंबकीय ध्रुव उलट जाते हैं, जिससे इसकी सतह पर ज्यादा सनस्पॉट दिखाई देते हैं।



### हमारे जीवन को कैसे कर सकते हैं प्रभावित

एनएसएफ इनौये सोलर टेलीस्कोप के वैज्ञानिक फ्रेडरिक वोएगर ने कहा, '1800 के दशक में एक सौर तूफान (कैरिंगटन घटना) कथित तौर पर इतना ऊर्जावान था कि इससे टेलीग्राफ स्टेशनों में आग लग गई थी. हमें इन घटनाओं के भौतिक चालकों को समझने की जरूरत है और यह भी कि वे हमारी तकनीक और आखिरकार हमारे जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।'

### बड़े सौर विस्फोटों की वजह

ये सनस्पॉट सूर्य पर ठंडे एक्टिव इलाके हैं जो सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन जैसे बड़े सौर विस्फोटों की वजह बन सकते हैं। हालांकि, जब ये सौर विस्फोट होते हैं, तो वे स्पेस में आवेशित कणों को बाहर निकालते हैं और अगर ये कण जमीन पर पहुंचते हैं तो वे उपग्रहों में रूकावटें पैदा कर सकते हैं। साथ ही, ये बिजली की आपूर्ति और जीपीएस और फोन सिग्नल को भी प्रभावित कर सकते हैं।

### सूर्य की सतह के बाकी हिस्सों की तुलना में गहरे और ठंडे

कोलोराडो बोल्डर यूनवर्सिटी में एनवायरमेंटल साइंस रिसर्च के लिए कोऑपरेटि इंस्टीट्यूशन के रिसर्च साइंटिस्ट मार्क मीश ने कहा कि सूर्य के धब्बे चुंबकीय प्लग की तरह होते हैं जो सतह पर आने वाली कुछ गर्मी को रोकते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि वे सूर्य की सतह के बाकी हिस्सों की तुलना में गहरे और ठंडे दिखते हैं। हालांकि, उन्होंने इन सौर धब्बों की तुलना एक भट्टी से की। उन्होंने कहा, 'भले ही ये सौर धब्बे ठंडे हों, लेकिन फिर भी ये पृथ्वी पर मौजूद किसी भी भट्टी से ज़्यादा गर्म हैं।'

## न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, दक्षता को मिलेगा बढ़ावा

# सत्र न्यायालय में डिजिटल कोर्ट का उद्घाटन

**जबलपुर।** न्यायपालिका के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आज जिला एवं सत्र न्यायालय, जबलपुर में डिजिटल कोर्ट का उद्घाटन माननीय न्यायमूर्ति श्री सूर्य कांत, माननीय न्यायमूर्ति श्री जे.के. महेश्वरी, और माननीय न्यायमूर्ति श्री सतीश चंद्र शर्मा, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश, श्री सुरेश कुमार कैत की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कांफ्रेंस खंड में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक न्यायाधीश, माननीय श्री संजीव सचदेवा, प्रशासनिक न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य पेपरलेस अदालतों की परिकल्पना को आगे बढ़ाना, न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, दक्षता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के ओटीटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ था, जो ज़िला न्यायालय की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग को सक्षम करेगा, जो न्यायिक मर्यादा और सुरक्षा को बनाए रखते हुए न्याय तक सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक अग्रणी कदम है। माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैत ने डिजिटल कोर्ट प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें कागज़ के उपयोग को कम करने और मुकदमों की सुनवाई और निपटान में तेज़ी लाने के लिए न्यायिक दस्तावेजों के डिजिटलीकरण में इसकी भूमिका पर ज़ोर दिया गया। यह पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण व्यापक पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप है।माननीय श्री संजीव सचदेवा, प्रशासनिक न्यायाधीश, ने आईटी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय भारत की न्यायपालिका में तकनीकी नवाचार में सबसे आगे है।




कार्यक्रम में न्यायपालिका के समर्पित ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित अदालती कार्यवाही का सीधा प्रदर्शन किया गया, जिससे न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और वादियों को एक सुरक्षित, डिजिटल वातावरण में निर्बाध रूप से जुड़ने की अनुमति मिली। यह पहल एक अधिक सुलभ, कुशल और टिकाऊ न्यायिक प्रणाली के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो पूरे देश की अदालतों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करती है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ, जबलपुर के माननीय न्यायाधीशगण , माननीय श्री न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन, माननीय श्री न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, माननीय श्री न्यायमूर्ति विशाल धगत, माननीय श्री न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी, माननीय श्री न्यायमूर्ति द्वारकाधीश बंसल, माननीय श्री न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल, माननीय श्रीमती न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला, माननीय श्री न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल, माननीय श्री न्यायमूर्ति अवींद्र कुमार सिंह, माननीय श्री न्यायमूर्ति विनय सराफ, माननीय श्री न्यायमूर्ति विवेक जैन, माननीय श्री न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल, माननीय श्री न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा और माननीय श्री न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, खंडपीठ इंदौर के माननीय न्यायाधीश ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। इसके अतिरिक्त, ग्वालियर और इंदौर खंडपीठों के माननीय न्यायाधीशगण भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश राज्य भर के ज़िला और तहसील मुख्यालयों पर पदस्थ सभी न्यायिक अधिकारियों भी ज़िला न्यायपालिका में तकनीकी उन्नति के उदय के साक्षी वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रहे।

# जाति जनगणना की समय-सीमा के साथ हिस्सेदारी भी अनुपात में तय हो

जबलपुर।

शहर के विविध सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इस पहल को सामाजिक समावेशन की दिशा में युगांतकारी कदम करार दिया है। इन संगठनों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जाति जनगणना की स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करने की पुरज़ोर मांग रखी।



### वंचित समुदायों को मिलेगा उचित प्रतिनिधित्व

इस ज्ञापन में आग्रह किया गया कि जनगणना की प्रक्रिया को शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि वंचित और हाशिए पर खड़े समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व और संसाधनों का न्यायोचित वितरण सुनिश्चित किया जा सके। प्रतिनिधि मंडल ने इस ऐतिहासिक निर्णय पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव तथा दक्षिण भारत के कई प्रबुद्ध नेताओं के प्रति आभार भी प्रकट किया, जिन्होंने जातिगत आंकड़ों के संकलन की पुरज़ोर वकालत की थी।

### बिना समय-सीमा तय किए यह पहल अधूरी

ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे रामरतन यादव, घनश्याम यादव, बैजनाथ कुशवाहा, नोखेलाल प्रजा, रामकुमार पटेल, नरेश चक्रवर्ती, शैलेश लोधी, इंद्र कुमार कुलस्ते, घनश्याम चक्रवर्ती, संजय सेन, इमरान लाल नागर, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे सामाजिक न्याय की पुनर्रचना की ओर निर्णायक क़दम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि बिना समय-सीमा तय किए यह पहल अधूरी रह जाएगी और शासन को जल्द से जल्द इसकी रूपरेखा सार्वजनिक करनी चाहिए। संगठनों का मानना है कि यह कवायद समाज के वास्तविक ढांचे को समझने का अवसर प्रदान करेगी, जिससे नीतिगत स्तर पर न्यायसंगत परिवर्तन संभव हो सकेंगे।

# पुलिस अधिकारी कल्याण संघ ने शिवानी तिवारी को किया सम्मानित



**जबलपुर।** सतीश तिवारी की सुपुत्री सुश्री शिवानी तिवारी ने देश के सबसे बड़े इम्तिहान में सफलता हासिल कर अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है। शिवानी तिवारी ने बताया कि अपनी इस सफलता के पीछे 90% योगदान उनके माता-पिता का है। निश्चित ही यह बहुत गर्व की बात है और निश्चित ही इसका श्रेय सतीश तिवारी और उनकी पत्नी जाता है।

आज सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के द्वारा सुश्री शिवानी तिवारी और उनके माता-पिता का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अधिकारी अवधेश तिवारी, एमए अंसारी, अबरार अहमद कुरैशी, जयंत टैंभरे, डीएल तिवारी, अखिल वर्मा सहित सैकड़ों साथियों के साथ सुश्री शिवानी तिवारी को मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।





# संत निरंकारी मण्डल ने लगाया ऐतिहासिक रक्तदान शिविर

**जबलपुर।** संत निरंकारी मण्डल की शाखा जबलपुर में गोलबाजार संत निरंकारी सत्संग भवन में चेरिटेबिल फाउंडेशन के सौजन्य से विशालतम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों मिशन के रक्तदाताओं ने युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह के ब्रम्ह वाक्य "रक्त नाड़ियों में बहे, न कि नालियों में" पर समर्पित होकर रक्तदान किया।

संत निरंकारी भवन में प्रातः 10 बजे जगत बहादुर सिंह (अन्नु) महापौर के द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया। उनका स्वागत सेवादल के भाई, बहिनों के मार्च गीत "न हिन्दू, न सिख, ईसाई, न हम मुसलमान हैं, मानवता है धर्म हमारा हम केवल इंसान हैं" द्वारा तथा नवनीत नागपाल ने निरंकारी परम्परा के अनुसार दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

**25वें शिविर में 225 यूनिट तथा वर्ष भर जरूरतमंदों को 302 यूनिट, कुल रक्तदान 527 यूनिट का नया रिकार्ड बनाया**

उन्होंने रक्तदान हेतु रक्तदाता भाई, बहिन पंजीयन कराते व रक्त देते हुए अनेक युवा भाई बहिनों का उत्साहवर्धन कर मिशन की गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते कहा कि निरंकारी मिशन से मैं पिछले कई वर्षों से जुड़ा हुआ हूँ। मिशन के प्रत्येक सेवादार दिल से पूर्ण समर्पित भाव से मानवता की सेवा करते हैं ये इन पर ईश्वर की विशेष कृपा है। ये सेवादार भाई बहिन न सिर्फ शिविर में, बल्कि प्रतिदिन जरूरतमंदों को रक्त देने हेतु सदैव तत्पर रहते हैं, इनका सम्पूर्ण जीवन सुखमय रहेगा।रक्त संग्रहण नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, रानी दुर्गावती (एल्गिन) अस्पताल, जबलपुर ब्लड बैंक एवं सेठ गोविंददास 'विक्टोरिया' अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा उचित निरीक्षण के उपरान्त किया गया। यह जबलपुर में 25वां रक्तदान शिविर रहा, इस शिविर में 225 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त वर्ष भर में प्रतिदिन रक्तदाताओं ने जरूरतमंदों को 302 यूनिट रक्तदान कर नव-जीवन प्रदान करने में योगदान दिया। इस तरह वर्ष 2025 के 25वें में कुल रक्तदान 225+302=527, सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज ने विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए कहा मानवीयता का ऐसा गुण है, जो योगदान की भावना को दर्शाता है, ये करूण सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का सजीव माध्यम है, जो हमें सिखाता है मानवता सर्वोच्च धर्म है। कार्यक्रम की सफलता में साधसंगत व सेवादल के सभी भाई-बहिनों का विशेष योगदान रहा।



## बाबूलाल पहलवान की स्मृति में ईनामी दंगल 25 मई को

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सनातनी व्यायाम शाला के कुश्ती खेल को शिरोधार्य करने वाले ख्यातिलब्ध बाबूलाल पहलवान की स्मृति में 25 मई को एक दिवसीय ईनामी दंगल का आयोजन कैथल परिवार द्वारा डॉ. पाण्डेय अस्पताल के सामने खंडेलवाल कंपाउंड घमापुर चौक में अपरान्ह 03 बजे से किया जा रहा है। प्रायोजक जगदीश पहलवान, अशोक पहलवान, सुरेश पहलवान, विनोद पहलवान, राकेश पहलवान ने सभी खलीफाओं, पहलवानों व कुश्ती प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

## धनगर समाज महासंघ के चुनाव संपन्न



**जबलपुर।** आल इंडिया धनगर समाज महासंघ जबलपुर महानगर के कार्यसमिति चुनाव में सर्वसम्मति से गोपाल पाल (धनगर) को जिलाध्यक्ष एवं महिला विंग से अर्चना यादव (धनगर) को महिला जिलाध्यक्ष के पद पर प्रदेश अध्यक्ष अनिल धनगर ने नियुक्ति पत्र देकर सभी स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में पुष्पगुच्छ देकर एवं पुष्पहार पहना कर सम्मानित किया। दोनों नियुक्तियों से जिला धनगर समाज में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर संभाग एवं प्रदेश के विभिन्न पदों पर भी नियुक्तियां की गईं।

## भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकटोत्सव पर पूजन एवं सुंदरकाण्ड का आयोजन

**जबलपुर।** "सनातनी परंपरा समरसता की है, इससे समृद्ध भारत का निर्माण होता है। हमारे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमें समाज के एक व्यक्ति को दूसरे से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। जहां हम समाज के प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान के लिये दृढ़ संकल्पित होते हैं और सामाजिक भावना को भलिभांति आत्मसात करते हुये समाज के उन्नयन में अपना सहयोग प्रदान करते हैं। आज कायस्थ कुलदेव भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकटोत्सव पर मैं प्रार्थना करता हूं कि हम सभी कायस्थ एक जुटता के साथ एकदूसरे के सहयोगी बनें और समाज को परम वैभव की ओर ले जा सकें।"





# हिन्दू धर्मसेना ने इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध निकाला मौन अर्थी जुलूस

जबलपुर।

जबलपुर सदर के गणेश चौक स्थित काली माता मंदिर से इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध मौन अर्थी जुलूस 04 मई को निकालकर आक्रोशित हिन्दू समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। यह जुलूस भारत माता चौक (पेंटीनाका) तक निकाला गया, जहां इस्लामिक आतंकवाद का प्रतीकात्मक अर्थी दहन कर वीर बलिदानियों को सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई।

यह विरोध प्रदर्शन आक्रोशित हिन्दू समाज जबलपुर के आह्वान पर हिन्दू धर्म सेना मप्र के नेतृत्व में किया गया, जिसमें संस्कारधानी के 45 सामाजिक संगठनों ने भाग लिया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम सामूहिक पत्र, ज्ञापन सौंपाद। ज्ञापन में इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही की मांग की गई। इस विरोध प्रदर्शन में सम्पूर्ण हिन्दू समाज, महिला शक्ति, युवा वर्ग, धार्मिक संस्थान, मंदिर समितियां तथा किन्नर समाज सहित बड़ी संख्या में आक्रोशित हिन्दू शामिल हुए। इस अवसर पर हिन्दू धर्म सेना के प्रदेश संयोजक अर्पित सिंह ने कहा कि यह केवल एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध हिन्दू समाज का प्रतिकार है। देश में बढ़ते लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसा कुकृत्य या धर्म विशेष द्वारा किये जा रहे षड्यंत्र को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## जातिगत जनगणना कराने के केंद्र के निर्णय के समर्थन में अवाक्स ने रैली निकालकर मिष्ठान वितरण किया

**जबलपुर।** आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के तत्वावधान में आम्बेडकर चौक हाईकोर्ट के पास प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी, एड. तरुण रोहितास, प्रमेंद्र धुर्वे के नेतृत्व में आमजन को मिष्ठान्न वितरण कर ओबीसी की जातिगत जनगणना करने पर केंद्र सरकार के निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया गया।देवेश चौधरी ने मांग की है कि ओबीसी की जातिगत जनगणना की पारदर्शिता एवं समय सीमा का ध्यान रखा जाए एवं उसके आंकड़े सार्वजनिक किए जाएं ताकि संसाधनों का समान वितरण एवं आरक्षण का पुनरीक्षण किया जाए ताकि सच्चे अर्थों में सामाजिक न्याय क्रियान्वित किया जाए।इस अवसर पर शिवनाथ चौधरी आलम, डॉ. सत्येंद्र ब्यौहार, एड. अयोध्या चौधरी, दीपक चौधरी, डेनियल इब्राहिम, राजकुमार सिंह, शारदा आदि उपस्थित थे।

## रतन डागौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा की अनुशंसा पर संगठन के राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व हेतु जबलपुर वाल्मीकि समाज के प्रखर वक्ता, कुशल नेतृत्वकर्ता, विनम्र, शालीन, मृदुभाषी रतन डागौर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में हर्ष उल्लास का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर मप्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का हृदय से धन्यवाद प्रेषित करते हुए रतन कुमार डागौर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है।



## तीन गुना राशि वापस करने पर भी सूदखोर नहीं दे रहा जमीन के कागजात

**जबलपुर।** करमचन्द कॉफी हाउस में पत्रकार वार्ता में फ़रियादी रंजीत चौधरी ने अपने पर लगे सभी आरोपों का खंडन कर बताया कि राजनीतिक रसूखदारों के कहने पर जबरन मिथ्या भ्रामक आरोप लगाकर सम्पति पर कुदृष्टि रखे हैं दबंग सूदखोर, आज जबलपुर में सूदखोरों की प्रताड़ना से कई लोगों द्वारा आत्महत्या कर ली जाती है जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा सूदखोंरो पर कड़ी कार्रवाई का अभियान भी चलाया गया था, लेकिन सूदखोर आज भी लोगों को ब्याज पर पैसा देकर प्रताड़ित कर रहे हैं। ऐसा ही गंभीर आरोप रांझी निवासी बिल्डर रंजीत चौधरी ने पत्रकार वार्ता में सूदखोर अनिल गुप्ता के ऊपर लगाया है। रंजीत चौधरी का कहना है कि अनिल गुप्ता से कुल 7 लाख रुपए ब्याज पर लिए थे। इस दौरान पनागर स्थित जमीन के दस्तावेज अनिल गुप्ता के पास गिरवी में रखे गए थे। वहीं सूदखोर को 21 लाख 70 हजार चेक और नगद रुपए देकर वापस कर दिए गए जिसके बाद भी जमीन के कागज अनिल गुप्ता के द्वारा वापस नहीं किये जा रहे हैं। जिसको लेकर एसपी, कलेक्टर को शिकायत करने के साथ पनागर थाने और अनुसुचित जाति थाने में मामला दर्ज करवाया गया था, वहीं अब अनिल गुप्ता रांझी थाने में 420 का मामला दर्ज कराकर एफआईआर को वापस लेने का दबाव बना रहा है। राजनीतिक दबाव के चलते रांझी पुलिस ने बिना दस्तावेज की जांच के एफआईआर दर्ज कर ली है। लिखित दस्तावेज में सभी प्रकार की जानकारी होने पर भी रांझी थाना प्रभारी द्वारा एक तरफा कार्रवाई की जा रही है जिसकी जांच करने की मांग एसपी से की गई है। जिससे न्याय मिल सके।



## खबर संक्षेप

### मोटोरोला ने लांच किया स्मार्ट फोन एज 60 प्रो

**नई दिल्ली।** एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने अपनी एज 60 सीरीज में एक नया स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 प्रो लांच किया है। यह फोन बेहतरीन फीचर्स से लैस है–जैसे सेगमेंट का इकलौता 50एमपी + 50एमपी+ 50एक्स (टेलीफोटो) एआई कैमरा सिस्टम, एक खास एआई की, और सबसे पर्सनल और स्मार्ट ऑन-डिवाइस एआई अनुभव। मोटोरोला एज 60 प्रो की कीमत सिर्फ 29,999 रुपए से शुरू होती है।

### होम क्रेडिट ने शुरू किया ग्रीष्मकालीन ब्रैंड अभियान

**गुरुग्राम।** होम क्रेडिट इंडिया ने अपना नवीनतम ब्रैंड अभियान 'अपग्रेड करें लाइफ के सीन्स' लांच किया है। यह अभियान घरेलू उपकरणों के लिए ब्रैंड के किफायती, तेज, तकनीक-सक्षम और लचीले वित्तीय समाधानों की आसानी और सुविधा के बारे में बताता है। नया अभियान यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स और लिंक्डइन सहित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर लाइव है।

### प्रवेग ने रिसॉर्ट की कमान इंडियन होटल्स को सौंपी

**मुंबई।** प्रवेग लिमिटेड ने प्रमुख रिसॉर्ट 'प्रवेग एटोल्स', प्रवेग आइलैंड, लक्षद्वीप की संचालन जिम्मेदारी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड को औपचारिक रूप से सौंप दी है। यह हस्तांतरण दोनों कंपनियों के बीच घोषित होटल प्रबंधन समझौते के तहत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस हस्तांतरण के साथ, आईएचसीएल ने अपने प्रतिष्ठित सेलेक्शन्स ब्रांड के तहत बंगाराम आइलैंड रिसॉर्ट की पूरी कमान संभाल ली है।

### एजेस फेडरल ने की प्रोग्रो प्लान की शुरुआत

**मुंबई।** एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने प्रोग्रो प्लान को लांच किया है, जो यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान सेगमेंट में कंपनी की बिल्कुल नई और इनोवेटिव पेशकश है। प्रोग्रो प्लान को ऐसे लोगों के लिए तैयार किया गया है, जो अपने आर्थिक भविष्य को सुरक्षित रखते हुए लंबे समय में अपनी पूंजी बढ़ाना चाहते हैं। इस प्लान में तेजी से बदलते बाजार से जुड़ी विकास की संभावनाओं और जीवन बीमा की दमदार सुरक्षा का दोहरा फायदा मिलता है। प्रोग्रो प्लान में ग्राहकों की सहूलियत में उनकी पूंजी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# घोटालेबाजों की पोल खोलेंगे सेबी और आईसीएआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी में वृद्धि**

भारत में भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। देश की दो बड़ी संस्थाएं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) अब देश की अर्थव्यवस्था को खोखला बनाने वाले घोटालेबाजों की पोल खोलेंगे।

इसके लिए ये दोनों संस्थाएं सेबी और आईसीएआई मिलकर काम करेंगी। इस नई पहल के तहत आईसीएआई अब सेबी को तकनीकी और अनुसंधान सहयोग प्रदान करेगा, ताकि वित्तीय अनियमितताओं को पहचानने और रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। आईसीएआई अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहाकि इस दिशा में पहले ही एक हाई लेवल मीटिंग हो चुकी है, जिसमें सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय भी मौजूद थे। बैठक में निवेशकों के हितों की सुरक्षा, वित्तीय पारदर्शिता और अनियमितताओं पर सख्ती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस सहयोग के तहत आईसीएआई एक विशेष कार्य समूह (स्पेशल टास्क फोर्स) का गठन करेगा, जो धोखाधड़ी के पैटर्न पर शोध पत्र तैयार करेगा। यह रिपोर्ट सेबी की जांचों में अहम भूमिका निभाएगी।

### खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी

*हाल के वर्षों में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। महामारी के बाद लाखों नए निवेशक शेयर बाजार से जुड़े हैं, लेकिन इसके साथ ही धोखाधड़ी, शेयरों की कीमतों में हेरफेर और गलत तरीके से मुनाफा कमाने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। यह स्थिति ना केवल आम निवेशकों के लिए खतरा है, बल्कि बाजार की साख और स्थिरता के लिए भी चुनौतीपूर्ण है।*

## ई-फाइलिंग अनिवार्य, हाइब्रिड सुनवाई का प्रावधान

# जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नए नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सरकार ने जीएसटी न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) से जुड़े नियम अधिसूचित किए हैं। नए नियमों में आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और हाइब्रिड मोड में सुनवाई का प्रावधान किया गया है। नियमों में यह भी प्रावधान है कि यदि आवेदक का आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है तो दोपहर 12 बजे से पहले आवेदक की ओर से दायर किया गया कोई भी अत्यावश्यक मामला अगले कार्य दिवस पर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।

अपवाद वाले मामलों में अपीलीय न्यायाधिकरण या राष्ट्रपति की विशिष्ट अनुमति से, आवेदन को अगले दिन सूचीबद्ध करने के लिए दोपहर 12 बजे के बाद, लेकिन अपराह्न 3 बजे से पहले प्राप्त किया जा सकता है। जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए महत्वपूर्ण निकाय जीएसटीटी की पीठें राष्ट्रपति के आदेश के अधीन, सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बैठेंगी।

वस्तु व सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025 के अनुसार अपीलीय न्यायाधिकरण के प्रशासनिक कार्यालय सभी कार्य दिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। पिछले वर्ष मई में सरकार ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया था। मिश्रा झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश थे और उनका चयन भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति ने किया था। जीएसटीएटी केंद्रीय वस्तु व सेवा कर अधिनियम,2017 के तहत स्थापित अपीलीय प्राधिकरण है। यह प्रथम अपीलीय प्राधिकरण के आदेशों के विरुद्ध उक्त अधिनियम और संबंधित राज्य, संघ राज्य क्षेत्र जीएसटी अधिनियमों के तहत विभिन्न अपीलों की सुनवाई करता है।

# सरकार गुड़ और खांडसारी इकाइयों पर करेगी सख्ती



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बड़ी गुड़ और खाड़सारी इकाइयों और बेलगाम चीनी मिलों की लगाम कसने के लिए 1966 के चीनी नियंत्रण आदेश में संशोधन अधिसूचित करने का फैसला किया है।

इसमें संशोधन कर केंद्र सरकार 500 टन पेराई प्रतिदिन (टीसीडी) करने वाली 66 बड़ी गुड़ और खांडसारी इकाइयों को चीनी नियंत्रण आदेश के दायरे में लाएगा। इनमें से ज्यादातर इकाइयां उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हैं। इस संशोधन की बदौलत गन्ना किसानों को उचित और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित हो पाएगा और इससे चीनी उत्पादन का सही अनुमान लगाने में भी मदद मिलेगी। भारत की सालाना करीब 31 प्रतिशत गन्ना उत्पादन की खपत गुड़ और खांडसारी इकाइयों में होती है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि इस संशोधन का उद्देश्य चीनी क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले नियामकीय ढांचे को वर्तमान उद्योग की गतिशीलता और प्रौद्योगिकी में आए बदलाव के अनुरूप सरल और कारगर बनाना है। सचिव ने बताया कि इन्हें शामिल करने से गन्ना किसानों को खांडसारी इकाइयों से उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) हासिल हो पाएगा और इसके अलावा चीनी उत्पादन का बेहतर अनुमान हासिल होगा।

### दो माह में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत करना होगा

*खाद्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव अश्वनी श्रीवास्तव ने बताया कि देश में 373 खांडसारी इकाइयों की कुल क्षमता करीब 95,000 टन पेराई प्रतिदिन है। इनमें से 66 इकाइयों की क्षमता 500 टीसीडी से अधिक है। इन इकाइयों को इस आदेश के तहत विनियमित किया जाएगा। इन इकाइयों को नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) के तहत पंजीकृत किया जाएगा। इन इकाइयों को दो माह में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत करना होगा। इस आदेश में विभिन्न उप उत्पादों में गन्ने की खोई, गुड़, गुड़ की ढेली और ऐथनॉल शामिल हैं।*

### अभी तक 30 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया

*भारत की चीनी मिलें 2025-26 के सत्र में कम मांग के कारण आवंटित 10 लाख टन की जगह 8 लाख टन चीनी का निर्यात ही कर सकती हैं। इसमें से शेष 2 लाख टन चीनी की खपत देश में हो जाएगी। अभी तक 30 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया है।*

# डिजिटल बाजारों में प्रतिस्पर्धा को लेकर संसदीय समिति सख्त, सीसीआई और एमसीए से मांगी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की एक स्थायी समिति ने डिजिटल बाजारों में प्रतिस्पर्धा से जुड़े कई पहलुओं पर विस्तृत जानकारी मांगी है। समिति ने यह जानकारी भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से मांगी है। यह समिति 'भारत की अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा आयोग की बदलती भूमिका, खासकर डिजिटल क्षेत्र में' विषय पर विचार कर रही है। समिति की अध्यक्षता भाजपा नेता भर्तृहरि महताब कर रहे हैं। समिति की बैठक 28 अप्रैल को हुई थी। सूत्रों के अनुसार, समिति ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक 2024 से जुड़े कई पहलुओं पर जानकारी मांगी है। यह विधेयक बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कुछ जिम्मेदारियां तय करता है ताकि डिजिटल क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जा सके और एकाधिकार को रोका जा सके। इसके अलावा, समिति ने यह भी पूछा है कि क्या भारत-अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ताओं का इस विधेयक पर कोई प्रभाव पड़ रहा है।

#### सीसीआई में विशेषज्ञ और स्टाफ नियुक्ति की योजना बताएं

डिजिटल क्षेत्र में निगरानी और कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए सीसीआई में विशेषज्ञ और पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति की योजना के बारे में भी समिति ने जानकारी मांगी है। सूत्रों ने बताया कि समिति ने सीसीआई को मिलने वाले फंड, कर्मचारियों की संख्या और खाली पदों के बारे में भी जानकारी मांगी है। वहीं इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) समेत कुछ संस्थाओं ने इस विधेयक की कुछ धाराओं पर चिंता जताई है। मंत्रालय फिलहाल सभी हितधारकों से मिले सुझावों पर विचार कर रहा है। वहीं अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि डिजिटल प्रतिस्पर्धा के नियमों में क्या बदलाव आते हैं।

### डीसीबी बैंक का तिमाही में शुद्ध लाभ 177 करोड़ रहा

**मुंबई।** डीसीबी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आयोजित बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन किया। डीसीबी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ प्रवीण कुट्टी ने कहा कि डीसीबी बैंक का शुद्ध लाभ 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 177 करोड़ रहा। यह 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में यह 156 करोड़ था।

# इंफोसिस के सह-संस्थापक के खिलाफ एफआईआर खारिज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन और अन्य के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है।

कोर्ट ने शिकायत को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया। शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता प्रदान की। आदेश पारित करने वाले जज हेमंत चंदनगौदर ने कहा कि यह शिकायत याचिकाकर्ताओं को परेशान करने का एक कष्टप्रद प्रयास है।

यह एफआईआर भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व संकाय सदस्य डी.सन्ना दुर्गाप्पा द्वारा दर्ज की गई निजी शिकायत पर आधारित थी, जिन्हें यौन उत्पीड़न के आरोपों की आंतरिक जांच के बाद 2014 में बर्खास्त कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि 2015 में हाईकोर्ट में चुनौती दिए जाने के बाद बर्खास्तगी को इस्तीफे में बदल दिया गया था। दुर्गाप्पा ने संस्था और उसके प्रतिनिधियों के खिलाफ सभी शिकायतें वापस लेने पर सहमति व्यक्त की थी। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान एफआईआर में भी इसी तरह के आरोप हैं और यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

# पंजाब नेशनल बैंक ने किया 'पीएनबी वन बिज बैंकिंग एप' को अपग्रेड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने पीएनबी वन बिज मोबाइल बैंकिंग एप में महत्वपूर्ण अपग्रेड की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य कारोबारी ग्राहकों को स्मार्ट, तीव्र तथा अधिक सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करना है। इन नए संवर्धन में अब कई प्रभावशाली मॉड्यूल सम्मिलित हैं जो बैंकिंग को सरल बनाने और उद्यमों तथा उद्यमियों के लिए डिजिटल परिवर्तन का समर्थन करने की पीएनबी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उद्यमियों को ध्यान में रखकर बनाया गया यह मोबाइल-फर्स्ट बैंकिंग समाधान कारोबार संचालन को सुव्यवस्थित करता है, जो एमएसएमई को सुविधानुसार कुशल एवं सफल बने रहने में सक्षम बनाता है। चाहे भुगतानों को ट्रैक करना हो या लेन-देन का अनुमोदन हो, पीएनबी वन बिज कारोबार बैंकिंग को सरल और अधिक सुलभ बनाता है।

#### रिटेल ऋण कैंपेन 'पीएनबी निर्माण 2025' 20 जून तक चलेगा

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 20 जून 2025 तक अपने विशेष संस्करण रिटेल ऋण कैंपेन पीएनबी निर्माण 2025 की घोषणा की है। पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कहाकि इस पहल के अंतर्गत पीएनबी गृह और कार ऋणों के लिए जीरो प्रोसेसिंग और डाक्यूमेंटेशन शुल्क जैसे विशेष लाभ प्रदान कर रहा है, साथ ही एक निर्दिष्ट राशि से अधिक के गृह ऋण अधिग्रहण के लिए निःशुल्क एनईसी, कानूनी और मूल्यांकन भी दे रहा है।






## राशिफल

**मेष** – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** – मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** – नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार–चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** – शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** – भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** – मन में उतार–चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग–दौड़ भी अधिक रहेगी।

**बैंक के उत्पादों व सेवाओं का प्रचार प्रसार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगे**

# यूनियन बैंक ने क्षेत्रीय पहुंच बढ़ाने के लिए 15 सौ स्थानीय बैंक अधिकारियों की भर्ती की

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने तथा स्थानीय समुदायों के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करने की प्रतिबद्धता के तहत, विभिन्न राज्यों में 1,500 स्थानीय बैंक अधिकारियों को सफलतापूर्वक भर्ती कर लिया है। बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए अधिकारियों की क्षेत्रीय भाषाओं में लाभ उठाना इस रणनीतिक पहल का उद्देश्य है। नए भर्ती किए गए स्थानीय बैंक अधिकारी ग्राहक संबंधों को मजबूत करने, प्रभावी ढंग से शाखा चलाने तथा स्थानीय भाषाओं व संस्कृतियों की गहरी जानकारी का उपयोग करके, बैंक के उत्पादों व सेवाओं का प्रचार-प्रसार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगे।

उम्मीद है कि इन स्थानीय अधिकारियों की मौजूदगी से बातचीत में आने वाली अड़चनें दूर हो जाएंगी, जिससे ग्राहकों को व्यक्तिगत बैंकिंग का ज्यादा सहज और सुखद अनुभव प्रदान करने में सुविधा होगी। अपनी भूमिकाएं निभाते हुए स्थानीय बैंक अधिकारी बैंकिंग के लेनदेन और खाता प्रबंधन में ग्राहकों की मदद करेंगे तथा खुद को सौंपी गई परिचालन की विभिन्न जिम्मेदारियां पूरी करने के अलावा, वित्तीय निर्णय लेने में ग्राहकों का मार्गदर्शन करेंगे। स्थानीय बैंक अधिकारियों की यह भर्ती, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने तथा गहरे स्थानीय जुड़ाव के माध्यम से, कारोबार बढ़ाने का एक अहम कदम है।

### सेंट्रल बैंक को तिमाही में 1,034 करोड़ रुपए का लाभ


*सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने जनवरी-मार्च 2025 की तिमाही में 28 फीसदी की वृद्धि के साथ 1,034 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह लाभ 807 करोड़ था। बैंक ने सोमवार को चौथी तिमाही के नतीजों की जानकारी शेयर बाजार को दी। मुनाफे में यह बढ़ोतरी फंसे कर्जों में आई उल्लेखनीय कमी के कारण संभव हुई है। मार्च 2025 के अंत तक बैंक का सकल एनपीए घटकर 3.18 फीसदी हो गया, जो एक साल पहले 4.5 फीसदी था। इसी तरह शुद्ध एनपीए भी घटकर 0.55 फीसदी रह गया, जो पिछली वर्ष की समान अवधि में 1.23 फीसदी था। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक ने 3,785 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है, जो वर्ष 2023-24 के 2,549 करोड़ की तुलना में 78 फीसदी अधिक है। इस दौरान कुल आय भी बढ़कर 39,521 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष 35,434 करोड़ थी।*

### भारत टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम के 20 विजेताओं की घोषणा

**मुंबई।** क्रिएटिव एवं टेक दूरदृष्टा, वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट के लांच के लिए मुंबई में एकजुट हुए हैं। देश के ग्लोबल एंटरटेनमेंट परिवेश में नए अध्याय की शुरुआत करते हुए इंटरैक्टिव एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म विंजो ने इंटरैक्टिव एंटरटेनमेन्ट एंड इनोवेशन काउंसिल (आईईआईसी) के साथ मिलकर भारत टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम के 20 विजेताओं की घोषणा की।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5857



**बाएँ से दाए-**
1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5856 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5867

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5866 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |



# 'वॉर 2' का तलवारबाजी वाला सीन हुआ लीक...

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का एक सीन लीक हो गया है। यह इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हुए सीन में ऋतिक रोशन एक जापानी मठ में तलवारबाजी करते हुए में नजर आ रहे हैं। यह सीन इतना शानदार है कि इसे देखकर लगता है मानो कोई हॉलीवुड की बिग-बजट एक्शन फिल्म चल रही हो। इस लीक सीन ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। वायरल हो रहे सीन में ऋतिक रोशन एक शांत और खूबसूरत जापानी मठ में दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथ में पारंपरिक जापानी तलवार (कटाना) है।

लाइफ Style



# प्रियंका

## मेट गाला से पहले न्यूयॉर्क की सड़कों पर दिखीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की न्यूयॉर्क शहर से कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह पोज देती दिख रही हैं। मेट गाला इवेंट से पहले अभिनेत्री की ये स्टाइलिश तस्वीरें लोगों का ध्यान खींच रही हैं।

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की सोशल मीडिया पर कुछ स्टाइलिश तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह न्यूयॉर्क की सड़कों पर नजर आ रही हैं। आपके बताते चलें कि एक्ट्रेस की ये तस्वीरें मेट गाला फैशन इवेंट से ठीक एक दिन पहले यानी रविवार की हैं। इसमें प्रियंका का कूल अंदाज देखने को मिल रहा है, जो यह बता रहा है कि एक बार से अभिनेत्री मेट गाला फैशन इवेंट में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में प्रियंका चोपड़ा ब्राउन कलर के सिंपल कैजुअल ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। वहीं एक्ट्रेस खुले हुए बालों के साथ सनग्लास लगाए हुए भी दिख रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री लोफर शूज पहने हुए स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, एक तस्वीर में वो विक्ट्री साइन बनाते हुए दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा से पहले बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं। शाहरुख खान हाल ही में न्यूयॉर्क के जॉन एफ केनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखे गए थे, जिसके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मेट गाला फैशन इवेंट अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित होने वाला है। यह इवेंट 5 मई यानी सोमवार को होगा।

हॉलीवुड मसाला



# खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'




# गिगी ने ब्रैडली के साथ रिश्ते पर लगाई मुहर

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी फैशन मॉडल और टेलीविजन आर्टिस्ट गिगी हदीद ने रविवार को सोशल मीडिया हैंडस पर अपनी एक खास तस्वीर से अपने और ब्रैडली कूपर के साथ अपने रिश्ते से पर्दा उठा दिया है। इस तस्वीर से उन्होंने अपना रिश्ता आधिकारिक बना दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने जन्मदिन की कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन, उनके फैंस की निगाहें उनकी एक खास तस्वीर पर टिकी। इन तस्वीरों के साथ एक तस्वीर ऐसी भी है, जिसमें गिगी और ब्रैडली एक-दूजे को किस करते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर से उनका रिश्ता साफ हो गया है कि वाकई में दोनों एक-दूजे को डेट कर रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'मैं 30 की होने पर खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं हर उतार-चढ़ाव के लिए बहुत लकी महसूस करती हूं- उन सभी सबक और गिफ्ट्स के लिए, जो लोगों ने मुझे दिए हैं। यह सब महसूस करने के लिए!



# पॉवर कपल के रूप में आएंगे नजर ...

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवी'। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है।



# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। बॉलीवुड हंगामा ने एक सूत्र के हवाले से बताया, 'सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे।

टीवी मसाला



# जयति भाटिया और सुधांशु पांडे का रोमांस हुआ वायरल

**नई दिल्ली।** टीवी जगत में एक्ट्रेस जयति भाटिया ने खूब नाम कमाया है। ससुराल सिमर का से लेकर कई हिट सीरियल में उन्होंने काम किया है तो हीरामंडी जैसी वेब सीरीज में भी नजर आईं हैं। मगर उन्हें दीपिका कक्कड़ की ऑनस्क्रीन सासु मां व शोएब इब्राहिम की मां के रोल में लोग आज भी भूला नहीं पाए हैं। लेकिन, क्या आपको याद है जब जयति भाटिया ने अनुपमा के वनराज उर्फ सुधांशु पांडेय संग रोमांस किया था। हाल में ही इंस्टाग्राम पर सुधांशु पांडेय और जयति भाटिया के शो की एक क्लिप वायरल हुई, जिसमें दोनों का रोमांस देखने को मिला। इस शो का नाम था कन्यादान। जिसे एकता कपूर ने बनाया था। इस शो का हिस्सा किरण खेर भी थीं। जयति भाटिया और सुधांशु पांडे की उम्र में 4 साल का अंतर हैं। जयति जहां 54 साल की हैं तो सुधांशु 50 साल के हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री का बड़ा नाम रहे हैं और दोनों ने ही टॉप सीरियल्स में काम किया है। ये शो मां बेटियों के रिश्ते पर आधारित था। जहां किरण खेर (रक्षा) ने जयति की मां का रोल प्ले किया था। ये शो 1999 से 2000 तक आया था जिसे एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था। उस समय ये शो काफी पॉपुलर हुआ था।

## अभीर ने किया कियारा का अपमान

**नई दिल्ली।** राजन शाही के पॉपुलर सीरियल में इस बार इमोशंस, इगो और इनसाफ की टक्कर देखने को मिलेगी। जहां एक ओर अभिरा और अरमान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं, वहीं गोयनका और पोद्दार फैमिली आमने-सामने आ खड़ी होती है। एपिसोड की शुरुआत अरमान और अभिरा की बहस से होती है। अरमान चाहता है कि अभिरा अब सिर्फ अपने आने वाले बच्चे पर ध्यान दे और पारिवारिक झगड़ों से दूर रहे, लेकिन अभिरा इस मांग को ठुकरा देती है और कहती है कि एक बड़ी बहू और बेटे की जिम्मेदारी सिर्फ एक बच्चा नहीं, पूरा परिवार होता है। अरमान इस बात से



नाखुश है और रिश्ते पर तनाव बढ़ता जा रहा है। चारु पूरे आत्म-सम्मान के साथ गोयनका हाउस पहुंचती है। वहां अभीर न सिर्फ उसका स्वागत करता है, बल्कि कियारा का सामान हटाकर अपने कमरे में चारु को जगह दे देता है। इस अपमान से आहत कियारा, रिश्ते को खत्म करने का फैसला लेती है। एक मंदिर में जब गोयनका और पोद्दार परिवार आमने-सामने आते हैं, तब अभिरा सबके सामने ऐलान करती है कि कियारा तलाक के लिए तैयार है और वो उसका केस लड़ेगी।

# बागी बेचारे' में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी, फैसल -प्रतीक भी आए साथ

*मुंबई। बॉलीवुड में नई फिल्म के जरिए धमाल मचाने की तैयारी की जा रही है और इसका नाम है 'बागी बेचारे'। मशहूर लेखक और निर्माता सुमित पुरोहित इस बार निर्देशक की कुर्सी संभाल रहे हैं। यह फिल्म बीई8 फिल्म्स प्रोडक्शन (अश्वनी कुमार), ट्रेनट्रिपर फिल्म्स और इनक्लूसिव पिक्चर्स के सह-निर्माण से बन रही है। बागी बेचारे में 'स्कैम 1992' फेम प्रतीक गांधी, 'पाताल लोक' के अभिषेक बनर्जी और 'पंचायत' के फैसल मलिक जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। वहीं, मिर्जापुर के लेखक पुनीत कृष्णा इस प्रोजेक्ट में सह-लेखक की भूमिका में हैं, जबकि 'इनसाइड एज' और 'श्रीकांत' के प्रोजेक्ट्स लिख चुके सुमित पुरोहित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसके अलावा, 'बंबई मेरी जान' के निर्माता अश्वनी कुमार और क्रिएटिव प्रोड्यूसर देवांश पटेल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'बागी बेचारे' एक व्यंग्यात्मक कहानी है, जो आज के समय को आईना दिखाएगी।*



*सुमित पुरोहित ने वैरायटी के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'व्यंग्य मेरे लिए एक तरह का सुकून है। यह हमें उन सच्चाइयों का सामना करने की हिम्मत देता है, जो ना तो पूरी तरह सच लगती हैं और ना ही इन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। इतने सारे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करना मुझे यह यकीन दिलाता है कि हम ऐसी कहानियां बता सकते हैं, जो ना सिर्फ ईमानदार हों, बल्कि हमारे समय को बेबाकी से दर्शाएं।' प्रतीक गांधी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना, जो सच्ची कला और सहयोग से बनी हो, बहुत खास है। एक अभिनेता के तौर पर यह प्रेरणादायक है और मैं इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता हूं।'*

# हमें पुरानी फिल्मों से सीखने की जरूरत : जैकी

**मुंबई।** लोग कहते हैं टिकट की कीमतें अधिक हैं, लेकिन मेरा मानना है कि लोगों का समय सबसे महंगा है। आजकल की जेन जी जेनेरेशन पुरानी फिल्मों का अनुभव करना चाहती है। यही कारण है कि वो ऑनलाइन उपलब्ध होने पर भी सिनेमाघरों में जाकर पुरानी फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। ये बातें एक्टर से प्रोड्यूसर बने जैकी भगनानी ने वेव्स समिट 2025 में बोलते हुए कहीं।

***सीमित संसाधनों में बनाई शानदार फिल्में :*** मुंबई में आयोजित वेव्स समिट 2025 का रविवार को अंतिम दिन था। इस बीच एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी भी इस समिट का हिस्सा बने। 'बियॉन्ड नॉस्टेल्जिया: द बिजनेस ऑफ रिस्टोर्ड क्लासिक्स' विषय पर आधारित चर्चा में भाग लेते हुए जैकी भगनानी ने सिनेमा की नई दुनिया को लेकर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि क्लासिक फिल्में दर्शकों को क्यों आकर्षित करती हैं और आज के फिल्म निर्माता कैसे पिछली फिल्मों और अतीत से प्रेरणा ले सकते हैं। 1970 से लेकर 2000 तक के दशक को याद करते हुए जैकी ने कहा, उस वक्त की फिल्मों में निर्माताओं ने सीमित संसाधनों के साथ शानदार काम किया है और यादगार कहानियां दी हैं। यह शानदार राइटिंग और ईमानदारी से किए गए काम की वजह से संभव हो पाया। आज भी मैं उन फिल्मों से प्रभावित हू। मैं खुद से ये पूछता रहता हूं कि उस समय उन्होंने ऐसा कैसे किया



***पुरानी फिल्मों को बेहतर क्वालिटी में लाने पर कही ये बात :*** पुरानी फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको अच्छे प्रिंट में लाने पर जैकी ने कहा, 'फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको बेहतर क्वालिटी में तैयार करने का तलब सिर्फ पुराने प्रिंट को स्कैन करना नहीं है। सोचिए 'सिलसिला' फिल्म से मिस्टर बच्चन के यादगार किरदार को वापस लाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाए। यह भी एक तरह से उसे बचाना और उसे नए तरह से लाना ही है।

## दर्शकों के मूड पर निर्भर करती है फिल्म की सफलता

आज के वक्त में एक फिल्म को क्या चीज सफल बनाती है। इस सवाल का जवाब देते हुए जैकी ने कहा, 'इसका एक जवाब नहीं है। हमने 'रहना है तेरे दिल में'को फिर से रिलीज किया और इसने अच्छा प्रदर्शन किया। हमें लगा कि 'बीवी नंबर 1' और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। दर्शकों का मूड बदलता रहता है। पीछे मुड़कर देखें तो आप इसे समझने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन, सबसे अच्छी बात यह है कि यह 50 प्रतिशत डेटा है और 50% हिम्मत है। अगर आप दोनों को मिला सकते हैं, तो आप अपने मौके बढ़ा सकते हैं।'

## रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की है चुनौती

# 16 साल में 10 बॉक्स ऑफिस क्लैश, शाहरुख से लेकर रणबीर तक से भिड़े अजय

***नई दिल्ली।*** *अजय देवगन की हालिया रिलीज 'रेड 2' इन दिनों सिनेमाघरों में पैसे छाप रही है। हालांकि, 'रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की चुनौती है। क्योंकि फिल्म की जिन फिल्मों के साथ टक्कर हो रही है, उनमें संजय दत्त की 'द भूतनी' से लेकर साउथ की दो बड़ी फिल्में 'रेट्रो'और 'हिट 3' शामिल हैं। हालांकि, इन फिल्मों से मुकाबला करते हुए अजय देवगन की 'रेड 2' रफ्तार से आगे बढ़ रही है। फिल्म को क्रिटिक्स से भी काफी तारीफें मिल रही हैं। वैसे ये पहला मौका नहीं है जब अजय देवगन की फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर दूसरी फिल्मों से टक्कर हुई हो। इससे पहले भी कई बार अजय की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश हुआ है। इनमें कभी अजय देवगन ने बाजी मारी है, तो कभी उनकी फिल्मों को इस क्लैश का नुकसान उठाना पड़ा है।*

### सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3




पिछले साल दीपावली पर अजय देवगन का मुकाबला राइजिंग स्टार कार्तिक आर्यन से हुआ था। जब अजय देवगन की 'सिंघम अगेन'और कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' बॉक्स ऑफिस पर टकराई थीं। कहीं न कहीं इस टक्कर का नुकसान दोनों ही फिल्मों को हुआ था। हॉरर-कॉमेडी और एक्शन की टक्कर में बाजी कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने मारी थी। सिंघम अगेन जहां 297 करोड़ तक पहुंची थी, तो वहीं कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने 311 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### शिवाय और ऐ दिल है मुश्किल




साल 2016 में अजय देवगन और रणबीर कपूर के बीच बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देखने को मिली थी। जब अजय देवगन की 'शिवाय' और रणबीर कपूर की 'ऐ दिल है मुश्किल' एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं। शिवाय को खुद अजय देवगन ने डायरेक्ट किया था, जबकि 'ऐ दिल है मुश्किल' करण जौहर के निर्देशन में बनी थी। इसमें रणबीर कपूर की फिल्म ने अजय देवगन की फिल्म पर बढ़त हासिल की थी। अजय की 'शिवाय' एवरेज रही थी। 'शिवाय' की भारत में कमाई जहां 138.55 करोड़ रही थी, तो वहीं 'ऐ दिल है मुश्किल' ने 158.47 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### तान्हाजी और छपाक

2020 में अजय देवगन की 'तान्हाजी'के सामने दीपिका पादुकोण की 'छपाक' रिलीज हुई थी। हालांकि, 'तान्हाजी'ब्लॉकबस्टर रही थी, जबकि 'छपाक'कमाई करने में काफी पीछे रह गई थी। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स की सराहना जरूर मिली थी।



### सन ऑफ सरदार और जब तक है जान

साल 2012 में अजय देवगन की टक्कर बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से हुई थी। इस साल अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार' के सामने शाहरुख खान की 'जब तक है जान' ने मुकाबला किया। दोनों ही फिल्मों की कमाई ठीक-ठाक रही थी। अजय जहां कॉमेडी लेकर आए थे, तो वहीं शाहरुख अपने रोमांटिक अंदाज में एक कहानी लेकर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर 'जब तक है जान' ने तकरीबन 167 करोड़ से ऊपर की कमाई की थी।






# आईपीएल : म्हात्रे, सूर्यवंशी ने उम्र से परे परिपक्वता दिखाकर बिखेरी चमक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रोमांचक मैच को दो रन गंवाने के बाद कहा, 'मुझे आगामी अंडर-19 विश्व कप में उन टीमों के बारे में सोच कर चिंता हो रही है जिन्हें भारत का सामना करना होगा'।

फ्लेमिंग ने यह बात थोड़े चुटीले अंदाज में कही लेकिन आईपीएल के मौजूदा सत्र में वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे जैसे युवा सितारों ने उम्र को धता बताते हुए जो निडरता और परिपक्वता दिखाई है उससे भारतीय क्रिकेट का भविष्य काफी मजबूत दिखता है।

### भुवनेश्वर की गेंदों पर लगाए पांच चौके और एक छक्का

महात्रे ने अपनी पारी के दौरान चौथे ओवर में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ पांच चौके और एक छक्का लगाकर प्रभावित किया। उन्होंने इस दौरान कोई भी आड़ा-तिरछा शॉट नहीं खेला। यह उस भरोसे का प्रमाण था जो चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ महीने पहले म्हात्रे को अपने चयन ट्रायल के नेट सत्र के दौरान देखा था। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की चोट ने उन्हें मुंबई के इस खिलाड़ी को चुनने मौका दे दिया।



### महात्रे ने 48 गेंद में बनाए 94 रन

*17 साल के महात्रे ने 48 गेंद में 94 रन की पारी खेल कर आरसीबी के खिलाफ चेन्नई के लिए जीत का मंच तैयार कर दिया था हालांकि उनकी टीम दो रन से पीछे रह गई। महात्रे की इस पारी ने प्रशंसकों को कुछ दिन पहले 14 साल के सूर्यवंशी की 35 गेंद में खेली गई शतकीय पारी की याद दिला दी। महात्रे की पारी से 214 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही चेन्नई को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए सिर्फ 23 रन चाहिए थे।*

### संयमित शॉट से हुआ चयन

चेन्नई की टीम के प्रबंधन के मुताबिक वह ट्रायल में गुजरात के उर्विल पटेल और केरल के सलमान निजार से बहुत आगे थे। फ्लेमिंग ने म्हात्रे को चुनने के पीछे के तर्क को समझाते हुए कहा, 'जब उन्होंने ट्रायल दिया और सत्र के शुरुआती हिस्से में हमारे साथ थे, तो हम उनके कौशल से बहुत प्रभावित हुए थे। उनका संयम काफी प्रभावशाली था। बहुत सारे शॉट लगाने में माहिर होना अच्छी बात है लेकिन दुनिया के बड़े खिलाड़ियों के सामने धैर्य बनाये रखना और टीम की योजना को अंजाम देने में सफल होना काबिले तारीफ है।'

### सूर्यवंशी की बैक लिफ्ट बहुत अच्छी

सूर्यवंशी ने भी कुछ दिन पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ आक्रामक पारी के साथ क्रिकेट जगत के साथ राजस्थान के कोच राहुल द्रविड़ को भी प्रभावित किया था। द्रविड़ ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' के दौरान कहा था, 'उसकी बल्ले की गति बहुत अच्छी है। उसकी बैक लिफ्ट बहुत अच्छी है। गेंद की लेंथ के बारे में निर्णय लेने के मामले में उसका हाथ-आंखों का समन्वय बहुत अच्छा है। वह गेंद की लंबाई को जल्दी भांप कर शॉट खेलता है।'

### दिग्गजों को दोनों युवाओं से निपटना चुनौतीपूर्ण

फ्लेमिंग म्हात्रे और सूर्यवंशी से काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा, 'उनके बेखौफ होकर खेलने हुए देखना असाधारण है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप 14, 18 या 21 साल के हैं। हमने जो पारियां खेली हैं, खासकर इन दो युवाओं ने वह बेहतरीन है। यह उम्र से परे उनकी परिपक्वता को दिखाता है। मुझे लगता है कि दुनिया भर के गेंदबाजों के लिए उनके कौशल से निपटना काफी चुनौतीपूर्ण है।'

खास खबर

## आर्यना सबालेंका ने जीता करियर का 20वां खिताब



**मैड्रिड।** विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना तीसरा और करियर का 20वां खिताब जीता। सबालेंका ने पहले सेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया और काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर अमेरिकी खिलाड़ी को 6-3, 7-6 (3) से हराया। सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड में खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने पेट्रा क्वितोवा के टूर्नामेंट रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रिस्बेन और मियामी के बाद यह सबालेंका का इस वर्ष का तीसरा खिताब भी है।

## पिकॉल्ट, सुआरेज़, मेसी ने गोल करके मियामी को दिलाई जीत



**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। इंटर मियामी ने मेजर सॉकर लीग फुटबाल टूर्नामेंट में न्यूयॉर्क रेड बुल्स को 4-1 से हराया। इंटर मियामी ने इस तरह से डलास से 4-3 की हार के बाद वापसी की। पिछले मैच में हार से उसका आठ मैचों की अजेय क्रम टूट गया था। मेसी ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में 67वें मिनट में गोल किया। इससे पहले पिकॉल्ट ने नौवें मिनट में गोल करके मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। मार्सेलो वेइगांड्ट ने 30वें मिनट में और लुई सुआरेज़ ने 39वें मिनट में गोल करके मियामी को 3-0 की बढ़त दिला दी थी।

## केदारलिंग को पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक

**भोपाल।** सेना के निशानेबाज केदारलिंग बालकृष्ण उचागांवे ने शनिवार को यहां 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके साथी अजय कुमार अंबावत ने रजत पदक हासिल किया। नौसेना के उज्जवल मलिक ने कांस्य पदक जीता। केदारलिंग और अजय दोनों 24 शॉट के फ़ाइनल के अंतिम दो शॉट से पहले 223.6 से बराबरी पर थे। अजय ने हालांकि अपने 23वें शॉट में 10.9 का परफेक्ट स्कोर बनाया जिससे वह 0.7 से आगे हो गए। अजय ने अंतिम निशाने में केवल 9.6 अंक बनाए जबकि केदारलिंग ने दबाव में 10.6 (244.4) के मजबूत स्कोर के साथ 0.3 से जीत हासिल की। इस स्पर्धा का जूनियर वर्ग का खिताब चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने जीता जिन्होंने फाइनल में 241.6 का स्कोर किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



विराट कोहली – 505 रन – बेंगलुरु

प्रसिद्ध कृष्णा – 19 विकेट – गुजरात

### आरआर के कप्तान रियान पराग की 95 रन की पारी बेकार

# अंतिम गेंद पर नहीं बने तीन रन, एक रन से जीता कोलकाता, आंद्रे रसेल बने हीरो

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

प्लेऑफ की उम्मीद लेकर ईडन गार्डन्स पर उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान को आखिरी गेंद पर एक रन से हराया और अपने को टूर्नामेंट में बनाए रखा है। राजस्थान को आखिरी गेंद पर 3 रन की जरूरत थी, लेकिन केकेआर ने नहीं बनाने दिया। 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। इस सीजन शतक जड़कर इतिहास रच चुके वैभव सूर्यवंशी मात्र 4 रन बनाकर आउट हो गए।

रायल्स के लिए अपने डेब्यू मैच में क्रुणाल सिंह राठौर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए कप्तान रियान पराग और यशस्वी जायसवाल के बीच 31 गेंद पर 58 रन की साझेदारी हुई। मैच में रोमांच तब बढ़ गया, जब जायसवाल 34 रन बनाकर मोईन अली का शिकार बने। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने तीन गेंद के अंदर ध्रुव जुरेल (0) और वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लेकर केकेआर की तरफ मैच मोड़ दिया।



**रसेल का दिखा दम** रहाणे ने रघुवंशी के साथ मिलाकर 31 गेंद पर 42 रन की साझेदारी की। आंद्रे रसेल को बल्लेबाजी में प्रमोट किया गया और उन्होंने निराश नहीं किया। अंगकृष रघुवंशी (44) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 33 गेंद पर 61 रन की साझेदारी की। इस दौरान रसेल का बल्ला खूब चला। तेज खेलते हुए रसेल ने फिफ्टी पूरी की। रसेल 25 गेंद पर चार चौके और छह छक्को के साथ 57 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में दो सिक्स और एक चौके के साथ 6 गेंद पर नाबाद 19 रन की तेज पारी खेली। राजस्थान के लिए चार अलग-अलग गेंदबाजों ने एक-एक विकेट चटकाए।

### 92 रन की साझेदारी

एक छोर पर खड़े कप्तान रियान पराग ने मोईन अली के एक ओवर में लगातार पांच छक्कों की मदद से 32 रन कूट कर मैच फिर से राजस्थान की तरफ ला दिया। दूसरे छोर से शिमरन हेटमायर ने भी बखूबी साथ दिया, लेकिन 29 रन बनाकर वह हर्षित राणा का शिकार बने। रियान और हेटमायर के बीच 92 रन की साझेदारी हुई। रियान पराग भी 45 गेंद पर 95 रन बनाकर आउट हो गए और मैच फंस गया।

### एक रन से मिली हार

आखिरी ओवर में राजस्थान को जीत के लिए 22 रन चाहिए था। स्ट्राइक पर शुभम दुबे ने दो सिक्स और एक चौका लगाकर मैच जिताने की कोशिश की लेकिन, आखिरी गेंद पर तीन रन नहीं बन सके और राजस्थान एक रन से मैच हार गई। राजस्थान 205 रन ही बना सकी।

### स्पिन का शिकार हुए रहाणे

*इससे पहले टॉस जीतकर पहले केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। केकेआर की शुरुआत खराब रही। 13 के स्कोर पर नरेन 11 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे विकेट के लिए 33 गेंद पर कप्तान रहाणे (30) और रहमानुल्लाह गुरबाज (35) के बीच 56 रन की साझेदारी हुई।*

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का हेटमायर बो तीक्षणा | 35 | 25 | 4 | 1 |
| सुनील नारायण बो युद्धवीर | 11 | 09 | 1 | 1 |
| अजिंक्य रहाणे का जुरेल बो पराग | 30 | 24 | 1 | 2 |
| रघुवंशी का स्था (ए शर्मा) बो आर्चर | 44 | 31 | 5 | 0 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 57 | 25 | 4 | 6 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 19 | 06 | 1 | 2 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 206/4

गेंदबाजी : आर्चर 4-0-30-1, युद्धवीर 2-0-26-1, तीक्षणा 4-0-41-1, मधवाल 3-0-50-0, हसरंगा 4-0-35-0, पराग 3-0-21-1.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का रिंकू बो मोईन | 34 | 21 | 5 | 1 |
| सूर्यवंशी का रहाणे बो अरोड़ा | 04 | 02 | 1 | 0 |
| राठौड़ का रसेल बो मोईन | 00 | 05 | 0 | 0 |
| पराग का अरोड़ा बो हर्षित | 95 | 45 | 6 | 8 |
| वानिंदु हसरंगा बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल बो चक्रवर्ती | 00 | 02 | 0 | 0 |
| हेटमायर का नारायण बो हर्षित | 29 | 23 | 1 | 1 |
| शुभम दुबे नाबाद | 25 | 14 | 1 | 2 |
| आर्चर रन आउट (रिंकू/ अरोड़ा) | 12 | 08 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 06, कुल : 20 ओवर में 205/8

**गेंदबाजी :** अरोड़ा 4-0-50-1, मोईन 3-0-43-2, हर्षित 4-0-41-2, चक्रवर्ती 4-0-32-2, नारायण 4-0-27-0, रसेल 1-0-11-0.

### खबर संक्षेप



### हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली का मैच आज

**हैदराबाद।** अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम घरेलू मैदान पर कमजोर प्रदर्शन से उबरकर सोमवार को यहां निचले हाफ में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैच में अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 हार से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने विरोधियों के मैदान पर बेहतर प्रदर्शन की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी है।

### खलील को गेंद थमाने का फैसला सही था

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ यहां खेले गए मैच में 19वें ओवर में 33 रन लुटाने के बावजूद तेज गेंदबाज खलील अहमद का भरपूर समर्थन किया।



चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंशुल कंबोज का एक ओवर शेष रहने के बावजूद अहमद को गेंदबाजी के लिए बुलाया लेकिन उनका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ क्योंकि रोमारियो शेफर्ड के आक्रामक अंदाज के सामने यह तेज गेंदबाज कमजोर पड़ गया।

### इंग्लैंड दौरे में असरदार होंगे कुलदीप

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व चयनकर्ताओं और कोचों का मानना है कि कुलदीप यादव एक ऐसे मैच विजेता खिलाड़ी हैं जो इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं



तथा कलाई के इस स्पिनर को बल्लेबाजी ऑलराउंडरों पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। जडेजा अपने बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पहली पसंद होंगे लेकिन कुलदीप के टीम में शामिल होने से भारत का स्पिन विभाग और मजबूत हो जाएगा।

आरआर के लिए किया डेब्यू

## कुणाल 8 वर्ष की उम्र से खेल रहे क्रिकेट, हैडिन हैं आदर्श



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में कुणाल सिंह राठौर को डेब्यू का मौका दिया। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज को टीम ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में खरीदा था। राजस्थान पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, जबकि केकेआर की उम्मीदें फिलहाल जीवंत है।

कोटा में नौ अक्टूबर, 2002 को जन्में कुणाल आठ वर्ष की आयु से क्रिकेट खेल रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के महान विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को अपना आदर्श मानते हैं। राजस्थान ने उन्हें मेगा नीलामी में 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर टीम का हिस्सा बनाया था। अब वह आईपीएल में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।

कुणाल राजस्थान के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और विकेटकीपिंग में माहिर हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022-23 के जरिए टी20 में डेब्यू किया था। इस दौरान उन्होंने 128.94 के स्ट्राइक रेट से 147 रन बनाए थे। अगले सत्र में कुणाल ने सिर्फ 107 रन बनाए। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट 152.85 का हो गया। कुणाल के नाम 12 टी20 मैचों में 254 रन दर्ज हैं। इसमें एर अर्धशतक शामिल है। वहीं, 13 फर्स्ट क्लास और 16 लिस्ट ए मैचों में युवा बल्लेबाज ने क्रमशः 580 और 404 रन बनाए हैं।

### लाहिड़ी 45वें स्थान पर रहे, डेचैम्ब्यू बने विजेता

*इंचियोन। भारतीय खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी ने रविवार को यहां अंतिम दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाया और इस तरह से वह लिव गोल्फ कोरिया में संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर तीन ओवर का रहा। उन्होंने तीन दौर के इस टूर्नामेंट में 68, 79 और 72 का कार्ड खेला। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस टीम क्रशर्स का हिस्सा था, जिसने टीम चैंपियनशिप जीती। इस टीम का नेतृत्व अमेरिका के ब्रायसन डीचैम्ब्यू ने किया था जो व्यक्तिगत खिताब भी जीतने में सफल रहे। डेचैम्ब्यू ने अंतिम दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ करते हुए दोहरी सफलता हासिल की। उन्होंने तीन दिन में 65, 66 और 66 का कार्ड खेला।*

## पंजाब में चोटिल मैक्सवेल की जगह ओवेन शामिल



*मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स ने चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिच ओवेन को टीम में शामिल किया है। मैक्सवेल अंगुली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए हैं। इस साल आईपीएल में ऑस्ट्रेलिया के मैक्सवेल का प्रदर्शन काफी खराब रहा और वह सात मैच में केवल 48 रन ही बना सके जिसमें से छह बार वह दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे। मैक्सवेल को 26 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए मैच के दौरान चोट लगी थी जिसमें वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे।*

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एक रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर एकमात्र जीत दर्ज करते हुए दौरे का समापन किया। स्ट्राइकर नवनीत कौर ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में 21वें मिनट में मैच विजयी गोल किया। भारत को इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था और फिर टीम एक मई और तीन मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 और 2-3 से पराजित हो गई थी।

मेहमान टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें और अंतिम मैच में बेहतरीन हॉकी खेली और मेजबान टीम को करीबी मुकाबले में शिकस्त दी। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किए,



लेकिन भारत के मजबूत डिफेंस ने उन्हें पहला गोल करने से रोक दिया। दूसरे क्वार्टर में छह मिनट बाद भारत ने उप-कप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। नवनीत ने शनिवार को भारत की 2-3 की हार में भी गोल किया था। दूसरे हाफ में दोनों टीमें गोल करने के लिए बेताब थीं लेकिन भारत ने संयम बनाए रखा और बढ़त का सफलतापूर्वक बचाव किया।

### श्रीलंका ने भारत को तीन विकेट से दी मात

**कोलंबो।** श्रीलंका ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत को तीन विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने नौ विकेट पर 275 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मेहमान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की 48 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत कौर (30), प्रतीका रावल (35) और जेमिमा रोड्रिग्स (37) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके जवाब में श्रीलंका ने 49.1 ओवर में सात विकेट पर 278 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निलाक्षिका सिल्वा ने 56 रन बनाए।

### टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन, पांच मैचों की खेलनी है टेस्ट श्रृंखला

# इंग्लैंड दौरे से पहले फॉर्म में नहीं शमी, हो रही कुटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम को आईपीएल की समाप्ति के बाद इंग्लैंड दौरे पर जाना है। इंग्लैंड दौरे पर भारत को मेजबान टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलने हैं। इस दौरे के लिए भारतीय टीम के सेलेक्शन पर सबकी निगाहें हैं। रपिोर्ट के मुताबिक इंग्लैंड दौरे पर भी रोहित शर्मा ही कप्तान होंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी अरसे बाद टेस्ट टीम में जगह मिल सकती है। शमी इंजरी के चलते काफी समय तक क्रिकेटिंग एक्शन से दूर रहे थे।

मोहम्मद शमी फिलहाल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए भाग ले रहे हैं। हालांकि उनका प्रदर्शन आईपीएल 2025 में कुछ अच्छा नहीं रहा है। यह इंग्लैंड दौरे के मद्देनजर भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय है। शमी ने मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 9 मैचों में 56.16 के एवरेज और 11.23 की खराब इकोनॉमी रेट से केवल 6 विकेट चटकाए हैं। शमी की लेंथ और लाइन बिगड़ी दिखी है, जिसके चलते वो महंगे साबित हो रहे हैं।



### बुमराह की वापसी तय

*उधर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी इंग्लैंड सीरीज के लिए टीम में वापसी तय मानी जा रही है। बुमराह को इस साल जनवरी में सिडनी टेस्ट के दौरान बैक इंजरी हो गई थी। इसके चलते बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे। हालांकि उन्होंने फिट होकर जबरदस्त वापसी की है। बुमराह ने मौजूदा आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए अब तक 7 मैचों में 11 विकेट झटके हैं।*

### पूर्व क्रिकेटर चोपड़ा चिंतित

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा भी शमी के मौजूदा फॉर्म से चिंतित हैं। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, 'वह अच्छा नहीं लग रहे हैं। ऐसा नहीं है कि वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आए हैं। उन्होंने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया और अब मई शुरू हो चुका है। उन्होंने इसी बीच एक आईसीसी इवेंट खेला है। उन्होंने बहुत सारे मुकाबले खेले हैं।अगर शमी अभी भी अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं और इसका कुछ संबंध चोट से है, तो आगे क्या होगा। हम सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह अकेले थे, शमी नहीं थे। अगर शमी होते तो चीजें काफी अलग होतीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या शमी इंग्लैंड में होंगे।'

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भूमिपूजन कर किया शिलान्यास

# वकीलों के लिये बनेंगे चेम्बर और मल्टी लेवल पार्किंग

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट परिसर में रविवार को यहां मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लॉयर्स चेम्बर और मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जे. के. माहेश्विरी एवं जस्टिस एस. सी. शर्मा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा एवं महाधिवक्ता प्रशांत सिंह मौजूद थे।

इस मौके पर एमपी हाईकोर्ट के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा कि सभी के लिए आज का दिन सौभाग्यशाली दिन है. क्योंकि अधिवक्ताओं के लिए बहुत बड़ी सौगात मिली है. जब यह बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाएगी. तो यह सभी अधिवक्ताओं के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगी. वहीं मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन ने कहा कि लंबे समय से सरकार से मांग की जा रही थी कि हाईकोर्ट में एक ऐसी बिल्डिंग हो जो कि अधिवक्ताओं के बैठने व उनकी गाडिय़ों की पार्किंग की व्यवस्था हो. इसके लिए कार्यकारिणी जब भी चीफ जस्टिस से मुलाकात करते थे, तब मांग की जाती थी.



मध्ययप्रदेश उच्च न्यायालय परिसर के समीप बनने वाले लॉयर्स चेम्बर एवं मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। समारोह में एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमेन राधेलाल गुप्ता, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, हाईकोट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी. के. जैन, मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष आर. के. सिंह सेनी एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल धरमिन्दर सिंह राठौड़ भी उपस्थित थे। इसके पहले समारोह स्थिल पहुंचने पर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

आर्मी मुख्यालय के 2 सौ वर्ष पूर्ण होने पर ध्वज अनावरण समारोह

# राष्ट्र ध्वज सेना की वीरता और शौर्य का प्रतीक

हरिभूमि जबलपुर।

आर्मी मुख्यालय मध्य भारत एरिया के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में गत दिवस जबलपुर कैंट क्षेत्र के शहीद स्मारक चौक पर एक भव्य राष्ट्रीय ध्वज अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सैन्य परंपराओं और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा और ध्वजारोहण के दौरान राष्ट्रीय गान गाया गया। ध्वज अनावरण समारोह में सैन्य अधिकारियों, जेसीओ,जवानों,उपस्थिति रहे। इस अवसर पर जनरल आफिसर कमांडिंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह ध्वज न केवल सेना की वीरता और शौर्य का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता का भी प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने देश के प्रति सशस्त्र बलों की एकता, बलिदान और अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में ध्वज के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक खास तौर पर युवा पीढ़ी को हमारे सैनिकों द्वारा दिए गए बलिदान और समर्पण को सदैव याद रखना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए कि हम अपने जीवन में किसी न किसी रूप में देश की सेवा में अपना योगदान करें। इस दौरान मेजर जनरल (रिटायर्ड) आशिम कोहली, सीईओ, फ्लैग फाउंडेशन आफ इंडिया भी उनके साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सैन्य अधिकारियों ने फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया को इस राष्ट्रीय



ध्वज को जबलपुर कैंट क्षेत्र के नागरिकों को समर्पित करने के लिए धन्यवाद कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कैंट क्षेत्र के शहीद स्मारक के समुचित रख-रखाव के लिए कैंटोनमेंट बोर्ड और स्टेशन सेल के सभी कर्मचारियों की सराहना की।

हाईकोर्ट ने रीवा कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब

# 408 किसानों का पंजीयन निरस्त किये जाने को चुनौती

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका के जरिए रीवा जिले के 408 किसानों को फर्जी मानकर उनका पंजीयन निरस्त किए जाने को चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने इस सिलसिले में रीवा कलेक्टर सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया है। जनहित याचिकाकर्ता भाजपा जिला सहकारिता के पूर्व कोषाध्यक्ष दिनकर प्रसाद द्विवेदी की ओर से पक्ष रखा गया।



दलील दी गई कि रीवा जिले के 408 किसानों को फर्जी बताते हुए समितियों ने उनका पंजीयन निरस्त कर दिया, जिससे वह धान विक्रय करने से वंचित रह गए। जिस पर पंजीयन निरस्त करने वाले संस्थाओं के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर प्रमुख सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण भोपाल एवं आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण भोपाल को शिकायत की गई। जिस पर अपर संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल ने 10 जनवरी, 2025 को रीवा जिले में 408 किसानों के पंजीयन डिलीट करने वाली संस्थाओं पर कार्रवाई के लिये जिला कलेक्टर रीवा को निर्देश दिये। जिस पर जिला आपूर्ति नियंत्रक जिला रीवा ने 17 जनवरी 2025 को उक्त शिकायत की जांच हेतु टीम का गठन किया। जिसमें सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विकासखंड रीवा सहित अन्य को शामिल किया गया। जांच टीम ने अनियमितताएं पाईं और रीवा कलेक्टर ने कम्प्यूटर आपरेटर की सेवा रवि विपणन वर्ष 2025-26 गेहूं उपार्जन से वंचित कर दिया, लेकिन पद से अलग नहीं किया। इसके बाद गेहू उपार्जन हेतु 36 केन्द्र बनाये गये। जिस पर आवेदक की ओर से आवेदन पेश कर रीवा जिले में निरस्त पंजीयन की जांच पूर्ण न करके आपात्र 36 समितियों को गेहूं खरीदी केंद्र बनाए जाने को निरस्त किए जाने की मांग की गई। आवेदक की ओर से कहा गया कि कलेक्टर ने न तो 36 खरीदी केन्द्रों को निरस्त किया और न ही उनके कर्मियों पर कोई कार्यवाही की। जिस पर हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

गठान से कपड़े निकालते महिलाओं की तस्वीर वायरल

# स्टेशन के पार्सल विभाग से कपड़े चोरी

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन में रखे रेडीमेड कपड़ों की गठानें चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है. घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं. लिहाजा स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ कपड़े की गठानों से कपड़े निकालते हुये महिलाएं देखी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, पार्सल ठेकेदार कैलाश ने मुम्बई से रेडीमेड कपड़े मंगवाए थे, जिन्हें स्टेशन के प्लेटफार्म पर अस्थायी रूप से रखा गया था। जब ठेकेदार के कर्मचारी गठानों को उठाने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि एक गठान खुली हुई है और उसमें से कपड़े गायब हैं। घटना की जानकारी तुरंत पार्सल अधीक्षक को दी गई, जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। वीडियो में कुछ महिलाएं गठान से कपड़े निकालती साफ नजर आईं। बताया गया है की लगभग एक लाख रुपये कीमत के कपड़े चोरी हुये हैं. इस आधार पर रेलवे सुरक्षा बल ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और वीडियो में दिख रही संदिग्ध महिलाओं की पहचान करने की



कोशिश में आरपीएफ जुट गई है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब स्टेशन पर पार्सल चोरी की घटना हुई हो। इससे पहले सिंघाड़ा चोरी की कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। कुछ माह पूर्व एक संगठित गिरोह भी सक्रिय था, जो पार्सल से सामान चुराकर ट्रेन में चढ़ जाता था। हालांकि, रेलवे पुलिस की सख्ती के बाद ऐसी घटनाओं में कुछ कमी आई थी।

# कटनी एसपी पर लगे आरोपों की जांच करने मुख्य सचिव को केन्द्र से आया पत्र

**जबलपुर।** कटनी पुलिस अधीक्षक द्वारा जबलपुर के एक अधिवक्ता के साथ की गई अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने के आरोप संबंधी एक शिकायत पर भारत सरकार के अवर सचिव चंदन कुमार ने मध्य प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को 9 अप्रैल को एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है की जबलपुर के जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी अधिवक्ता देवेन्द्र शर्मा द्वारा कटनी पुलिस अधीक्षक द्वारा कथित तौर पर दी गई, जान से मारने की धमकी की शिकायत केन्द्रीय मंत्रीमंडल सचिवालय और राष्ट्रपति भवन को प्राप्त हुई है. लिहाजा अभ्यावेदन की एक प्रति यथोचित कार्यवाही हेतू संलग्न कर प्रेषित की जा रही है. पत्र में कहा गया है की तत्संबंध में राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही से प्रार्थी को सीधे अवगत कराया जाए. पत्र की प्रतिलिपि शिकायतकर्ता अधिवक्ता को भी भेजी गई है. दरअसल अधिवक्ता ने कटनी एसपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति सहित केंद्र सरकार को पत्र प्रेषित किया था। जिस पर राष्ट्रपति भवन, सचिवालय मंत्रिमंडल के अवर सचिव चंदन कुमार द्वारा पत्र क्रमांक फा. स. मि. 1/10/2025. मंत्रि.111 में मुख्य सचिव मप्र सरकार को इस संबंध में यथोचित कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। जयप्रकाश नगर, अधारताल निवासी अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा द्वारा इस संबंध में 27 फरवरी 2025 को पत्र प्रेषित किया गया था जिसमें कटनी के पुलिस अधीक्षक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। पत्र में अपर सचिव द्वारा राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से सीधे प्रार्थी को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices are applicable in Jabalpur. *Terms & Conditions apply.

**अधिकृत डीलरः जबलपुर:** सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), **बालाघाट:** जायसवाल हीरो 9289922572, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **मण्डला:** शुभा हीरो 9289922600, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 9289922377, **रीवा:** बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), **सतना:** स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, **शहडोल:** विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, **कटनी:** हर्ष हीरो 9289923166, **वैढ़न:** कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, **सीधी:** राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **सिवनी:** सुदर्शन हीरो 9821745435, **चौरई:** श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, **एसोशिएट डीलरः पथरिया:** एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, **सेमरिया:** आकाश मोटर्स 9893918358, **अमरवाड़ा:** अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, **ब्योहारी:** श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, **बुढ़हार:** श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, **डिंडोरी:** अवधिया ऑटो 8959777333, **नैनपुर:** स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, **गाडरवाड़ा:** शेखर व्हीकल्स 9425467409, **जुन्नारदेव:** लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, **कोतमा:** सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, **मैहर:** वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, **मउगंज:** सेंगर मोटर्स 9425185568, **लांझी:** श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, **पांडुरना:** जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, **परासिया:** श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, **रामपुर बघेलान:** साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, **रांझी:** गुरुकृपा ऑटो 9424728007, **सिहोरा:** बाईक प्वांट 9826802730, **उमरिया:** गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, **वारासिवनी:** रुसिया मोटर्स 9425822392 , **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, **पृथ्वीपुर:** महावीर एजेंसीज 7000375943, **मुलताई:** शारदा श्री मोटर्स 9522870001, **चितरंगी:** ओम मोटर्स 9685416118, **बरगवां:** बजरंग मोटर्स 9926183734, **बहरी :** श्याम एजेंसी 9981238133, **बरही:** अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, **नागोद:** चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, **देवसर:** श्री राम मोटर्स 9425086868 **अमरपाटन :** रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, **स्लीमनाबाद:** अनिल मोटर्स 9425466101, **रामनगर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, **धनोरा:** भवानी व्हीकल्स 9424950703, **सरई:** यश मोटर्स, 9981718853, **सालीचौका:** अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 8815396340, **दमोह :** इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

LOK | SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240